दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL
# भारत देश हमारा
Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com
करनाल
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी
संपादक - डा.के.के.संधू
प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 8 अंक 199 रविवार 20 जुलाई, 2025 Sunday 20 July , 2025 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## असम से 12 अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजा गया - सीएम हिमंत

नई दिल्ली 19 जुलाई (निस):असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के दो जिलों से 12 अवैध बांग्लादेशियों को उनके देश वापस भेज दिया गया है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार घुसपैठियों पर शिकंजा कसना जारी रखेगी।शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अवैध प्रवासियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही( शेष पृष्ठ दो पर )

# मैं मुख्यमंत्री की प्रगतिशील पहलों का समर्थन करने के लिए आया हूँ-मनोनीत राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष

## विस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ने गर्मजोशी से किया नवनियुक्त राज्यपाल प्रो.असीम कुमार घोष का स्वागत






चंडीगढ़, 19 जुलाई (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मनोनीत राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष आज हरियाणा राजभवन पहुँचे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों ने उनका स्वागत किया।इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. घोष ने कहा कि वे पश्चिम बंगाल से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की प्रगतिशील पहलों को समर्थन और प्रोत्साहन देने आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ मिलकर हरियाणा में समाज के गरीब और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष को धैर्यपूर्वक सुनने और उनके विचारों और दृष्टिकोणों को समझने की भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि मुख्यमंत्री को विपक्ष के विचारों से अवगत कराया जाए। इससे पहले, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ हरियाणा राजभवन में मनोनीत राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष का स्वागत किया।इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा, खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर, मुख्य सचिव श्री( शेष पृष्ठ दो पर )

# सचमुच साफ और निर्मल होगी यमुना,केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजदूगी में बना प्लान

## उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सरकार मिलकर करेगी काम



नई दिल्ली 19 जुलाई (निस): दिल्ली की यमुना नदी को साफ करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नदी को साफ करने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया है। इस अभियान में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली एक साथ मिलकर काम करने वाले है। योजना में दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तीनों राज्यों को शामिल किया गया है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश से आने वाले गंदे पानी और कारखानों के कचरे से दिल्ली में यमुना नदी गंदी होती है। इसलिए, इन राज्यों में भी नदी को साफ करने का काम होगा। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की बैठक में कुछ लक्ष्य तय किए गए हैं। हरियाणा में कारखानों से निकलने वाले गंदे पानी को रोकने को कहा गया है। उन्हें 2026 तक अपने कारखानों में पानी को साफ करने वाले प्लांट लगाना होगा। साथ ही, 17 पुराने एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) को भी सुधारा जाएगा। इतना ही नहीं हरियाणा सरकार गुरुग्राम और फरीदाबाद में नए एसटीपी बनाएगी।वहीं उत्तर प्रदेश में यमुना के किनारे बसे शहरों जैसे आगरा, मथुरा और वृंदावन में सीवेज को साफ करने का काम होगा। इसके लिए नालों को भी बंद कराया जाएगा, ताकि गंदा पानी यमुना में न जाए। उत्तर प्रदेश सरकार एसटीपी के जरिए सीवेज को साफ करेगी इससे यमुना में पानी का बहाव भी बढ़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि यमुना में पानी की मात्रा बढ़ाने के लिए गंगा नदी से भी पानी लाया जाएगा। गंगा और यमुना के पानी को दो नहरों( शेष पृष्ठ दो पर )

## बिक्रम सिंह मजीठिया की न्यायिक हिरासत 2 अगस्त तक बढ़ी



चड़ीगढ़ 19 जुलाई (निस): पंजाब के मोहाली की एक अदालत ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। शनिवार को 14 दिन की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया था। वह वर्तमान में पटियाला की नई नाभा जेल में बंद हैं और अब उन्हें 2 अगस्त को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। इससे पहले 6 जुलाई को, चार दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद अदालत ने मजीठिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। विजिलेंस ब्यूरो ने मजीठिया को 25 जून को उनके अमृतसर स्थित घर से गिरफ्तार किया था और अगले दिन मोहाली ले जाया गया। अदालत ने 26 जून को उन्हें सात दिन की विजिलेंस ब्यूरो रिमांड पर भेजा था, जिसे 2 जुलाई को चार दिन के लिए और बढ़ा दिया गया।( शेष पृष्ठ दो पर )

# लोकसभा अध्यक्ष ने कोरिया के पूर्व प्रधानमंत्री से मुलाकात में भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया



नई दिल्ली 19 जुलाई (निस): लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन में कोरिया गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री श्री किम बू क्यूम के नेतृत्व वाले एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान भारत की आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की अटूट नीति को दोहराया। श्री बिरला ने जम्मू-कश्मीर में हुए हालिया आतंकवादी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे, की कड़ी निंदा की और कहा कि इस प्रकार की जघन्य घटनाएं अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अंतरात्मा को झकझोर देती हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा अपनी धरती पर मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई न करने के कारण, भारत ने अपनी संप्रभुता का प्रयोग करते हुए जवाब( शेष पृष्ठ दो पर )

## 'किंग' की शूटिंग के दौरान घायल हुए शाहरुख, इलाज के लिए अमेरिका गए

मुंबई, 19 जुलाई (निस) बॉलीवुड अभिनेत शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं। यह हादसा मुंबई के गोल्डन टोबैको स्टूडियो में एक एक्शन सीक्वेंस के दौरान हुआ। चोट लगने के बाद उन्हें इलाज के लिए अमेरिका ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने फिलहाल एक महीने का आराम करने की सलाह दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कोई गंभीर चोट नहीं है, बल्कि मांसपेशियों में खिंचाव या सामान्य स्ट्रेन है। सूत्र ने बताया, यह पहली बार नहीं है जब शाहरुख को एक्शन सीन( शेष पृष्ठ दो पर )

## दर्दनाक हादसा:अनियंत्रित कार पीछे से ट्रक में घुसी, 6 लोगों की मौत




मथुरा 19 जुलाई (निस): ईको कार चालक नोएडा से सात सवारियां लेकर एक्सप्रेस वे से आगरा की ओर जा रहा था। थाना बलदेव क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 141 के समीप अनियंत्रित कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस घटना में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई और दो महिला घायल हैं। मृतकों में पिता और दो पुत्र भी शामिल हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराए गया हैं। इस घटना में धर्मवीर पुत्र जवर सिंह, निवासी ग्राम हरलालपुरा, थाना बासोनी, तहसील बाह, जिला आगरा, उनके दो पुत्र रोहित और आर्यन, दलवीर उर्फ छुल्ले और पारस सिंह तोमर पुत्रगण विश्वनाथ सिंह, निवासीगण ग्राम बढ़पुरा हुसैद, थाना महोबा, जिला मुरैना मध्य प्रदेश तथा रोहित के दोस्त (नाम पता अज्ञात) की मौत हो गई। इस घटना में सोनी पत्नी धर्मवीर और पायल पुत्री धर्मवीर निवासीगण हलालपुर थाना बासोनी जिला आगरा( शेष पृष्ठ दो पर )

# पीएम पर बरसे खड़गे,कहा-42 देश घूम आए लेकिन मणिपुर नहीं जा रहे



नई दिल्ली 19 जुलाई (निस) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कर्नाटक के मैसूरु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मणिपुर में जारी जातीय हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पीएम मोदी 42 देशों का दौरा कर चुके हैं, लेकिन एक बार भी मणिपुर नहीं गए।मणिपुर हिंसा पर केंद्र सरकार को घेरा-खरगे ने मणिपुर में एक साल से ज्यादा समय से चल रही हिंसा और अस्थिरता पर चिंता जताई और कहा कि प्रधानमंत्री ने कभी वहां जाकर लोगों का दुख साझा करना जरूरी नहीं समझा। उन्होंने सवाल किया, 42 देशों में घूम आए, मगर मणिपुर जाना जरूरी नहीं समझा। क्या मणिपुर भारत का हिस्सा नहीं है? गौरतलब है कि पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में पिछले वर्ष से लगातार जातीय हिंसा जारी है, जिस पर केंद्र सरकार की निष्क्रियता को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है। संविधान बदलने की कोशिश का आरोप-खरगे ने भारतीय जनता( शेष पृष्ठ दो पर )

## फिर आई एयर इंडिया के विमान में खराबी, उड़ान भरते ही वापस की लैंडिंग

हैदराबाद 19 जुलाई (निस): हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से थाइलैंड के फुकेट के लिए शनिवार सुबह रवाना हुई एयर इंडिया का एक विमान तकनीकी कारणों से उड़ान भरने के थोड़ी ही देर बाद वापस लौट आया। फ्लाइट संख्या आईएक्स110 सुबह 6.40 बजे हैदराबाद से रवाना हुई थी, जो तय समय से करीब 20 मिनट की देरी में थी। यह विमान फुकेट में सुबह 11.45 बजे लैंड होना था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद वापस हैदराबाद लौट आया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विमान ने उड़ान तो भरी, लेकिन बहुत दूर नहीं जा सका और हैदराबाद में वापस सुरक्षित लैंडिंग की। हालांकि, इस समय तक एयरलाइन या एयरपोर्ट अधिकारियों की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है कि विमान को वापस क्यों लौटाया गया। यह एक बोइंग 737 मैक्स 8 विमान था। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल के दिनों में भारत में उड़ानों से जुड़ी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसी सप्ताह दिल्ली से इम्फाल जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-5118 में तकनीकी खराबी( शेष पृष्ठ दो पर )

# दो दिवसीय यात्रा पर पीएम मोदी जाएंगे ब्रिटेन, दोनों व्यापार समझौता करेंगे बात



नई दिल्ली 19 जुलाई (निस): पीएम नरेंद्र मोदी के इस माह ब्रिटेन जा सकते हैं। उनके 23-24 जुलाई को यूके जाने की संभावना है। पीएम मोदी की इस यात्रा में भारत और यूके के बीच व्यापार समझौता हो सकता है। दोनों देश सुरक्षा संबंधों को और मजबूत करने पर भी बात कर सकते हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब टैरिफ को लेकर अमेरिका और खासकर ट्रंप लगातार धमकाने में लगे हैं, तो पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा की अहमियत और बढ़ जाती है। मई में भारत और यूके आपस में एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए थे। इससे भारत के 99 फीसदी निर्यात पर लगने वाले टैक्स कम हो जाएंगे। वहीं यूके की कंपनियां आसानी से व्हिसकी, कारें और अन्य सामान भारत में बेच सकेंगी। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि इस समझौते को लागू होने में करीब एक साल लग सकता है। पीएम मोदी ने इन समझौतों को( शेष पृष्ठ दो पर )

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में तेज़ी से हो रहा सर्वांगीण विकास - मुख्यमंत्री

## आज देश में वंशवाद से नहीं, बल्कि परिश्रम से तय होता है जनसेवक - नायब सिंह सैनी

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तीव्र गति से विकास की राह पर अग्रसर - दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता







चंडीगढ़, 19 जुलाई (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार राज्य में तेज गति से विकास के काम कर रही है। जनता ने तीसरी बार हमारी सरकार पर जो विश्वास जताया है, हम उस विश्वास पर खरा उतरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारी सरकार प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास , सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है।मुख्यमंत्री आज जुलाना विधानसभा के गांव नन्दगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता भी उपस्थित रही। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें( शेष पृष्ठ दो पर )

# दिल्ली में बारिश से मौसम सुहावना, पंजाब हरियाणा में आज तेज बारिश के आसार



नई दिल्ली 19 जुलाई (निस) राजधानी दिल्ली व एनसीआर में हलकी से तेज बारिश कारण तापमान गिर गया व मौसम सुहावना हो गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। इस के अलावा मौसम विभाग के अनुसार पंजाब हरियाणा में रविवार को तेज बारिश के आसार बने हुए हैं कई इलाकों में आज भी बारिश हुई।

**दिल्ली एनसीबार**-राजधानी दिल्ली में शनिवार को भी मौसम शुक्रवार जैसा मौसम रहा सुबह की शुरुआत हल्की धूप और सुहावने मौसम के साथ हुई, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, तेज़ धूप और बढ़ती उमस लोगों को परेशान कर सकती है। मौसम विभाग ने शनिवार को कोई खास बारिश का अलर्ट तो जारी नहीं किया है, लेकिन कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। सुबह मिली राहत, दोपहर में उमस का असर-शनिवार सुबह दिल्ली में हल्की धूप और ठंडी हवाओं से मौसम थोड़ा राहतभरा महसूस हुआ। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि दोपहर तक सूरज तेज़ हो जाएगा और हवा में नमी के कारण उमस बढ़ेगी। अगर मौसम ने करवट ली, तो कुछ इलाकों में तेज़ हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है।पिछले 24 घंटों में इन इलाकों में हुई बारिश-दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार रात से हल्की बारिश होती रही। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में 14.1 मिमी, पालम में 20 मिमी, लोदी रोड में 16.2 मिमी, रिज में 16 मिमी, आया नगर में 10.6 मिमी, राजघाट में 16.1 मिमी, पूसा और नजफगढ़ में सबसे ज़्यादा 20.5 मिमी, मयूर विहार में 1.5 मिमी, गुरुग्राम में 9 मिमी और नोएडा में 8 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बारिश और ठंडी हवाओं से गर्मी से थोड़ी राहत मिली, लेकिन उमस बरकरार रही। तापमान का हाल-दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

### सचमुच साफ और निर्मल होगी यमुना,केंद्रीय गृहमंत्री अमित ...

के ज़रिए यमुना में डाला जाएगा। मामले से जुड़े अधिकारी ने कहा, दिल्ली में यमुना को साफ करना सिर्फ दिल्ली का काम नहीं है, यह तीनों राज्यों की जिम्मेदारी है। जब तीनों राज्य मिलकर काम करने को तैयार है। तभी यमुना सच में साफ हो पाएगी। ये फैसले गृहमंत्री शाह, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा और केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान लिए गए। बैठक में शाह ने कहा कि दिल्ली सरकार को कारखानों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यमुना में पानी का बहाव बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से बात करनी होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि ओखला एसटीपी से साफ पानी को नदी में छोड़ना चाहिए, जिससे पानी की गुणवत्ता सुधरेगी। शाह ने दिल्ली में पानी की सप्लाई का सर्वे करने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बोरवेल से बहुत पानी निकाला जा रहा है, जो कि एक बड़ी समस्या है। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड को इस पर एक योजना बनाने का आदेश दिया है।

### असम से 12 अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजा

... है। 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया और कछार एवं श्रीभूमि के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।''पुलिस कार्रवाई की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ''हम घुसपैठियों पर कोई रहम नहीं करेंगे और अपना कड़ा रुख जारी रखेंगे।'' असम पुलिस ने बिना वैध दस्तावेज के रह रहे अवैध प्रवासियों, खासकर बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ राज्यव्यापी कार्रवाई शुरू की है। शर्मा ने पहले कहा था कि पिछले कुछ महीनों में लगभग 350 घुसपैठियों को बांग्लादेश वापस भेजा गया है।

### बिक्रम सिंह मजीठिया की न्यायिक हिरासत 2

... इस रिमांड के दौरान, अकाली नेता को सराया इंडस्ट्रीज से जुड़े सबूत जुटाने के लिए गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) और दिल्ली भी ले जाया गया था। मजीठिया (49) ने 1 जुलाई को संपत्ति मामले के खिलाफ पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया था, क्योंकि वह आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की नीतियों के खिलाफ मुखर रहे हैं।

### मैं मुख्यमंत्री की प्रगतिशील पहलों का समर्थन करने के लिए...

अनुराग रस्तोगी सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में श्री बंडारू दत्तात्रेय का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रो. अशीम कुमार घोष को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया है।

**विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गर्मजोशी से किया नवनियुक्त राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष का स्वागत**

हरियाणा के नवनियुक्त राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष का आज चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा अनेक मंत्रियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।राज्यपाल प्रो. घोष के आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक शिष्टाचार निभाया गया। इसके बाद हरियाणा राज भवन में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रो. असीम कुमार घोष एक अनुभवी नेतृत्वकर्ता हैं। हरियाणा जैसे प्रगतिशील राज्य को उनकी कर्मठता, दूरदर्शिता और प्रशासनिक सूझबूझ का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के अनेक मंत्री, कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।


**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**



**कृष्ण कुमार सन्धु, सम्पादक, पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )**
**PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227**


### फिर आई एयर इंडिया के विमान में खराबी, उड़ान ....

आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद उसे लौटना पड़ा था। तकनीकी जांच के बाद विमान दोबारा दोपहर 12.30 बजे रवाना हुआ और 2.53 बजे इम्फाल पहुंचा, जो उसके निर्धारित समय 1.10 बजे से काफी देरी से था। इससे पहले 19 जून को दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को उड़ान भरने के करीब दो घंटे बाद तकनीकी खराबी के चलते दिल्ली लौटना पड़ा था।बता दें 6 मई को बैंकॉक से मास्को जा रही एअरोफ्लोट की फ्लाइट एसयू273 को दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी, जब विमान के केबिन में धुएं जैसी गंध महसूस की गई थी। अप्रैल में जेद्दाह से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट को संदिग्ध टायर पंचर की आशंका के चलते दिल्ली में आपात लैंडिंग करानी पड़ी थी। उस समय विमान में 404 यात्री सवार थे, और उनको सुरक्षित उतार लिया गया था।

### दर्दनाक हादसा:अनियंत्रित कार पीछे से ट्रक ...

घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस और टोल टीम ने काफी मशक्कत के बाद कार से लोगों को निकाला। इनमें छह की मौत हो गई जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि आशंका है कि कार चालक को नींद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर कार ट्रक के पीछे जा भिड़ी। मृतकों में तीन आगरा जिले के हैं, दो मध्य प्रदेश के हैं और एक की अभी शिनाख्त नहीं हुई है।

### दो दिवसीय यात्रा पर पीएम मोदी जाएंगे ब्रिटेन, दोनों ...

एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया था। पीएम मोदी का यह ब्रिटेन दौरा उस समय होने वाला है, जब ट्रंप और नाटो चीफ मार्क रुटे ने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत को धमकाने और 100 फीसदी द्वितीय प्रतिबंधों की चेतावनी दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने नाटो प्रमुख से कहा है कि भारत को अपनी प्राथमिकता पता है और वह पहले अपनी जरुरतों पर ही ध्यान देगा। इस वजह से अगर ऐसे समय में पीएम मोदी ब्रिटेन जा रहे हैं तो यह और भी अहम है, क्योंकि वह अमेरिका का भी पुराना सहयोगी है और नाटो का भी एक अहम किरदार है। ब्रिटेन से पीएम मोदी 25-26 जुलाई को मालदीव जाएंगे। वहां वह राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। मालदीव में उनका दौरा दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करेगा। भारत और मालदीव के बीच दोस्ती हमेशा से मजबूत रही है। यह दौरा इस दोस्ती को और भी गहरा करेगा। पीएम मोदी का मालदीव जाना चीन की वजह से बहुत खास है। पिछले कुछ समय में चीन ने भारत के इस सबसे करीबी पड़ोसी पर संदिग्ध नजर डालने की कोशिश की थी। ऐसे में पीएम मोदी का खुद वहां के राष्ट्रीय दिवस पर मौजूद रहना, ड्रैगन को भी सीधा संदेश हो सकता है।

### पीएम पर बरसे खड़गे,कहा-42 देश घूम आए लेकिन ...

पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर संविधान को बदलने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, बीजेपी और आरएसएस संविधान बदलना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता उन्हें ऐसा करने नहीं देगी। उन्होंने लोगों से संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रहने की अपील भी की। कांग्रेस बनाम बीजेपी- काम बनाम बातें-कांग्रेस अध्यक्ष ने कांग्रेस और भाजपा की कार्यशैली की तुलना करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी में लोग काम करते हैं, जबकि मोदी की बीजेपी में लोग सिर्फ बातें करते हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस हमेशा जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देती है और विकास को केंद्र में रखती है।

**कर्नाटक सरकार पर लगाए गए आरोपों का खंडन**-कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर वित्तीय संकट के आरोपों को खारिज करते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा का यह दावा पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा, बीजेपी कहती है कि कर्नाटक सरकार कंगाल हो गई है, लेकिन यह सरासर झूठ है। सिद्धारमैया सरकार राज्य को बेहतर दिशा में ले जा रही है।

### दिल्ली में बारिश से मौसम सुहावना, पंजाब हरियाणा ...

तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.6 डिग्री कम था।

**आगे कैसा रहेगा मौसम?** - मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, 20 से 24 जुलाई तक राजधानी में रुक-रुक कर हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 33 से 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

### 'किंग' की शूटिंग के दौरान घायल हुए शाहरुख...

करते समय चोट लगी हो। वे पहले भी कई बार ऐसी मांसपेशियों से जुड़ी चोटों का सामना कर चुके हैं। चोट और इलाज की वजह से 'किंग' की शूटिंग को फिलहाल सितंबर या अक्टूबर तक के लिए टाला गया है। जुलाई-अगस्त के जो शेड्यूल पहले से तय थे, उन्हें रद्द किया गया है। शूटिंग के लिए फिल्म सिटी, वॉयआरएफ स्टूडियो और गोल्डन टोबैको स्टूडियो बुक किए गए थे, लेकिन अब पूरी टीम नई तारीखों का इंतजार कर रही है। इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'किंग' का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। फिल्म में शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी और अनिल कपूर नजर आएंगे। शूटिंग भारत के अलावा यूरोप के लोकेशनों पर भी की जाएगी।

### लोकसभा अध्यक्ष ने कोरिया के पूर्व प्रधानमंत्री से मुलाकात ...

दिया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी, जिसके तहत भारत की प्रतिक्रिया संतुलित, उकसावे से रहित और केवल आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने तथा खतरों को समाप्त करने पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू किया जा रहा है, जिसके लिए सशक्त कानून और सक्षम संस्थाएं कार्यरत हैं। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में कोरिया से निरंतर समर्थन की आशा व्यक्त की। श्री बिड़ला ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने और हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना पर संवेदना संदेश भेजने के लिए कोरियाई राष्ट्रीय विधानसभा के अध्यक्ष को धन्यवाद दिया।श्री बिरला ने कोरिया की जनता को हाल ही में सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव के सफल आयोजन पर बधाई दी और भारतीय संसद की ओर से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्री ली जे-म्युंग को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति ली के नेतृत्व में भारत-कोरिया संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे, विशेष रूप से इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वे पहले कोरिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष रह चुके हैं। कोरियाई लोकतंत्र की मजबूती को रेखांकित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति इस साझा प्रतिबद्धता को अत्यंत महत्व देता है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों की संसदें अपनी-अपनी जनता की आकांक्षाओं और विविधता को प्रतिबिंबित करती हैं।

# मुंबई से लद्दाख होते हुए केदारनाथ तक की यात्रा

## स्वच्छता का संदेश लेकर निकले सॉफ्टवेयर इंजीनियर आदेश गुप्ता, रायपुररानी में प्राचीन शिव मंदिर कमेटी ने किया स्वागत




रायपुररानी, 19 जुलाई (देवेन्द्र सिंह) : 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर आदेश गुप्ता निवासी मुंबई एक बेहद खास यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने मुंबई से लद्दाख और फिर केदारनाथ तक के सफर को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्थाओं को महसूस करना है, बल्कि स्वच्छ भारत-स्वच्छ रोड के संदेश को भी जन-जन तक पहुँचाना है। यात्रा के 36वें दिन आदेश गुप्ता रायपुररानी पहुंचे, जहां उन्हें प्राचीन शिव मंदिर कमेटी द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी ने आदेश गुप्ता को भगवा अंग-वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अपने इस सफर में आदेश गुप्ता लगातार लोगों से अपील कर रहे है कि वे सड़क पर कचरा न फेंके, क्योंकि साफ-सफाई हम सभी की जिम्मेदारी है। उनका मानना है कि जब तक समाज जागरूक नहीं होगा, तब तक स्वच्छता की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सकते। इस विशेष यात्रा में आदेश गुप्ता न केवल धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना करेंगे, बल्कि स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम भी करेंगे। जानकारी देते हुए आदेश गुप्ता ने कहा कि हमारा देश तभी स्वच्छ बन सकता है, जब हर व्यक्ति इसे अपनी जिम्मेदारी समझे और सफाई को अपनी आदत बना ले। यात्रा के दौरान आदेश गुप्ता द्वारा किए जा रहे इस पहल ने स्थानीय समुदाय में भी सकारात्मक प्रभाव डाला है। जबकि प्राचीन शिव मंदिर कमेटी के सदस्य तरसेम लाल गुप्ता, धर्मपाल बारी, जोगिंदर सैनी, चरणजीत, राकेश बंसल, ललित मोहन, प्रवेश धानक, सतीश ने बताया कि आदेश गुप्ता का यह कदम न केवल धार्मिक यात्रा है, बल्कि यह सामाजिक उत्तरदायित्व की ओर एक अहम कदम है। हमें गर्व है कि उनकी यात्रा ने रायपुररानी में एक सकारात्मक संदेश दिया।

### सीएचसी नानकपुर में नशा मुक्त और मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कैंप का आयोजन



पिंजौर, 19 जुलाई (अजीत सिंह/अख्तर फ़ारूक़ी) : नशा मुक्त और हिंसा मुक्त मेरा गांव, मेरी शान अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नानकपुर में एक विशेष मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप की अध्यक्षता एसएमओ डॉ. मनीष गर्ग ने की। इस अवसर पर जिला अस्पताल पंचकूला के मनोचिकित्सक विशेषज्ञ डॉ. एम. पी. शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की, वहीं क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। डॉ. मनीष गर्ग ने बताया कि नानकपुर क्षेत्र हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है, जहां बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर रहते हैं। जिसमें काफी लोग नाश भी करते है। इस कैंप का उद्देश्य ऐसे लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना, नशे से बचने के उपाय बताना और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देना था। कैंप के दौरान नशे से बचाव, उपचार मुफ्त दवाइयां देकर विस्तार से समझाया गया।उन्होंने बताया कि इस कैम्प में लोगों को मानसिक स्वास्थ्य सबंधित उचित सलाह दी गई और मुफ्त दवाईयां वितरित की गई। इसके साथ लोगो को योग आसन भी सिखाये गए।

### भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा दंत जांच शिविर का किया आयोजन




लाडवा, 19 जुलाई (रामगोपाल) : भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा एक निजी स्कूल में दांतों की जांच का निशुल्क शिविर लगाया गया। सचिव संजीव मंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में 390 बच्चों तथा स्टाफ सदस्यों के दांतों की जांच की गई। जिसमें से 135 बच्चों के दांतों में कैविटी की समस्या पाई गई। एम एम डेंटल कॉलेज मुलाना से डॉक्टर साइमा अली एवं उनकी टीम ने सभी बच्चों के दांतों की बारीकी से जांच की तथा उन्हें अपने दांतों को स्वस्थ तथा निरोगी रखने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि दांतों की बीमारी की वजह से अनेक बीमारियां जन्म लेती हैं। हमें अपने दांतों को प्रतिदिन 2 बार अच्छे से ब्रश करना चाहिए जिससे हमारे दांत खराब होने से बच सकते हैं। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अमन गोयल ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा समय समय पर इस प्रकार के कैंप लगाए जाते है ताकि बच्चों को अपने समस्या का पता लग सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ भारत का निर्माण करता है। स्कूल प्रधानाचार्य ने डॉक्टर की टीम का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया तथा इस शिविर के आयोजन के लिए परिषद के सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद लाडवा के सदस्य मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में तेज़ी से हो रहा सर्वांगीण ...

जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बनी पहली बार 22 जनवरी 2015 को पानीपत की ऐतिहासिक भूमि पर आए थे और उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ देशव्यापी अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बेटियों को सशक्त और मजबूत करने का काम हरियाणा में गति से हुआ है।

**आज देश में वंशवाद से नहीं, बल्कि परिश्रम से तय होता है जनसेवक** - उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा के एक छोटे से गांव नन?दगढ़ में जन्मी बेटी श्रीमती रेखा गुप्ता को प्रधानमंत्री ने दिल्ली की जिम्मेदारी देने का काम किया है। आप इसी तरह जनसेवा और राष्ट्रसेवा में काम करती रहें और दिल्ली को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री की राजनीतिक जीवन यात्रा हमें बताती है कि भारत आज बदल रहा है और नन?दगढ़ जैसे छोटे से गांव में जन्मी और दिल्ली जैसे महानगर की मुख्यमंत्री बन जाती है। यहाँ न केवल महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है बल्कि पूरे देश को एक संदेश देती है कि अब भारत के अवसर वंशवाद से नहीं, बल्कि परिश्रम से जनसेवक तय होते हैं।

**वर्ष 2014 से अब तक जुलाना विधानसभा क्षेत्र में हुए 20,433 करोड़ रुपये के विकास कार्य** - मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक हमारी सरकार ने जुलाना विधानसभा क्षेत्र में 20,433 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं, जबकि कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों में केवल 202 करोड़ रुपये के काम ही हुए थे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जुलाना विधानसभा क्षेत्र के लिए 88 घोषणाएं की हैं। इनमें से 85 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं तथा 2 पर काम जारी है। इसके अलावा जींद जिले के लिए कुल 628 घोषणाएं की हैं। इनमें से 541 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं। शेष पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि जींद का विकास अब दो गुना गति से नहीं बल्कि तीन गुना गति से करना हमारी सरकार का संकल्प है।उन्होंने विकासात्मक परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अम्बाला कोटपुतली ग्रीनफील्ड कॉरिडोर-एन.एच. 152-डी 10,646 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया। जींद-गोहाना-सोनीपत एन.एच.-352-ए को 2,300 करोड़ रुपये की लागत से चारमार्गी बनाया गया। अम्बाला-हिसार वाया कैथल राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर-10 फोर लेन का निर्माण 1,200 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के जींद-हरियाणा-पंजाब सीमा तक चारमार्गी सड़क का निर्माण 959 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। जींद के हैबतपुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज 945 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन है। पांडु पिंडारा गांव के पास नए बस अड्डे का निर्माण 32 करोड़ रुपये की लागत से किया गया।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तीव्र गति से विकास की राह पर अग्रसर - दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता**

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा तीव्र गति से विकास की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना, विकसित हरियाणा और विकसित दिल्ली के माध्यम से ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में सड़क नेटवर्क सुदृढ़ हुआ है और लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा इसी गति से विकास के मामले में नित नई ऊंचाइयां छुएगा। श्रीमती रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा दल है जो साधारण परिवार की बेटी को मुख्यमंत्री बनाकर लोकतंत्र की सच्ची मिसाल पेश करता है। उन्होंने कहा कि उनका नन्दगढ़ गांव से गहरा नाता है, क्योंकि ये उनकी जन्मभूमि है और जब-जब उन्होंने चुनाव लड़ा तो हरियाणा के लोगों ने उनका भरपूर सहयोग किया।उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा इस क्षेत्र की जनता को 16 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत की विकास परियोजनाओं की सौगात दी गई है। इनमें, 7 लाख 91 हजार रुपये की लागत से ई-लाइब्रेरी की स्थापना, 10 लाख 87 हजार रुपये से इंडोर जिम, 2 करोड़ 34 लाख रुपये से सुंदर सब ब्रांच का पुनर्निर्माण, 90 लाख 56 हजार रुपये से राजगढ से झमोला सड़क का निर्माण, 1 करोड 77 लाख रुपये से खरैंटी से झमोला तक सड़क का निर्माण, 5 करोड़ 32 लाख रुपये से निडाना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, 5 करोड़ 72 लाख रुपये से किनाना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण और 55 लाख 50 हजार रुपये की लागत से नन्दगढ़ गांव में उप-स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शामिल है।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन सरकार ने विकास कार्यों को दी तेज गति, हर वर्ग को मिल रहा लाभ - कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी**

कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाएं पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ आमजन तक पहुंच रही हैं। ट्रिपल इंजन की सरकार ने विकास कार्यों को तेज गति दी है, जिससे हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।उन्होंने कहा कि आज का दिन जुलाना ही नहीं, पूरे जींद जिले के लिए गर्व का क्षण है, जब दिल्ली की मुख्यमंत्री और हरियाणा की बेटी श्रीमती रेखा गुप्ता यहां पधारी हैं। उन्होंने श्रीमती रेखा गुप्ता को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे केवल दिल्ली की कर्मठ नेता ही नहीं, बल्कि हरियाणा की अस्मिता और गौरव का प्रतीक भी हैं। उनका आत्मबल और सेवा भावना आज नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। आने वाले समय में श्रीमती रेखा गुप्ता देश की राजनीति में नई ऊंचाइयों को छुएंगी।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 24 घंटे जनता की सेवा में समर्पित - डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा**

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली, सहजता और जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी मुख्यमंत्री आत्मविश्वास और मुस्कान के साथ 24 घंटे जनता की सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि दिल्ली को अब भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से मुक्ति मिलेगी।डॉ. मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना को एक ऐतिहासिक कदम बताया जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इलाज की चिंता से राहत मिली है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा और मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे जनता के लिए 24 घंटे खुले हैं।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जुलाना को दी विकास परियोजनाओं की सौगात - मोहन लाल कौशिक**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक ने कहा कि आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने जुलाना क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को एक ऐतिहासिक तोहफा दिया है। इसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में नगरपालिका चुनावों में जुलाना क्षेत्र की जनता ने भाजपा को समर्थन देकर कमल खिलाया है, जो मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की नीतियों और उनके नेतृत्व पर जनविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री ने हरियाणा के कोने-कोने में विकास की लहर चलाई है, उसी प्रकार से दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने भी 100 दिनों में दिल्ली में उल्लेखनीय कार्य कर जनता का विश्वास जीता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस क्षेत्र में औद्योगिक इकाई का गठन करके नए रोजगार के अवसर देने का काम करें जिससे इस जुलाना विधानसभा का विकास तेज गति से हो। इस मौके पर विधायक श्री रामकुमार गौतम, श्री देवेंद्र अत्री और श्री रणधीर पनिहार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# सेंट विवेकानंद मिलेनियम के एनएसएस स्वयंसेवकों ने बांटी हरियाली की सौगात




पिंजौर, 19 जुलाई ( अजीत सिंह/अख्तर फ़ारूकी ) : जैसे ही मानसून की फुहारों ने धरती को भिगोया, वैसे ही सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, पिंजौर के एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रकृति संरक्षण तथा पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश देकर जनमानस को जागरूक किया। वन महोत्सव-वृक्षों के उत्सवकी भावना को साकार करते हुए स्वयंसेवकों द्वारा बीज बॉल वितरण एवं वृक्षारोपण जागरूकता अभियान का आयोजन टोल प्लाजा, चंडीमंदिर क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया, बल्कि पर्यावरण के प्रति गहरी संवेदनशीलता और जोश से परिपूर्ण होकर यात्रियों को बीज बॉल वितरित किए जो जीवन, वृद्धिपर्यावरण-अनुकूल भविष्य के प्रतीक हैं। यह बीज बॉल विभिन्न प्रकार के बीजों से विद्यालय द्वारा ही तैयार किए गए, जिन्हें पहाड़ों पर जाने वाले यात्री तथा स्थानीय नागरिक स्थान- स्थान पर गिरा कर प्रकृति को हरा-भरा रखने में सहयोग दे सकते हैं। स्वयंसेवक कक्षा ग्यारहवीं के नैतिक धीमान ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया, यह हमारे लिए एक सीखने वाला और प्रेरणादायक अनुभव था। जब हमने राहगीरों को बीज बॉल्स दिए और उन्हें वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया, तो लगा कि हम वास्तव में समाज और पर्यावरण के लिए कुछ सकारात्मक कर रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीयूष पुंज ने स्वयंसेवकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा, बच्चों द्वारा उठाया गया यह कदम पर्यावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है और समाज के लिए प्रेरणास्पद है। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य सुनिश्चित करना था। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों ने हरित भारत की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया। विद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रकृति संरक्षण हेतु इस प्रकार की गतिविधियां करवाई जाती हैं, जिसके लिए इस वर्ष भी संयुक्त राष्ट्र के ग्रीन मेंटर्स द्वारा नेशनल ग्रीन स्कूल रैंकिंग में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान विद्यालय के पर्यावरणीय प्रयासों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी का प्रमाण है कार्यक्रम का समापन इस गूंजते हुए संकल्प के साथ हुआ —एक पेड़ माँ के नाम–माँ ने जीवन दिया, अब धरती को जीवन दें।

## हथिया गांव में फ्री हेल्थ कैंप आयोजित, 32 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

मोरनी, 19 जुलाई ( अरुण वर्मा ) : आयुष्मान आरोग्य मंदिर ठंडोग



डिस्पेंसरी की ओर से डॉ सवेता तंवर के नेतृत्व में हथिया गांव में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य कैंप में कुल 32 ग्रामीणों ने अपनी जांच करवाई। डॉ सवेता ने सभी लोगों को बरसात के मौसम में होने वाली आम बीमारियों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मौसम में दूषित पानी और भारी भोजन से बचना चाहिए। लोगों को पानी उबालकर पीने, पर्याप्त नींद लेने और हल्का व पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि हथिया गांव में बीपी, शुगर और त्वचा रोग जैसी बीमारियां अधिक देखने को मिल रही हैं, जिनसे बचाव के लिए नियमित जांच और सावधानी जरूरी है। डॉ सवेता ने सभी ग्रामीणों को यह भी बताया कि ठंडोग डिस्पेंसरी में कार्यदिवसों के दौरान किसी भी बीमारी की जांच और उपचार की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है, और आवश्यक दवाइयां भी फ्री में दी जाती हैं। इस अवसर पर फार्मेसिस्ट निर्मल सिंह, ऊषा देवी, ध्यान सिंह, भूपेंद्र सिंह हथिया, बहादुर सिंह, हीरा सिंह, बलदेव सिंह, भीम सिंह, कमल सिंह, अंजना देवी, रक्षा देवी, खीमा देवी, प्रेमी देवी, रीता देवी, हुकम सिंह, कुंदन सिंह, खजान सिंह, प्रोमिला देवी, अमित ठाकुर सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य कैंप को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करवाने की मांग की।

## हरिद्वार से पैदल कांवड़ लाने के लिए एकमात्र महिला ने उठाई चुनौती, उषा रानी का साहसिक कदम

रायपुररानी, 19 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ) : रायपुररानी की निवासी उषा



रानी पत्नी अनील सैनी ने हरिद्वार से रायपुररानी तक की पैदल कावड़ यात्रा शुरू कर दी है। यह यात्रा शिव नगरी हरिद्वार से शुरू होकर रायपुररानी के सरकारी स्कूल के सामने स्थित शिव मंदिर में समाप्त होगी। उषा रानी का यह साहसिक कदम समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है। अपनी यात्रा के दौरान उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन संकल्प और भक्ति के बल पर उन्हें विश्वास है कि वे यह यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करेंगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी उषा रानी ने कांवड़ यात्रा की थी, और इस बार भी वे पूरे उत्साह के साथ भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर यात्रा पर निकली हैं।

## श्याम कुटीर संघ का हरिद्वार में तीन दिवसीय भंडारा जारी



हिसार, 19 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) : श्री श्याम कुटीर संघ हिसार द्वारा हरिद्वार में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन, भूपतवाला में लगातार 10 वर्षों से आयोजित तीन दिवसीय भंडारा जारी है। आज दूसरे दिन भी सैंकड़ों लोगों ने कढ़ी-चावल का प्रसाद ग्रहण किया। याद रहे 17 जुलाई को अग्रसेन भवन, हिसार से खाद्य सामग्री से भरा ट्रक अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी खारियावाला ने झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिये रवाना किया था। भंडारे में सेवा करने के लिये संघ के संरक्षक एन.के.गोयल, प्रधान अभिमन्यु बंसल, अनिल तनेजा, धर्मेन्द्र कुमार, सुभाष कालरा, जगदीश, श्यामलाल, अनिल बंसल, सानवी, सिमरण आदि लगे हुए हैं। भंडारा 20 जुलाई को भी जारी रहेगा।

# रायपुररानी में पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन की बैठक आयोजित कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार को चेतावनी



रायपुररानी, 19 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ) : ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन मुख्यालय करनाल से संबद्ध हरियाणा कर्मचारी महासंघ परिमंडल की एक विशेष बैठक रायपुररानी के उपमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने की, जबकि संचालन प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चड्ढा ने किया। बैठक के दौरान यमुनानगर, पंचकूला और अंबाला से जुड़े प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य और शाखा स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों ने स्थानीय और परिमंडल स्तर की विभिन्न समस्याओं को खुले तौर पर रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से अधीक्षक अभियंता को संबोधित एक मांग पत्र तैयार किया, जिसमें समस्याओं के निपटान के लिए समय मांगा गया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने अपने संबोधन में कहा कि यूनियन द्वारा अब तक तीन बार हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेजे जा चुके हैं। इनमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक न तो किसी मंत्री और न ही मुख्यमंत्री द्वारा संगठन को बातचीत का समय दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द बातचीत के लिए समय नहीं दिया गया तो यूनियन प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाकर बड़े आंदोलन की घोषणा करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। बैठक में कर्मचारियों द्वारा जिन प्रमुख मांगों को उठाया गया, उनमें एचकेआरएन कर्मियों को अधिनियम 2024 के तहत सेवा सुरक्षा गारंटी प्रदान करना, सभी एचकेआरएन कर्मियों के अनुभव को पोर्टल पर अपलोड करना, टर्म अप्वाइंटी कर्मचारियों को 23,900 रुपये मासिक वेतन देना, तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के लिए 25,500 वेतनमान लागू करना, वर्ष 2020–2023 और 2024–2027 की एलटीसी का शीघ्र भुगतान करना, ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों को एचकेआरएन पोर्टल पर चढ़ाकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में मर्ज करना, ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायतों के अधीन न करना, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना तथा एक्सग्रेसिया नीति को पूर्ण रूप से लागू करना शामिल हैं। इस मौके पर साहब सिंह, संजय शर्मा, अनिल मुझाल, रणधीर सैनी, पवन शर्मा, श्यामलाल, जोगिंदर, निर्मल सिंह, रमेश चंद, सुखदेव सिंह, धर्मपाल, सुरजीत सिंह, सियाराम, विजय शर्मा, पंकज कुमार, रूपचंद, प्रवीण कुमार, सोहनलाल और कुंवर सिंह समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जीवन जीने की कला दर्शाती है भारतीय संस्कृति : पिथी चौधरी

### प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक विरासत विषय पर लघु नाटिका का मंचन




तरावड़ी, 19 जुलाई ( छाया शर्मा ) : प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में छात्रों ने सांस्कृतिक विरासत विषय पर एक संदेशप्रद लघु नाटिका प्रस्तुत कर सभी को अपनी समृद्ध परंपराओं और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व से अवगत कराया। नाटिका का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ना, भारतीय संस्कृति के विविध रंगों को समझाना तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। इस नाटिका में एक विशेष दृश्य के माध्यम से बच्चों ने नशे के दुष्प्रभावों को बहुत सरल और सांकेतिक रूप में दिखाया तथा यह संकल्प लिया कि वे हमेशा सकारात्मक संगत चुनेंगे और नशा जैसी आदतों से दूर रहेंगे। मंच पर पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य की झलक, स्वस्थ जीवन शैली को दर्शाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति कोई बोझ नहीं, बल्कि जीने की कला है। जिस प्रकार बच्चों ने त्योहारों, लोककलाओं, वेशभूषा और कहानियों के माध्यम से अपनी जड़ों से जुड़ने का संदेश दिया, वह बहुत प्रेरक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने जिस सहजता से हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया, वह प्रशंसनीय है। यह जरूरी है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को अपनी परंपराओं, रीति-रिवाजों और जीवन मूल्यों से जोड़ें अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें और अपने स्वस्थ तन-मन से अपने परिवार और समाज को गौरवान्वित करें। इस कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस लघु नाटिका ने सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाना ही सच्चे अर्थों में भविष्य को सुरक्षित बनाना है।

## सीएचसी नानकपुर में लगाया गया सीनियर सिटीजन हेल्थ कैंप




पिंजौर, 19 जुलाई ( अजीत सिंह/अख्तर फ़ारूकी ) : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानकपुर में सीनियर सिटीजन हेल्थ कैंप लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता एस.एम.ओ. डॉ मनीष गर्ग ने की7 इस कैंप में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा मुफ्त लैब टेस्ट और दवाइयां दी गई। सभी मरीजों को स्वास्थ्य सलाह दी गई और उचित खान-पान के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए योग का अभ्यास कराया गया। सभी मरीजों को वृद्धावस्था में होने वाले समान्य रोगो के बारे में तथा उन से बचने के लिए उचित संतुलित आहार के बारे में बताया गया। मरीजों को बीपी, व् शुगर आदि बिमारियों से बचने के लिए उचित सलाह दी गई। मरीजों को सप्ताह में कम से कम पांच दिन सैर तथा व्यायाम करने के बारे में जागरूक किया गया।

## गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज ने उत्कृष्ट शिक्षिका जसप्रीत कौर को किया सम्मानित



यमुनानगर, 19 जुलाई ( संजीव कुमार ) : यमुनानगर के गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में संत निश्चल सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वूमेन की शिक्षिका, जसप्रीत कौर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। यह पुरस्कार महासचिव एम.एस साहनी और निदेशिका डॉ. वरिंदर गांधी द्वारा प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित मान्यता जसप्रीत कौर की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और उनके उल्लेखनीय योगदान को उजागर करती है। उनकी मेहनत और समर्पण ने उनकेफ छात्रों और शैक्षणिक समुदाय पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। कॉलेज के महासचिव और निदेशिका ने जसप्रीत कौर की उपलब्धियों की प्रशंसा की और भविष्य की पीढ़ियों को आकार देने में उनके अथक प्रयासों की सराहना की।


## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Sh. Kuldeep Singh**
**Matrimonial Cases Special Courts, Gohana**
**CNR No. HRSOF3-000222-2025**
**Next Date:- 19-08-2025**
Krishan
Versus
Sumitra
Notice to: General Public:- Haryana
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **19.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Sonipat
Dated this day of, 15.07.2025
**Sd/- Sh. Kuldeep Singh**
**Matrimonial Cases Special Courts, Gohana**

---

**In the Court of**
**Sh. Sudhir Kumar**
**Civil Judge (Senior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-001232-2025**
**Next Date:- 20-09-2025**
**GW/15/2025**
Gurpreet Kaur
Versus
General Public
Notice to: General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **20.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of, 17.07.2025
**Sd/- Civil Judge (Senior Divn.), Karnal**

---

**In the Court of**
**Shri Kapil**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Pehowa**
**CNR No. HRKUA0-000439-2025**
**Next Date:- 13-08-2025**
Arun Kumar Kaushik
Versus
General Public
Notice to: General Public
In above titled case, the respondent(s) could not be served. It is ordered that respondent(s) should appear in person or through counsel on **13.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Kurukshetra
Dated this day of, 11.07.2025
**Sd/- Shri Kapil**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Pehowa**

---

**In the Court of**
**Ms. Arya Sharma**
**Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak**
**CNR No. HRRH01-007000-2022**
**Next Date:- 06-08-2025**
Sahina W/o Sonu
Versus
Sonu S/o Suresh
Notice to: Sonu S/o Suresh VPO Behal Tehsil Loharu, District Bhiwani
In above titled case, the defendant could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **06.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Dated this day of, 15.07.2025
**Sd/- Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak**

---

**In the Court of**
**Ms. Saravpreet Kaur**
**Additional Civil Judge (Senior Division),**
**CNR No. HRKU02-000561-2025**
**Next Date:- 25-08-2025**
Yash Laller through his father Satish Kumar r/o Budha, Ladwa, Kurukshetra
Versus
General Public
Prayed that the permission to sell land situated at Village Budha Hadbast no. 61, Ladwa, KKR to Petitioner Yash Laller thorugh his Father Satish Kumar r/o Budha, Ladwa, Kurukshetra
Notice to: General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **25.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Kurukshetra
Dated this day of, 14.07.2025
**Sd/- Additional Civil Judge (Sr. Divn.),Kurukshetra**

---

**In the Court of**
**Shri Bharat**
**Civil Judge (Junior Division), Pehowa**
**CNR No. HRKUA0-000328-2024**
**Next Date:- 09-09-2025**
Canara Bank
Versus
Jitender Kumar
Suit for Recovery of Rs. 7,89,786.15/-
Notice to: Raj Rahul Tanwar S/o Sher Singh R/o H. NO. 468, Sector-7, UE, District Kurukshetra
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **09.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Kurukshetra
Dated this day of, 11.07.2025
**Sd/- Shri Bharat**
**Civil Judge (Junior Division), Pehowa**

---

**In the Court of**
**Ritika Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-004074-2019**
**Next Date:- 21-08-2025**
Punjab and Sindh Bank
Versus
Hari Singh
Notice to:Ram chander s/o Bhartu Ram since deceased through his Lrs 1. Machla devi w/o Ram chander r/o VPO Manjura, Karnal 2. Jasmer s/o Ram chander r/o VPO Manjura, Karnal 3. Neelam devi d/o Ram chander r/o VPO Manjura, Karnal
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **21.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of, 19.07.2025
**Sd/- Civil Judge (Junior Divn.), Karnal**



## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Sh. Madhur Bajaj**
**Civil Judge (Sr. Divn.), Fatehabad**
**CNR No. HRFT02-001018-2022**
**Next Date:- 08-08-2025**
Deepa Malik
Versus
Murti Devi Wd/o Dharmbir Singh S/o Hari Singh
Suit for declaration to the effect that the will No.89 allegedly drafted on 24.02.2020 and registered on 19.02.2021 allegedly made by Dharmbir Singh son of Hari Singh resident of village Chandrawal Sub Tehsil Bhuna Distt. Fatehabad in favour of defendants no. 1 to 3 in respect of land measuring 17 Kanal 10 Marla which is 1/2 share of total land 35 kanal comprised in Khewat no. 395 situated in village jandli kalan Sub Tehsil Bhuna Distt. Fatehabad, land measuring 10 Kanal 12 marla 2 Sarsai which is 3/4 share of total land measuring 14 kanal 3 and 11 Kanal 19 Marla 2 Sarsai which is 3/4 Share of total land measuring 15 Kanal 16 marla bearing Khewat No. 511 situated at village birhi Kalan Tehsil Dadri Distt. Charkhi Dadari, Dharmbir filling station (ESSAR Petrol Pump) situated near jandli Chandrawal Bus Stand Sub tehsil Bhuna Distt. Fatehabad, Parple Stone crasser and new parple stone crusor Chhapar Road village Birhi kalan Distt. Charkhi Dadri and moveable property which is commercial vehicle all the TATA Truck bearing registration no. HR62/0019, HR 62/0049, HR 62/0039, HR 62/0089, HR 62A/0089, HR 62A/8989, HR62/7805, HR62/7419, and Scorpio car bearing registration No. HR22M/8989 Dezire Car bearing registration no. HR22N/8989, Fortuner Car bearing registration no. HYF/8989 Car bearing registration no. HR22P/5233, Safari Car bearing registration no. HR20T/0004 and a Bulet Motercycle bearing registration HR22N/2075 and for all the other property movable and movable situated in all over India, is a fake and fabricated document. As such it does not create any right titled or Interest in favour of defendants No. 1 to 3 qua the 1/5th share of the plaintiff in above mention property. The mutation No.4044 dated 24.03.2021 of the land situated at village jandli Distt. Fatehabad, mutation no. 3327 entered on 25.03.2021 of the above mentioned land situated In village Birhi kalan Tehsil Dadri Distt. Charkhi Dadri based on the above mentioned will is also wrong illegal and baseless and is liable to be set aside and any entry in the name of defendants 1 to 3 qua the 1/5th share of the plaintiff, in above mentioned vehicle in the registration certificate in the office of concerned registering authority under motor vehicle Act, on the basis of above mentioned will also illegal,null and void and not binding on the right of the plaintiff and is liable to be set aside qua the 1/5th share of the plaintiff, and on the basis of above illegal will any entry in any of the public record is wrong, illegal and baseless and as such null and void and is not binding on the rights of the plaintiffs being the alleged will drafted on 24.02.2020 and registered on 19-02-2021 is based on fraud and not executed by deceased Dharmbir Singh in favour of defendant no. 1 to 3 more over the property situated in village Jandli Kalan is ancestral coparcenery property in the hand of deceased Dharmbir Singh being karta of family and other above properties were garneted from the nucleus/income from ancestral property and plaintiff has birth right in the above mentioned ancestral coparcenery property in the hand of karta and deceased Dharmbir Singh Karta was not entitle to bequeathed the ancestral coparcenery share of the plaintiff and further consequent entry is also illegal null and void and is liable to be set aside qua the share of the plaintiff and performa defendant, further suit for permanent Injunction to the effect that the defendant no. 1 to 3 be restrained from alienation and creating any type of encumbrance upon suit property, qua the 1/5th share of the plaintiff. On the basis of oral as well as documentary evidence.
Notice to: 3. Prerna D/o Dharambir Singh R/o Chandrawal, Sub Teh. Bhuna, District Fatehabad 4 b. Chandramukhi Devi (D/o Ram Pyari Widow of Hari Singh R/o Village Jagan, Teh. Agroha, Hisar C. Leelawati (d/o Ram Pyari) W/o Partap, R/o Bhurthan Kalan, Fatehabad D. Rajbala (D/o Ram pyari) Wife of Bagrawat, R/o Bhuthan Kalan, Fatehabad E. Sunita Devi (D/o Ram Pyari Widow of Hari Singh) Wife of Jaibir, R/o 1299, Sec. 16-17, Hisar, F. Phulwati(D/o Ram Pyari) Widow of Hari Singh Wife of Rameshwar, R/o VPO Jagan, Hisar G. Dharmvir Singh Son of Ram Pyari Now since deceased and legal heirs of Dharmbir R/o Village Chandrawal, Sub Teh. Bhuna, Fatehabad
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **08.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Fatehabad
Dated this day of, 16.07.2025
**Sd/- Sh. Madhur Bajaj**
**Civil Judge (Sr. Divn.), Fatehabad**


## श्री राम आश्रम शिव मंदिर डाक कावड़ संघ का जत्था हरिद्वार कांवड़ के लिए रवाना

रतिया, 19 जुलाई ( अमन सेठी ) : श्री राम आश्रम शिव मंदिर डाक कावड़ संघ का एक जत्था हरिद्वार कांवड़ के लिए पुनीत गोयल की अगुवाई में आज श्री राम आश्रम शिव मंदिर से पंडित आचार्य केशव शास्त्री ने पूरे विधि विधान से पूजा व मंत्रोच्चारण के साथ रवाना किया। कांवड़ संघ के सदस्य पुनीत गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम आश्रम शिव मंदिर डाक कावड़ संघ का आज एक जत्था हरिद्वार कांवड़ के लिए रवाना हुआ है यह जत्था 23 जुलाई को हरिद्वार से पवित्र गंगा जल ले कर रतिया पहुंचेगा और टिब्बा कलोनी स्थित श्री राम आश्रम शिव मंदिर में महादेव का जलाभिषेक करेंगे इस अवसर पर पंडित केशव शास्त्री, पंडित नवीन शास्त्री,पुनीत गोयल,रिंकू मंगला,प्रदीप गर्ग,मोहित गुप्ता,दीपेश,रिंकू मित्तल आदि व श्री राम आश्रम शिव मंदिर कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

# सम्पादकीय

## नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी

कहा जाता है कि अगर किसी देश को आगे बढ़ना है, विकसित होना है, तो उसका युवा सशक्त और समर्थ होना चाहिए। विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभाएगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है। लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है। यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि करियर, सपनों और देश की ताकत को भी प्रभावित कर रहा है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 10 से 24 वर्ष की उम्र के हर 5 में से 1 युवा ने कभी न कभी ड्रग्स का सेवन किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, 8.5 लाख से अधिक बच्चे ड्रग्स की लत का शिकार हैं। ये आंकड़े बेहद डरावने और चिंतन योग्य हैं। ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। 2020 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की। नशे की लत को रोकने और पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार ने राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र और आउटरीच-कम-ड्रॉप-इन सेंटर की स्थापना की। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ड्रग माफिया के विरुद्ध सशक्त ऑपरेशन्स किए। साथ ही, देशभर में युवाओं की काउंसलिंग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में भी स्थानीय प्रशासन, गैर-सरकारी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से नशे के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं। भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में MY Bharat ने एक बड़ी पहल की है। बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक युवा आध्यात्मिक समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत। वाराणसी के पावन घाटों पर आयोजित होने वाले इस समिट का उद्देश्य, एक ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाना है, जो युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाए। इस समिट में देशभर की 100 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के युवा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं भी इसमें सहभागिता करेंगी। इसके माध्यम से युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वो अपनी आवाज़ को सरकार और नीति निर्माताओं तक पहुँचा सकेंगे। इस समिट में देश की नशे के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करने के लिए विभिन्न सेशन्स आयोजित किए जाएंगे। इसमें नशे की प्रवृत्ति, इसकी प्रकृति, प्रकार, पीड़ितों की जनसांख्यिकी, अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव और सरकार तथा MY Bharat के युवा स्वयंसेवकों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श और चर्चा होगी। साथ ही नशे की लत से उबरने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियां और उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा ले सकें। अंत में एक काशी डिक्लेरेशन जारी किया जाएगा, जो अगले पांच वर्षों के लिए नशा मुक्ति अभियान का रोडमैप होगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि युवाओं को किस प्रकार नशे से दूर रखा जाए, नशे की गिरफ्त में आए लोगों की कैसे सहायता की जाए और पूरे देश में जागरूकता अभियान को किस तरह तेज किया जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश की अमृत पीढ़ी के सपनों का भारत बनाने की बात करते हैं। उनके विजन के अनुरूप, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम, एक समग्र और प्रभावशाली पहल का उदाहरण बनेगा। यह पहल न केवल युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में भी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी। देश को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी युवा शक्ति की है। काशी में आयोजित होने वाला युवा आध्यात्मिक समिट इस लक्ष्य की दिशा में केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना का प्रारंभ स्थल बनेगा। यह नशे के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान को नई दिशा और ऊर्जा देगा। जो न केवल उन्हें अपने जीवन में सार्थकता देगा, बल्कि देश को भी आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनेगा। काशी की पवित्र धरती से उठने वाली यह पुकार, हर युवा के मन में जागृति और देशभक्ति का नया प्रकाश भर देगी और यही संकल्प 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।

# 21वीं सदी का भारत: विश्व व्यवस्था में एक निर्णायक भूमिका

**-पूनम चतुर्वेदी शुक्ला**

भारत का लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़ा और जीवंत माना जाता है। यहां की चुनाव प्रणाली को संविधान द्वारा सुनिश्चित की गई स्वतंत्रता, निष्पक्षता और पारदर्शिता की कसौटी पर खरा उतरना होता है। परंतु कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जब लोकतंत्र को उसकी परिभाषा और नैतिकता पर कसौटी से गुजरना पड़ता है। ऐसा ही एक ऐतिहासिक अवसर वर्ष 1975 में आया, जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 1971 के लोकसभा चुनाव को रद्द कर दिया। यह निर्णय भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक क्रांतिकारी मोड़ था, जिसने न केवल सत्ता की जवाबदेही को रेखांकित किया, बल्कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता को भी ऐतिहासिक रूप से प्रतिष्ठित किया।

21वीं सदी का भारत = विश्व व्यवस्था में एक निर्णायक आवाज

21वीं सदी का आगमन केवल एक कालखंड का बदलाव नहीं था, बल्कि यह वैश्विक शक्ति-संतुलन के पुनः परिभाषित होने की शुरुआत थी। इस सदी में भारत का उभार केवल आर्थिक या सैन्य शक्ति के रूप में नहीं देखा जा रहा है, बल्कि एक ऐसी नैतिक और सांस्कृतिक शक्ति के रूप में सामने आया है, जो वैश्विक राजनीति, विकासशील राष्ट्रों की आकांक्षाओं, पर्यावरणीय न्याय, तकनीकी लोकतंत्र और बहुपक्षीय कूटनीति में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। आज भारत न केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है, बल्कि वह नई विश्व व्यवस्था के निर्माण में एक केंद्रीय स्तम्भ के रूप में उभर रहा है।



भारत की इस भूमिका की नींव उसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों में निहित है, जिसे वह सदियों से विश्व को देता आया है - वसुधैव कुटुम्बकम् (संपूर्ण विश्व एक परिवार है) की भावना। आज जब विश्व अनेक संकटों से जूझ रहा है - चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो, जलवायु परिवर्तन हो, या वैश्विक मंदी की आशंका - भारत ने अपने संतुलित और संवादप्रधान रुख से यह सिद्ध कर दिया है कि वह संघर्षों में पक्षधर नहीं, बल्कि समाधानकर्ता बनकर खड़ा है। भारत की इस नीति को उसकी रणनीतिक स्वायत्तता कहा गया, जिसे रूस से ऊर्जा आयात के मामले में और पश्चिमी देशों से कूटनीतिक रिश्तों में संतुलन बनाकर सफलतापूर्वक निभाया गया। भारत की वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका को सबसे स्पष्ट रूप से देखा गया जी 20 की अध्यक्षता के दौरान। वर्ष 2023 में जब भारत ने जी 20 का नेतृत्व किया, तो उसने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र दिया, जो केवल एक नारा नहीं था, बल्कि एक वैचारिक दृष्टिकोण था, जो भविष्य की वैश्विक साझेदारी का खाका प्रस्तुत करता है। जी 20 के अंतर्गत वैश्विक दक्षिण की आवाज़ को प्रमुखता देने, अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्यता दिलवाने, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को बढ़ावा देने और जलवायु न्याय जैसे विषयों को मजबूती से रखने का काम भारत ने किया। यह दर्शाता है कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि उन देशों के लिए भी सोचता है जो वर्षों से वैश्विक निर्णय प्रक्रियाओं से बाहर रहे।भारत की तकनीकी क्षमता और डिजिटल सशक्तिकरण मॉडल भी आज पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। चाहे वह आधार जैसी डिजिटल पहचान हो, UPI जैसी भुगतान प्रणाली हो, या फिर कोविन जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म - भारत ने यह सिद्ध किया है कि तकनीक केवल संपन्न देशों का औजार नहीं है, बल्कि वह विकासशील देशों की भी पूंजी बन सकती है। आज अनेक देश भारत से PI जैसी तकनीकों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिससे भारत वैश्विक डिजिटल लोकतंत्र के निर्माता के रूप में सामने आया है।

भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका में एक और महत्वपूर्ण पहलू है - भू-राजनीतिक कूटनीति में उसकी विश्वसनीयता। हाल के वर्षों में भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजराइल, खाड़ी देशों, जापान और दक्षिण एशियाई देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को संतुलित और परिपक्व बनाया है। यह बहुस्तरीय कूटनीति भारत को एकमात्र ऐसा राष्ट्र बनाती है, जो पश्चिम और पूर्व, उत्तर और दक्षिण - सभी के बीच संवाद का पुल बन सकता है। जब संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठ रहे हों, तब भारत एक मध्यस्थ लोकतांत्रिक शक्ति के रूप में अधिक प्रभावशाली बनकर उभरता है।

आर्थिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति वैश्विक मंच पर निर्णायक होती जा रही है। हाल ही में भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव प्राप्त किया। विश्व बैंक, IMF और OECD जैसी संस्थाओं ने भी भारत की आर्थिक संभावनाओं को आने वाले दशकों के लिए सबसे मजबूत बताया है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, पीएलआई स्कीम जैसी योजनाओं ने निवेशकों के बीच विश्वास पैदा किया है कि भारत अब केवल एक उपभोक्ता नहीं, बल्कि एक उत्पादक शक्ति भी है।

भारत की ऊर्जा नीति और जलवायु परिवर्तन पर उसकी स्थिति भी अब वैश्विक विमर्श का हिस्सा बन चुकी है। भारत ने पेरिस समझौते के तहत तय लक्ष्यों से अधिक तीव्रता से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि की है। इंटरनेशनल सोलर अलायंस जैसे संगठनों की स्थापना कर भारत ने यह साबित किया है कि वह केवल समस्या की बात नहीं करता, समाधान भी देता है। इस वैश्विक नेतृत्व में भारत की सोच समावेशी है - वह पश्चिमी राष्ट्रों की तरह अपनी बात थोपता नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलता है।

भारत की सैन्य स्थिति और आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन भी एक महत्वपूर्ण संकेत है कि वह अब वैश्विक शक्ति संतुलन में केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक नीति-निर्माता है। हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री नीति, चीन की बढ़ती गतिविधियों पर निगरानी, क्वाड जैसे संगठनों में सहभागिता और रणनीतिक साझेदारी - ये सभी इस बात को रेखांकित करते हैं कि भारत केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं रहा, वह एक वैश्विक सामरिक ताकत बन चुका है। 21वीं सदी में वैश्विक नैतिकता, तकनीकी न्याय और मानवतावादी नीतियों की आवश्यकता पहले से अधिक हो गई है। भारत की सभ्यता-संस्कृति, उसकी लोकतांत्रिक परंपरा और सबको साथ लेकर चलने की नीति - उसे इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त बनाती है। भारत ने न तो उपनिवेश बनाए, न ही विस्तारवादी युद्ध लड़े। वह आज भी सबको जोड़ने, सहेजने और साथ चलने की बात करता है। यही कारण है कि आज वैश्विक मंच पर भारत को केवल सुना नहीं जा रहा, बल्कि माना भी जा रहा है।इस सबके बीच भारत के सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं - जैसे आंतरिक सामाजिक समरसता बनाए रखना, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार और रोजगार के अधिक अवसर उत्पन्न करना। यदि भारत इन आंतरिक मोर्चों को संतुलित रखता है, तो वह न केवल 21वीं सदी में विश्व व्यवस्था की आवाज़ बन सकता है, बल्कि विश्व व्यवस्था का स्वरूप भी बदल सकता है।इस सदी की वैश्विक व्यवस्था अब एकध्रुवीय या द्विध्रुवीय नहीं रहेगी। यह एक ऐसे बहुध्रुवीय वैश्विक समाज की ओर अग्रसर है, जिसमें नैतिक नेतृत्व, प्रौद्योगिकीय समावेशन और समरसता-प्रधान कूटनीति की आवश्यकता होगी। भारत में ये तीनों विशेषताएँ मौजूद हैं - और यही कारण है कि 21वीं सदी भारत की सदी हो सकती है - एक ऐसी सदी जिसमें भारत न केवल विश्व व्यवस्था का भागीदार हो, बल्कि उसका मार्गदर्शक भी हो।

# इंदौर ने फिर दिखाया स्वच्छता का आईना, सभी शहर प्रेरणा लें

**-हर्षवर्धन पान्डे**

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है। 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में बुधनी सर्वश्रेष्ठ शहर बन कर उभरा है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन की प्रेरणा और जनभागीदारी इस सफलता का आधार रहा। इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है।इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है।एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है।नगर निगम ने स्वच्छता के लिए कई नवाचार किए हैं। प्रत्येक घर से कचरा एकत्र करने के लिए उसने अनेक वाहन तैनात किए जिसने गीले, सूखे और खतरनाक कचरे को अलग करने की प्रक्रिया को जन-जन तक पहुंचाया।

भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इंदौर ने लगातार आठ वर्षों (2017-2024) तक स्वच्छता सर्वेक्षण में पहला स्थान हासिल किया है जो अपने आप में मध्यप्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल ने जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल न केवल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर नगर निगम और जिला प्रशासन ने प्रतिदिन स्वच्छता को प्राथमिकता देने का काम किया है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएँ बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जिससे इंदौर की जनता ने स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाया। इंदौर ने न केवल स्वच्छता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, बल्कि यह अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में सुपर स्वच्छता लीग में शीर्ष स्थान और लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीतना इंदौर की मेहनत, समर्पण और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। यह शहर न केवल स्वच्छता, बल्कि नागरिकों की जागरूकता और प्रशासनिक कुशलता का प्रतीक बन चुका है।देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप में भोपाल ने स्वच्छता के क्षेत्र में भी आदर्श प्रस्तुत किया है। विभिन्न श्रेणियों में ग्वालियर, देवास, शाहगंज और जबलपुर भी पुरस्कृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसमें मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के इस मापदंड के आधार पर अपने घर, मोहल्ले, कॉलोनी और नगर को स्वच्छ रखें और इस आदर्श जीवन शैली को दुनिया के बीच प्रदर्शित करने का प्रयास करें।

# डिजिटल क्रांति से ही नकली नोटों के चलन पर नियंत्रण संभव

**- ललित गर्ग**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दाफाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है।

# विकास कार्यों के टेंडर में देरी पर आठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**कैथल, 19 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** डीसी प्रीति ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिले के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में लंबित विकास कार्यों के लिए टेंडर सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक की। डीसी ने बैठक में पिछले शनिवार को माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ली गई बैठक में जारी निर्देशानुसार विभिन्न लंबित विकास कार्यों को लेकर जवाब लिए।



संतोषजनक जवाब न मिलने पर डीसी ने एक्सईएन नगर परिषद कैथल, एक्सईएन काडा, एमई नगर पालिका राजौंद, एमई नगर पालिका पूंडरी, नगर पालिका सीवन के मौजूदा एवं पूर्व एमई के अलावा अनापत्ति रिपोर्ट में देरी पर एक्सईएन सिंचाई विभाग पूंडरी व निशानदेही में देरी पर नायब तहसीलदार पूंडरी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीसी प्रीति ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों की बैठक में कई मुद्दों पर जानकारी ली थी। उन्होंने जो-जो प्वाइंटस बताए हैं, उन पर जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्वक काम पूरा कर एक्शन टेकन रिपोर्ट दें। ताकि आला अधिकारियों को अवगत करवाया जा सके। डीसी ने नगर परिषद कैथल के ईओ को सफाई के संबंध में सख्त निर्देश दिए और कहा कि शहर के सभी शौचालय दुरुस्त होने चाहिए। उन्होंने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी बीएंडआर टू एवं एक्सईएन यूएचबीवीएन पूंडरी को फरल में बन रही पीएचसी सेंटर परिसर में बिजली लाइन संबंधी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी तालाबों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। स्वच्छता संबंधी रिपोर्ट पर निराशा व्यक्त करते हुए डीसी ने कहा कि कैथल शहर सहित नगर पालिकाओं में अधिकारी सुनिश्चित करें कि साफ-सफाई ठीक हो और उसकी ऑनलाइन रिपोर्टिंग जरूर करें। कई बार काम करने के बावजूद संबंधित प्लेटफार्म पर रिपोर्ट दर्ज न करने के कारण सर्वेक्षण आदि में वांछित परिणाम नहीं मिल पाते। उन्होंने डीएमसी को निर्देश दिए कि शहरों में स्वच्छता के लिए विशेष योजना बनाएं। सफाई कर्मचारी तय अवधि में काम करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़कों के किनारे बर्म को लेकर गंभीरता दिखाएं। सड़कों के किनारे बर्म ठीक होने चाहिए, ताकि हादसे न हों।

# हकृवि व वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच विभिन्न विषयों को लेकर बैठक आयोजित

**हिसार, 19 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल की स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वाकांक्षी विषयों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। प्रतिनिधि मंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से डॉ सिंधु श्योराण (सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरनमेंट) व नम्रता (रीजनल डायरेक्टर साउथ एशिया वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल वेस्ट विंग- नई दिल्ली) ने भाग लिया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. नवीन कौशिक, डॉ. मंजुनाथ व डॉ. सरोज यादव भी उपस्थित रहे। स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से नए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक कार्यक्रमों को गति देने के लिए किए जा रहे कार्यों को विद्यार्थियों एवं फैकल्टी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी दोनों विश्वविद्यालयों से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत बीएससी कृषि व एमएससी कृषि



की डिग्री हासिल कर सकेंगे। इससे विश्वस्तरीय शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करने के लिए दोनों विश्वविद्यालयों की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। गौरतलब है कि हकृवि पहले से ही अनुसंधान और शैक्षणिक क्षेत्रों में डब्ल्यूएसयू के साथ सक्रिय सहयोग कर रहा है। दोहरी एमएससी और पीएचडी डिग्री पहले से ही प्रगति पर है। विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ आशा क्वात्रा ने सभी का स्वागत करते हुए एमओयू के बैकग्राउंड के बारे में बताया। उन्होंने भारत से ऑस्ट्रेलिया जाने वाले छात्रों के समक्ष आने वाली समस्याओं जैसे वीजा, रहन-सहन खर्च, शिक्षा खर्च, उपलब्ध आय के साधनों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का समाधान करते हुए पढ़ाई पूरी करने के पश्चात उपलब्ध जॉब सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। गौरतलब है कि डॉ सिंधु श्योराण चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ही पूर्व छात्रा हैं। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से ड्यूल डिग्री के तहत पीएचडी की पढ़ाई की है तथा इस समय हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरमेंट में सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं। बैठक में कृषि महाविद्यालय कौल व बावल सहित विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों से विद्यार्थी व फैकल्टी ने भी भाग लिया।

# पुलिस ने बाइक सवार दो बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 19 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस की सीआईए-टू टीम ने बाइक सवार दो बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक अवैध हथियारों सहित बाइक पर सवार होकर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जगाधरी से रटौली गांव के तरफ घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर एएसआई रमेश कुमार, मुख्य सिपाही विकास, सुशील कुमार, दीपक की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर गांव रटौली के पास नाकाबंदी की गई। थोड़ी देर बाद जगाधरी की तरफ से एक बाइक आई हुई दिखाई दी। जब बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो उनसे



ब्रेक लगाकर वापस मोड़ने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर काबू किया। पूछताछ पर जिनकी पहचान प्रवेज पुत्र कामिल वासी शांति कॉलोनी व रेलवे कॉलोनी फर्कपुर निवासी रजत पंडित पुत्र राजकुमार के रूप में हुई। जब उनकी तलाशी ली गई तो परवेज से एक देशी पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस तथा रजत पंडित से एक देशी पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस बरामद किए। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी प्रवेज पर एनडीपीएस एक्ट,अपहरण, हत्या का प्रयास व मारपीट सहित 22 मुकदमे व आरोपी रजत पंडित पर एनडीपीएसएक्ट व अपहरण सहित चार मुकदमे दर्ज हैं व दर्ज हैं जो न्यायालय में विचाराधीन है।

# एडीआर सेंटर में पीएलवीज के लिए वर्कशॉप का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र, 19 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सैंटर में पीएलवीज के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस वर्कशॉप में महिलाओं के अधिकार, मध्यस्थता प्रणाली, किशोर न्याय अधिनियम, ई-कोर्ट विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि वो आमजन को जागरूक कर सकें। इस वर्कशॉप में डीएलएसए के पीएलवीज ने भाग लिया।



# नपा की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार रादौर प्रदेश में नौवें स्थान पर

**यमुनानगर, 19 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में कड़ी मेहनत करने पर सफाई शाखा के कर्मचारियों और सफाई मित्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें भविष्य में और बेहतर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका रादौर का लक्ष्य लगातार देश में सबसे स्वच्छ शहरों में शीर्ष स्थान हासिल करना है।

इसके लिए हमें और मेहनत व लगन से कार्य करने की आवश्यकता है। एसडीएम ने बताया कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जारी किए गए स्वच्छ सर्वेक्षण परिणाम में रादौर नगरपालिका को प्रदेश में नौवां व राष्ट्रीय स्तर पर 324वां रैंक हासिल हुआ है, जबकि गत वर्ष यह रैंक प्रदेश में 171 और राष्ट्रीय स्तर पर 1789 था। कस्बे की स्वच्छता स्थिति में हुए सुधार पर नपा पार्षदों व कस्बे के लोगों ने खुशी जाहिर की है।

साथ ही उम्मीद जताई है कि भविष्य में यह रैंक पहले तीन स्थानों में शामिल होगा। नपा चेयरमैन रजनीश मेहता ने बताया कि उनका प्रयास है कि भविष्य में इस रैंकिंग में और सुधार हो सके। जिसके लिए वह निरंतर कस्बे की सफाई व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करेंगे।

कस्बे की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए नपा रादौर जल्द ही खुद की मशीन की खरीद करने जा रही है। नगर पालिका के सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से हर वर्ष आबादी के आधार पर स्वच्छता सर्वेक्षण करवाया जाता है। जिसके आधार पर रैंकिंग दी जाती है। इस सर्वेक्षण में कस्बे की सफाई व्यवस्था, सभी घरों में शौचालय, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति व कचरा निपटान की स्थिति का आंकलन किया जाता है।

# साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने के लिए डायल करें 1930 : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 19 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं।

ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पहले साइबर फ्रॉड की सूचना के लिए 155260 हेल्पलाइन की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन अब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उपरोक्त नंबर की जगह 1930 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

उपायुक्त ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है।

उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही बढ़िया ताकि आगे की ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए पीड़ित को त्वरित सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट साइबरक्राइमडॉटजीओवीडॉटइन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# एक दिन मेरे घर आना कृष्ण मुरारी भजन सुन मंत्र मुग्ध हुए श्रद्धालु

**शाहाबाद मारकण्डा, 19 जुलाई ( रूबी ) :** श्री कृष्णा मंदिर सभा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित प्रभातफेरियों की लड़ी में शनिवार की प्रभातफेरी का आयोजन सन्दीप नैय्यर के परिवार की ओर से श्री कृष्ण मंदिर धर्मशाला में किया गया। पण्डित रमेश रतूड़ी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। मंच का संचालन अवशीष शर्मा ने बाखूबी निभाया। भजन मण्डल में वेद गगनेजा, संजीव सचदेवा, गिरीश आनंद, रवि शर्मा, नरेंद मदान, प्रिंस सचदेवा, शिवम नारंग, अनमोल



छाबड़ा, आशा रेवड़ी ने सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किए। अनुराधा शर्मा ने एक दिन मेरे घर आना कृष्ण मुरारी भजन प्रस्तुत किया जिस पर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो उड़े। इस अवसर पर सभा के चेयरमैन ढूंडराज आनंद, विधायक राम करण, राज कुमार चुघ, कुलवंत शर्मा, अनिल सचदेवा, उत्तम प्रसाद शास्त्री, रमेश सचदेवा, परवीन बतरा, ललित अरोड़ा, शिवम शर्मा, नरेन्द्र मदान,ओम प्रकाश तुली, संजीव शर्मा, विजय तुली, नागेश शर्मा श्रद्धालु उपस्थित थे।

# वृक्ष केवल ऑक्सीजन नहीं देते, बल्कि जीवन का आधार हैं : सुमन बहमनी

**यमुनानगर, 19 जुलाई ( संजीव कुमार ) :** वृक्ष लगाओ, भविष्य बचाओ अभियान के अंतर्गत शनिवार को शहर जिंदल पार्क में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम मेयर सुमन बहमनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मेयर ने स्वयं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपना संकल्प दोहराया और आमजन को अधिकाधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। इस अभियान का आयोजन




मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा श्री हंस ज्योति मंदिर जगाधरी के तत्वावधान में किया गया। समिति के प्रभारी सतपाल महाराज के नेतृत्व में यह अभियान 5 से 20 जुलाई तक जिले भर में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों व युवाओं ने भाग लिया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्षद मनु सिंगला, भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला ने भी भाग लेकर पौधारोपण किया और अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। पौधरोपण के बाद मेयर सुमन बहमनी ने कहा, वृक्ष केवल ऑक्सीजन नहीं देते, बल्कि जीवन का आधार हैं। हमें आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण देना है, इसके लिए पौधारोपण एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमें अपने जीवन में हर जन्मदिन, शादी की सालगिरह व अन्य मुख्य दिवसों पर पौधा रोपण करना चाहिए। साथ ही लोगों को भी अधिक से अधिक पौधे रोपित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। मेयर ने कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे जन जागरण कार्यक्रमों से समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना जाग्रत होती है।

# पौधा लगाना जरूरी-उससे भी जरूरी उसकी देखभाल : महीपाल दूहन

**असंध, 19 जुलाई ( दलसिंह मान ) :** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय रंगरूटीखेड़ा में दर्जनों पौधे रोपित किए गए ताकि पर्यावरण शुद्ध होने के साथ-साथ स्कूल हरा-भरा हो सके। सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर महीपाल दूहन ने कहा कि जीवन को निरोग बनाने में पेड़ हमारे सबसे विश्वसनीय मित्र हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का जिस तरह से संतुलन बिगड़ रहा है उसे देखते हुए बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाना जरूरी है। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में किस तरह पौधे उपयोगी है। इनसे हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन मिलता है । इसलिए सभी बच्चे अपने-अपने अभिभावकों से भी पौधारोपण की अपील करेंगे। दूहन ने कहा कि जितना जरूरी पौधा लगाना उससे भी ज़रूरी उसकी देखभाल करना है। गांव के सरपंच गुलाब बिड़लान ने कहा कि गांव को हरा-भरा बनाना पंचायत की प्राथमिकता है। मुख्याध्यापक सतपाल बिसला ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों के अलावा अध्यापक सुनील दत्त, रामभूल, नरेन्द्र शास्त्री, अंकित ढाण्डा, सत्यवती, सुमन रानी, सुमनलता, गीता देवी, लिपिक दीपक ज्वाला आदि मौजूद रहे।



# पौधा रोपण करें तथा पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करें : आर वी भारद्वाज

**असंध, 19 जुलाई ( दलसिह मान ) :** करनाल रोड स्थित एम एम पब्लिक स्कूल असंध में जिला संगठन आयुक्त सियाराम शास्त्री के निर्देश अनुसार पौधारोपण पौधा पोषण अभियान के तहत स्काउट गाइड यूनिट द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में स्काउट मास्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में विद्यालय निर्देशक आर. वी भारद्वाज के हाथों से एक औषधीय पौधा लगाया गया। आर.वी भारद्वाज ने बताया कि प्रकृति हमें सब कुछ देती है। हमारा भी दायित्व बनता है कि हम भी प्रकृति को सहेज कर रखने में अपना सहयोग करें। पौधारोपण करें तथा पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करें। आज दुनिया में औषधीय पौधों की कमी महसूस होने लगी है अतः ज्यादा से ज्यादा औषधीय पौधे रोपित करें। सभी देशवासी एक-एक पौधा अपनी मां के नाम से जरूर लगाए ताकि भविष्य में शुद्ध हवा एवं स्वच्छ वातावरण को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रख



सकें। दूसरी तरफ कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के लिए शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें भगत सदन के दक्ष कक्षा सातवीं ने प्रथम स्थान एवं टैगोर सदन के शौर्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय की सीनियर कोऑर्डिनेटर माला जूड द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। तीसरी प्रतियोगिता अंतर सदन विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कक्षा तीन से पांच के बच्चों के मध्य करवाई गई जिसमें भगत सदन ने प्रथम एवं कबीर सदन के बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को निर्देशक आर.वी भारद्वाज व कॉर्डिनेटर हेमा रानी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्काउट दक्ष, लविश, देव व गाइड सिमरन, ऐशप्रीत, खुशी,माही, असमी, गौरी, ऐशु ने अहम सहयोग किया। इस अवसर पर ममता कौशिक, संगीता राणा, भीम सिंह ने विशेष भूमिका निभाई।

# श्री 11 मुखी हनुमान मंदिर की वर्षगांठ पर भजन संध्या का आयोजन

**यमुनानगर, 19 जुलाई ( संजीव कुमार ) :** धर्म जागरण केंद्र की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर हुई भजन संध्या, राष्ट्र धर्म हेतु लिया संकल्प सढोरा, नगर पालिका पार्क स्थित धर्म जागरण केंद्र श्री 11 मुखी हनुमान मंदिर की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री 11 मुखी हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित इस आयोजन में प्रसिद्ध गायक राजेश यादव एवं अमित कंसल द्वारा प्रभु की महिमा का गुणगान किया गया। सुबह के सत्र में हवन यज्ञ का आयोजन कर इलाके की सुख समृद्धि की कामना की गई। समाजसेवी रमेश जिंदल द्वारा पूर्ण आहुति डाली गई। शाम को शाम के समय सामूहिक हनुमान चालीसा उपरांत पावन आरती की गई। समाजसेवी धर्मपाल सैनी द्वारा प्रसाद की सेवा की गई। पवन आरती के उपरांत भजन संध्या का शुभारंभ मनोनीत पार्षद चमन



लाल सैनी, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य वीरेंद्र गर्ग, समाजसेवी अमित सेतिया, समाजसेवी मंगतराम सैनी एवं धर्मपाल सैनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए चमन लाल सैनी एवं वीरेंद्र गर्ग ने कहा धर्म जागरण केंद्र के माध्यम से आयोजको द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को राष्ट्र एवं धर्म हित में कार्य करने का संकल्प करवाया जा रहा है। आयोजन स्थल पर लोगों के बीच वर्तमान परिस्थितियों में हम सब का क्या कर्तव्य बनता है इस पर धर्म जागरण चर्चा की गई। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष नरेश बक्शी, उपाध्यक्ष दिनेश कालड़ा, सचिव गुलशन घई, मुख्य संरक्षक धर्मपाल सैनी मंगतराम सैनी, धर्मपाल, लेखराज खुराना व रमेश जिंदल द्वारा आए हुए अतिथियों का सम्मान किया गया। गायक गुलशन परुथी द्वारा भी प्रभु की महिमा का गुणगान किया गया। मौके पर पार्षद संगीता ठुकराल, सरजीवन, श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के अध्यक्ष सचदेव चुघ, सुधीर जंगू, संदीप परुथी,अमित बांगा,रणबीर सिंह, गगन गोयल, ओम प्रकाश, देवी चंद, सचिन वर्मा सहित नगर की सभी महिला संकीर्तन मंडली सदस्य उपस्थित रही।

# कल्पना को छूने दो आसमान थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता शुरू

**यमुनानगर, 19 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा स्कूली छात्रों की रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल है। उन्होंने जिले के अध्यापकों से आह्वान किया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करें। डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। प्रथम श्रेणी 6 से 10 वर्ष आयु वर्ग की है जिसका विषय स्टोरी टेलिंग पर आधारित पेंटिंग रहेगा व द्वितीय श्रेणी 11 से 16 वर्ष आयु वर्ग का है जिसका विषय माई विजन पर आधारित पेंटिंग रहेगा। यह आयोजन आगामी 12 अगस्त को सेक्टर-5 स्थित यवनिका गार्डन, पंचकूला में होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक श्रेणी में आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 7100, दूसरा 5100 व तृतीय 2100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 5 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन-पत्र के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी हेतु विभाग की ईमेल आईडी artandculturalafairshry@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-2793971, 2793987 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अद्वैत बने हैड ब्वॉय व माहिरा बनी हैड गर्ल



**शाहाबाद मारकण्डा, 19 जुलाई ( रूबी ) :** शनिवार को डिवाईन पब्लिक स्कूल में के.जी कक्षा के बच्चों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का शुभारम्भ स्कूल के प्रेजीडेंट डॉ. गुरदीप सिंह हेयर ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने साफ -सफाई ,समय पर स्कूल आने ओर अपने माता -पिता व अध्यापकों का सम्मान करने की शपथ ली ओर विद्यालय के नियमो का पालन करने का संकल्प लिया। स्कूल की प्रधानाचार्य राजेन्द्र खुब्बड़, उपप्रधानाचार्य मनीष मलिक, स्कूल हैड मनमीत सिधु रंधावा ने बच्चों को सैशे पहना कर उनकी डयूटी के महत्व के बारे में बताया और बच्चो को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह शपथ बच्चों में अनुशासन और अच्छी आदतें विकसित करने में मदद करेगी। कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों को उनकी योग्यता के आधार पर चुना गया। कार्यक्रम का समापन बच्चों के राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह समारोह बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रहा। इसका परिणाम इस प्रकार से रहा। अद्वैत बने हैड ब्वॉय, माहिरा बनी हैड गर्ल, वाइस हेड ब्वॉय गुरफतेह सिंह, डिसिप्लिन ब्वॉय प्रियांष, डिसिप्लिन गर्ल रवरीत कौर,मिस्टर पर्फेक्ट वरदान डिडसा को बनाया गया।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर, 19 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** थाना शहर यमुनानगर की पुलिस टीम ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले में फरार चल रहे पंचकूला के पिंजौर की रतपुरा कालोनी निवासी अमित कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध 12 जून 2025 को शहर यमुनानगर थाना में केस दर्ज हुआ है। जिसके बाद से ही उसकी तलाश की जा रही थी। थाना प्रबंधक सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव ताजकपुर निवासी संजीव कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपी अमित ने संतपुरा गुरुद्वारा के पास अपना कार्यालय बनाया हुआ था। सितंबर 2023 में आरोपी से मिला। उसने अमेरिका में वर्क परमिट पर भिजवाने का झांसा दिया था। इसके लिए 40 लाख रुपये का खर्च बताया। साथ ही शर्त रखी कि 21 लाख रुपये पहले देने होंगे। उसकी बातों में आकर तैयार हो गया। आरोपी को अलग-अलग कर 20 लाख 25 हजार रुपये दिए। काफी समय बीतने के बाद भी वर्क वीजा नहीं लगा तो आरोपी से बात की। वह टाल मटोल करने लगे। मौजिज लोगों के साथ आरोपी के आवास पर पहुंचे और पंचायत की। जहां उसने रुपये वापस करने का आश्वासन दिया था लेकिन रुपये वापस नहीं दिए। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

# युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित




**कुरुक्षेत्र, 19 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मॉय भारत,कुरुक्षेत्र द्वारा थानेसर ब्लॉक के खेड़ी रामनगर में अमीन युवा खेल क्लब, अमीन के सहयोग से एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। माय भारत, कुरुक्षेत्र की जिला युवा अधिकारी सुरमयी द्वारा सभी को पेड़ों व पर्यावरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेड़ माँ के समान है क्योंकि दोनों ही जीवन प्रदान करते हैं और हमारी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। जैसे मां अपने बच्चों की देखभाल करती है, वैसे ही पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं, हमारे पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं और हमें फल, फूल, और छाया प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें जीवन के लिए आवश्यक तत्व प्रदान करते हैं और हमारी पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखते हैं। इसलिए, हमें पेड़ों की रक्षा करनी चाहिए और उन्हें बचाना चाहिए। लेखा एवं कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी ने कहा कि जैसे हम अपनी माँ का सम्मान और देखभाल करते हैं, इसी प्रकार आज लगाए गए पौधों की भी देखभाल करनी है। इस मौके पर माय भारत, कुरुक्षेत्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्राची, किरण, हिमांशी, अमनप्रीत, युवा एवं खेल विकास मंडल उदारसी की कोषाध्यक्ष विजेता सैनी, अमीन युवा मंडल के अध्यक्ष अविराज, सचिव वैदिक चौहान व कपिल चौहान, अनिल कुमार, सीखा, नवनीत, मीनु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विस अध्यक्ष आज करेंगे विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास

**घरौंड़ा, 19 जुलाई ( नरेंद्र लाठर ) :** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण आज घरौंडा में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष 20 जुलाई को सुबह 8:30 बजे ढाकवाला रोडान में नगर खेड़ा पर आयोजित हवन में भाग लेंगे। इसके बाद 9.30 बजे लालूपुरा में सदरपुर मोड़ पर यमुना बांध पर पौधारोपण तथा पीरबडोली से लालूपुरा यमुना बांध तक सडक़ का उद्घघाटन करेंगे। तदोपरांत घरौंडा में 10.30 बजे गुरु दक्ष प्रजापति जयन्ती पर धर्मशाला का उद्घघाटन एवं मूर्ति स्थापना, 11.15 बजे वार्ड 16 की रघबीर विहार कॉलोनी के शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद 11.30 बजे घरौंडा रेस्ट हाऊस के सामने अशोका कॉलोनी के शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना तथा भंडारा कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे करनाल पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की शिकायतें सुनेंगे और शाम 4 बजे कम्बोपुरा के पास जीटी रोड अंडरपास का उद्घाटन तथा पार्क व स्कूल में कमरों का शिलान्यास करेंगे।

# समाधान शिविर में आई शिकायतों का जल्द करें समाधान : डीसी प्रीति

**कैथल, 19 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** डीसी प्रीति ने लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों व अन्य माध्यमों से प्राप्त हुई शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध शिकायतों का समाधान करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीसी ने कहा कि हर सोमवार व वीरवार को जिला मुख्यालय पर लघु सचिवालय में व उपमंडल स्तर पर कलायत व गुहला-चीका में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। आमजन इन शिविरों में अपनी शिकायत दे सकते हैं। अधिकारी आमजन की इन शिकायतों को गंभीरता से लें। डीसी ने पंचायत, पुलिस, राजस्व, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों की नई व पुरानी शिकायतों की एक-एक कर समीक्षा की। इससे पूर्व राज्यस्तर पर जिला अनुसार समाधान शिविरों में आई शिकायतों की समीक्षा की गई। जिसमें कैथल की एक शिकायत का जिक्र हुआ।



डीसी प्रीति ने बताया कि राज्य स्तर पर जो शिकायत बताई गई, उसका निवारण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी आपसी तालमेल से काम करेंगे तो अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे इसी तरह पूरी लगन एवं ईमानदारी के साथ जन शिकायतों का समाधान करते रहें और बेहतर प्रफोरमेंस के स्टेटस को बरकरार रखें। समाधान शिविरों में आई शिकायतों का तुरंत समाधान कर गुणवत्तापूर्वक उनकी एटीआर अपलोड करें। जो शिकायतें जिला स्तर पर नहीं सुलझाई जा सकती, उनके बारे में संबंधित अधिकारियों को लिखें लेकिन अपने स्तर पर किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। उन्होंने जन संवाद कार्यक्रम में प्राप्त हुई शिकायतों के संदर्भ में कहा कि सभी विभाग उन शिकायतों का जल्द निपटान करें। संबंधित विभागों की यूजर आईडी में सभी शिकायतें दिखाई देने लग गई है। आगामी सप्ताह में इन सभी शिकायतों का समाधान करवाएं, जोकि बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि आमजन को लाभ पहुंचाया जा सके। इसके अलावा उन्होंने जनसंवाद पर आई शिकायतों में पंचायत, बिजली विभाग, लोक निर्माण विश्राग, परिवार पहचान पत्र, समाज कल्याण, पुलिस विभाग तथा राजस्व विभाग में लंबित पड़ी शिकायतों को जल्द निपटान करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर जिला नगर आयुक्त सुशील कुमार, जिला परिषद सीईओ सुरेश राविश, एसडीएम अजय सिंह, शुगर मिल एमडी कृष्ण कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी गुरविंद्र, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआरओ चंद्रमोहन, एलडीएम एसके नंदा, डीडीए डॉ. बाबू लाल, डीएचओ हीरा लाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# मंगल पांडे की जयंती पर स्वामी भीष्म लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा का किया आयोजन

**घरौंडा, 19 जुलाई ( नरेंद्र लाठर ) :** घरौंडा स्वामी भीष्म लाइब्रेरी में भारत विकास परिषद के सहयोग से शनिवार को 1857 की क्रांति के क्रांतिकारी मंगल पांडे की जयंती पर प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें लाइब्रेरी के 57 पाठको ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले पाठकों को सम्मानित भी किया गया और सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। सभी बच्चों को लकी कूपन वितरित किए गए जिसमें एक बिटिया शिक्षा का लकी कूपन निकला जिसे संस्था द्वारा विशेष उपहार देकर सम्मानित किया भी गया। लाइब्रेरी मे पाठकों को बैठने के लिए गद्दों की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयोजक संपर्क



धीरज भाटिया, घरौंडा शाखा अध्यक्ष मनीष गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता, चांद पहल, सचिव दीपक शर्मा, कोषयाध्यक्ष हरीश गर्ग, अतुल आर्य, गौरव गोयल, सुनील धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच का संचालक सचिव दीपक शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लाइब्रेरियन सन्दीप लोहट ने सर्वप्रथम सभी अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है जहां पर दर्जनों गांव के लगभग 80 से 85 युवा हरोज लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए आते हैं। लाइब्रेरी में अभी तक 25 से अधिक पाठकों का विभिन्न सरकारी विभागों में चयन हो चुका है।लाइब्रेरी में पाठकों की आवश्कताओं को ध्यान में रखते हुए समय समय पर कई प्रतियोगिता भी कराई जा रही हैं जिससे लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले पाठकों को स्वयं का मूल्यांकन करने में सहायता होती है। आज उसी कड़ी में 1857 की लड़ाई के प्रथम क्रांतिकारी शहीद मंगल पांडे की जयंती पर प्रतियोगिता परीक्षा ली गई जिसमें विन्दम तोमर, संदीप रावल, योगेश, शिवानी, परमजीत, अंतराम, रूमा, पवन, अभिमन्यु, आशा, नेहा, सागर, साहिल भौरिया अव्वल आने पर अतिथियों द्वारा ईनाम देकर सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय पदाधिकारी धीरज भाटिया ने लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे पाठकों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुव्यवस्थित लाइब्रेरी संचालन के लिए नगर पालिका व लाइब्रेरियन संदीप लोहट को बधाई देते हुए कहा कि आप लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर बहुत ही सहरानीय कार्य कर रहे हैं जिससे पाठकों के सरकारी नौकरी में चयन होने के अवसर मिलते हैं। उन्होंने लाइब्रेरी पाठकों को मंगल पांडे के जीवन के बारे में जानकारी दी और भारत विकास परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों और भारत को जानो प्रतियोगिता के बारे में अवगत कराया।

संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने मंगल पांडे के देश की आजादी में अग्रणी भूमिका रही इन्हीं के द्वारा देश की आजादी के लिए अंग्रेजों पर प्रथम गोली चली।जिसमें घोड़े पर सवार लेफ्टिनेंट हेनरी बाघ कोगोली मारी। अंग्रेजों ने मंगल पांडे को 8 अप्रैल 1857 को उनको फांसी दी। और सभी पाठकों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि आप सभी का लक्ष्य पूरी लगन व एकग्रता के साथ प्रतियोगिता की तैयारी का होना चाहिए।

तभी आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं घरौंडा शाखा अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बच्चों को आगे बढ़ने के बारे में प्रेरणा दी और सभीअतिथियों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी लाइब्रेरी में सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में देवीलाल, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, तानिया,आशा, लक्ष्मी, रवि, ऋतु, वंदना, शीतल,विशाल आदि सैकड़ों पाठक मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों की सांस्कृतिक विरासत का लगेगा महाकुंभ : राजीव रंजन

**कुरुक्षेत्र, 19 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** हरियाणा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों की सांस्कृतिक विरासत का महाकुंभ लगेगा। इस सांस्कृतिक विरासत में हर प्रदेश की संस्कृति को देखने के लिए 23 जुलाई से 27 जुलाई तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर कमेटियों का गठन कर दिया गया है और अलग-अलग नोडल अधिकारी भी नियुक्त कर दिए गए है। हरियाणा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत प्रबंधों की समीक्षा हेतु अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। प्रधान सचिव ने अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 में विभिन्न प्रदेशों से आने वाले 900 युवाओं को ठहरने, यातायात, खाने की व्यवस्था, बिजली, शौचालय, साफ सफाई, मंच व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं के साथ-साथ अन्य प्रबंधों पर बारीकी से स्थानीय अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की फीडबैक ली और प्रबंधों को और बेहतर बनाने के लिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने सख्त आदेश दिए कि किसी स्तर पर भी



प्रबंधों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। अगर किसी स्तर पर कमी पाई गई तो सम्बन्धित अधिकारी की जिम्मेवारी भी तय की जाएगी। सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर पर प्रबंधों को निर्धारित समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 में जिस भी राज्य की टीम अनुशासन में अव्वल आएगी। उस राज्य की टीम को मुख्य मंच पर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 23 जुलाई को अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का सुबह 11 बजे उद्घाटन होगा और इस दौरान विभिन्न प्रदेशों से आए युवाओं के द्वारा मार्च पास्ट निकाला जाएगा। इसी दिन 3 बजे से लेकर 4:30 बजे तक विषय विशेषज्ञ युवाओं के साथ सीधा संवाद करेंगे और 5:30 बजे से लेकर 8:30 विभिन्न प्रदेशों से आए युवा अपने-अपने प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि 24 जुलाई को सुबह 6 बजे से लेकर 7 बजे तक योगा सैशन होगा, 10 बजे से लेकर 11:30 बजे तक पर्यावरण और 11:30 बजे से लेकर 1 बजे तक पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों पर मंथन किया जाएगा। इसके उपरांत 3 बजे से लेकर 4ः30 बजे तक विभिन्न प्रदेश अपने-अपने प्रदेशों के प्रमुख गतिविधियों और पर्यटन स्थलों की पीपीटी प्रस्तुत करेंगे तथा सायं के समय 5ः30 बजे से लेकर 8:30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। प्रधान सचिव ने कहा कि 25 जुलाई को सुबह के समय योगा और स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा की जाएगी और सायं 3 बजे से लेकर 8 बजे तक समापन समारोह का आयोजन होगा, 26 जुलाई को विभिन्न प्रदेशों से आए विद्यार्थी कुरुक्षेत्र के पर्यटन और तीर्थ स्थलों का भ्रमण करेंगे तथा 27 जुलाई को सभी युवा अपने-अपने प्रदेश को हरियाणा और कुरुक्षेत्र की यादों के साथ वापिस लौटेंगे। इस मौके पर हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक कैप्टन मनोज कुमार, उपायुक्त नेहा सिंह, डीएसपी सुनील कुमार, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विरेन्द्र पाल, श्री विश्वकर्मा स्कील विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा, डीवाईसीए के निदेशक डा. विवेक चावला, आईटीआई के उपनिदेशक राजकुमार, आईटीआई के प्रधानाचार्य जगमोहन आदि उपस्थित थे।

# यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान-केंद्रों पर उमड़ी किसानों की भारी भीड़

**बाबैन, 19 जुलाई ( राजेश कुमार ) :** बाबैन क्षेत्र के किसानों को इन दिनों यूरिया खाद की किल्लत के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद की दुकानों पर सुबह से ही किसानों की भीड़ देखने को मिल रही हैं। आज जैसे की रामसरन माजरा, संघौर की सहकारी समितियों में यूरिया खाद के ट्रक आने की सूचना किसानों को लगी भारी संख्या में किसान यूरिया खाद लेने के लिए सहकारी समितियों के कार्यालयों पर पहुंच गए। कई बार तो किसानों में एक दूसरे से पहले खाद लेने की होड़ को लेकर आपस में ही तू तू मै मै हो गई। किसान पवन कुमार, जयपाल, जसविन्द्र कुमार व सुखविंदर सिंह का कहना है कि यूरिया खाद की उपलब्धता कम होने के कारण उन्हें खाद के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। उनका कहना था कि यूरिया खाद के बिना धान और गन्ने की फसल को नुकसान होने का डर है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबैन में प्राइवेट खाद विक्रेता यूरिया खाद को लेकर टालमटोल कर रहे हैं और कुछ दुकानदार कालाबाजारी भी कर रहे है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि यूरिया खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते खाद नहीं मिली तो फसलों की उत्पादकता पर बुरा असर पड़ेगा। गौर तलब है कि धान की फसल में यूरिया की जरूरत




अधिक होती है। अगर किसानों को समय पर खाद नहीं मिली, तो फसल कमजोर पडने का खतरा बढ़ जाएगा। ऐसे में किसान जल्द यूरिया खाद के समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

**क्या कहते है खंड कृषि अधिकारी बाबैन**

खंड कृषि अधिकारी बाबैन शशिकांत ने बताया कि किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। कृषि विभाग ने खाद की दुकानों की निगरानी के लिए टीमें तैनात कर दी हैं और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई खाद विक्रेता किसानों को खाद के साथ अन्य कोई उत्पाद खरीदने पर मजबूर करता है तो उसकी तुरंत शिकायत करे उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा नियमों का सभी करें पालन

**कुरुक्षेत्र, 19 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रोड रूल्स लाईफ टूल्स कैंपेन चलाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण



की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि रेडक्रॉस के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुराला में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियम, गुड स्मार्टियन लॉ, क्लेम प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्हें प्रथम चिकित्सा सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि डीएलएसए पीएलवी अमनप्रीत द्वारा सभी को जागरूकता के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि डीएलएसए के इस कैंपेन का उद्देश्य सभी में जागरूकता लाना है, क्योंकि बहुत से लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा देते हैं। सभी को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए।

# 16 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर, 19 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** हमीदा पुलिस चौकी टीम ने 16 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चौकी क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने



शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बच्ची नौवीं कक्षा में पढ़ती है। जब वह स्कूल जाती है तो हमीदा के रहने वाले साहिल पुत्र निसार तथा उसकी बुआ के लड़के अरमान पुत्र इकबाल बाइक पर सवार होकर मेरी लड़की का पीछा करते हैं और कहते हैं कि तुम मेरे साथ भाग चल हम दोनों शादी कर लेंगे। दिनांक 19 जुलाई को आरोपी साहिल ने मेरी लड़की के साथ दोबारा छेड़छाड़ की। यह बात जब मेरी लड़की ने बताई तो मैं अपने परिवार के सदस्यों के साथ साहिल के घर शिकायत लेकर गई तो उसके परिवार वालों ने हमारे से गाली गलौज की और कहा कि साहिल और अरमान आगे भी ऐसे ही छेड़छाड़ करेंगे और अगर रोकने की कोशिश की तो तुम्हारी लड़की को जबरदस्ती उठा कर ले जाएंगे और शादी कर लेंगे। इस शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एएसआई सुदेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुराना हमीदा निवासी साहिल पुत्र निसार व अरमान पुत्र इकबाल को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# मिडिएशन फॉर द नेशन के तहत शिविर का आयोजन

**करनाल, 19 जुलाई ( सोनी दुआ ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अभियान मिडिएशन फॉर द नेशन के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि अभियान मिडिएशन फॉर द नेशन के तहत जिला के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार जिला न्यायालय की अदालतों के मुकदमों का मध्यस्थता के जरिए अधिक से अधिक निपटारा करने के लिए मिडिएशन फॉर द नेशन अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत जुलाई से सितम्बर तक मध्यस्थता के जरिए अधिक से अधिक मुकदमों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने सभी न्यायिक दंडाधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें अधिकाधिक मुकदमे मध्यस्थता केंद्र में भेजने के निर्देश दिए हैं। सीजेएम डॉ. इरम हसन ने भी सभी मिडिएटर्स की बैठक लेकर उन्हें इस अभियान के जरिए अधिकतम मुकदमों का निपटारा करने के लिए प्रेरित किया। सीजेएम ने बताया कि पैरा लीगल वालंटियर सिन्दर ने कम्युनिटी मिडिएशन सेंटर, काछवा में जागरूकता शिविर लगाकर जनसाधारण को अभियान मिडिएशन फॉर द नेशन की जानकारी दी और लंबित मुकदमों का मिडिएशन के जरिए फैसला करवाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने ने लोगों को कम्युनिटी मिडिएशन सेंटर व मध्यस्थता केंद्र की कार्यशैली से भी अवगत करवाया।




# बेटियों के जन्मदिन पर सरकारी स्तर पर जश्न मनाने की योजना स्वागत योग्य : डा. आशा खेदड़

**हिसार, 19 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने प्रदेश सरकार की उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें बेटियों के जन्मदिन पर सरकार की ओर से जश्न मनाने का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत सरकार की ओर से ही गोदभराई व कुआं पूजन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिंगानुपात में सुधार लाने की दिशा में सरकार की यह योजना अहम भूमिका निभाएगी। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग ने इस योजना का ड्राफ्ट तैयार किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद इस मुद्दे पर गंभीर है और पूरी कार्ययोजना तैयार हो चुकी है। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग को बेटियों के जन्म का सार्वजनिक रूप से जश्न मनाने के लिए गोद भराई जैसे सकारात्मक सुदृढ़ीकरण अभियान आयोजित करने का काम सौंपा है। यही नहीं, सरकार अब 6849 गांवों में से सात प्रतिशत सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में गर्भधारण की गहन निगरानी करेगी, जिसका लक्ष्य अगले वर्ष तक लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार लाना है। डॉ. आशा खेदड़ ने बताया कि सरकार ने प्रदेश में कम हो रही लड़कियों की संख्या में सुधार लाने के लिए यह अहम घोषणा की है, जिसके तहत बेटियों का जन्म, गोद भराई व कुआं पूजन जैसे कार्य सरकारी स्तर पर किए जाएंगे। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य जहां लिंगानुपात में सुधार लाना है वहीं बेटियों व उनकी माताओं को प्रोत्साहित करना भी है कि बेटे व बेटी में कोई भेद नहीं होता। बेटियां भी किसी से कम नहीं होती बल्कि हर क्षेत्र में लड़कों के बराबर आयाम छू रही है। उन्होंने सरकार की इस योजना का स्वागत करते हुए कहा कि जैसे ही योजना लागू होगी तो इसका पूरा प्रचार-प्रसार करके इसे सफल बनाया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी सरकार की इस योजना का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सरकार इस योजना को शुरू करेगी, इसका व्याप्त स्तर पर प्रचार किया जाएगा ताकि प्रदेश का लिंगानुपात सुधारा जा सके।



# निगम के 516 सफाई कर्मियों को दी जाएगी वर्दियां, मेयर ने 150 को वितरित कर की शुरुआत

**यमुनानगर, 19 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** नगर निगम के सभी 516 सफाई कर्मियों को सर्दी व गर्मी के मौसम में पहनने के लिए दो-दो वर्दी की जोड़ियां दी जाएगी। शनिवार को मेयर सुमन बहमनी ने पुरानी सब्जी मंडी स्थित नगर निगम के स्टोर में लगभग 150 सफाई कर्मचारियों को वर्दियां वितरित कर इसकी शुरुआत की। मेयर सुमन बहमनी ने पार्षद मनु सिंगला, पवन प्रताप, सीएसआई अनिल नैन के साथ मिलकर सफाई कर्मचारियों को सर्दी व गर्मी के मौसम में पहनने के लिए दो-दो जोड़ियां वर्दियां वितरित की। मेयर बहमनी ने बताया कि सफाई कार्य बाधित न हो, इसलिए अलग अलग चरणों में कर्मचारियों को वर्दियां वितरित की जाएगी। सभी कर्मचारी रोजाना वर्दी पहनकर सफाई कार्य करें। मेयर बहमनी ने कहा कि यह सफाई कर्मचारी लगभग चार साल से वर्दियों की मांग कर रहे थे। कर्मचारियों की समस्या का पता चलने के बाद उन्होंने सफाई कर्मचारियों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया था। अब सभी कर्मचारियों को वर्दियां वितरित करने का कार्य शुरू किया गया। सभी सफाई कर्मियों को दो वर्दी की जोड़ियां सर्दी व दो गर्मी के मौसम में पहनने को दी जा रही है। मेयर बहमनी ने कहा कि शहर को साफ रखने और स्वच्छ वातावरण बनाने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका सबसे अहम है। उनकी सेवा भावना की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। स्वच्छता ही सेवा है और हमारे सफाई कर्मचारी स्वच्छता का कार्य कर देश की बहुत बड़ी सेवा कर रहे हैं। बीमारियों को पनपने से रोक रहे हैं, समाज को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध करा रहे हैं। आज सफाई कर्मचारियों के सहयोग से ही हमारा शहर पूरे देश की स्वच्छता रैंकिंग में 47वें रैंक पर आया है। निश्चित रूप से सफाई कर्मियों का कार्य नौकरी के दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ समाज सेवा व देश का कार्य है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को आह्वान किया कि वे सफाई कार्य के दौरान लोगों तक स्वच्छता का संदेश फैलाएं, उन्हें समझाएं कि वे सार्वजनिक स्थानों में कचरा न फेंके, शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि जब शहर स्वच्छ रहेगा, गदंगी नहीं रहेगी तो बीमारियां भी नहीं रहेंगी। लोग स्वस्थ व ऊर्जावान रहेंगे तथा देश की प्रगति में अपना अधिक सहयोग दे सकेंगे। सीएसआई अनिल नैन ने बताया कि अलग अलग चरणों में सभी सफाई कर्मचारियों को वर्दियां वितरित की जाएगी। कर्मचारी केवल निगम ड्यूटी के दौरान ही वर्दी पहने। अपने निजी कार्यों में इसका इस्तेमाल न करें।




# गांव मुआना के पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चारो ओर उगी कांग्रेस घास

*बच्चों को टॉयलेट में नहीं मिल रहा पानी, बच्चों के आरोप- पेयजल के लिए साफ पानी उपलब्ध नहीं, स्कूल की कंडम बिल्डिंग में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं बच्चे*

**सफीदों, 19 जुलाई ( एस. के. मित्तल ) :** सफीदों विधानसभा के सबसे बड़े गांव मुआना के पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़के) में कांग्रेस घास प्रांगण में इस तरह से पनप रही है कि मानों यहां पर कांग्रेस घास की स्कूल स्टाफ द्वारा खेती की जा रही हो। ऐसे में स्कूल के छात्र भी उसी कांग्रेस घास में खेलने व पढ़ने को मजबूर हैं। इस घास में जहरीले सांप भी घूम रहे हैं। ऐसे में अगर किसी विद्यार्थी को सांप काट लेता है तो स्कूल की बड़ी लापरवाही साबित होगी और बाद में लकीर पीटने के सिवाय कुछ नहीं रहेगा। इस मामले में ग्राम पंचायत व शिक्षा विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस स्कूल के ये हालात तब हैं जब इस स्कूल को पीएम श्री स्कूल का दर्जा दिया गया है और इस स्कूल में 750 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। स्कूल में नौवीं कक्षा के बाद बच्चों से फीस भी ली जा रही है। उसके बावजूद भी बच्चों को सुविधाएं व माहौल उपलब्ध नहीं है। सीबीएसई फीस की फीस भी ले जा रही है। इसी परेशानी के चलते शनिवार को गांव के गण्यमान्य नागरिक सतपाल शर्मा, रमेश मिस्त्री, संजू राणा, मामन शर्मा, राजा, शिवचरण, पप्पू, ओमप्रकाश राणा व अन्य ग्रामीण स्कूल में पहुंचे और समस्या को लेकर स्कूल स्टाफ से बात की। वहीं ग्रामीणों व स्कूली बच्चों ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल के टॉयलेट में पानी उपलब्ध नहीं है। उ

न्हे पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। इसके अलावा स्कूल की बिल्डिंग भी कंडम है। जोकि कभी भी बारिश के मौसम में गिर सकती है। ग्रामीणों व बच्चों ने सरकार व शिक्षा विभाग से मांग की कि सबसे पहले तो स्कूल प्रांगण की पेयजल की व्यवस्था की जाए, स्कूल प्रांगण से कांग्रेस घास साफ करवाई जाए, स्कूल की नई बिल्डिंग बनवाई जाए। स्कूल के इंचार्ज जयपाल ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल विजयपाल छुट्टी पर गए हुए हैं। सोमवार तक कांग्रेस घास को कटवा दिया जाएगा। स्कूल की बिल्डिंग कंडम घोषित की हुई है। नई बिल्डिंग निर्माण को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों को लिखा जा चुका है। बच्चों को साफ-सुथरा पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है।



# यूपी में बड़े धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़, छह राज्यों से जुड़े नेटवर्क के 10 लोग गिरफ्तार, विदेशी फंडिंग का भी खुलासा

**लखनऊ, 19 जुलाई ( निस ) :** उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस ने अवैध धर्मांतरण के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये देश के छह राज्यों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छद्म नाम से गैर मुस्लिम युवतियों से दोस्ती कर उन्हे प्रेमजाल में फंसाते थे और बाद में उन्हे इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया जाता था।

उन्होने बताया कि पूरे मामले की शुरुआती जांच में इस गिरोह का संबंध पीएफआई, एसडीपीआई और पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से होने के संकेत मिले हैं। इस घटना के संबंध में बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 11 टीमों को लगाया गया था जिन्होने आयशा (एसबी कृष्णा) गोवा, अली हसन (शेखर राय) कोलकाता, ओसामा-कोलकाता, रहमान कुरैशी-आगरा, अब्बू तालिब-खालापार, मुजफ्फरनगर,अबुर रहमान-देहरादून, मोहम्मद अली-जयपुर, राजस्थान, जुनैद कुरैशी-जयपुर, मुस्तफा (मनोज)-दिल्ली, मोहम्मद अली-जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आगरा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में उत्तर प्रदेश की विशेष एजेंसी एटीएस और एसटीएफ भी शामिल थी। अब इस मामले की आगे की जांच के लिए अन्य राज्यों की पुलिस तथा केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि आगरा जिले में पिछली मार्च में दो सगी बहनों जिनकी उम्र 33 वर्ष और 18 वर्ष की थी गुमशुदगी का मामला उनके परिवार में दर्ज कराया था। जिसमें धारा 87, 111(3), 111(4) और 3/5 उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सा परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की जांच के दौरान सदर बाजार पुलिस और साइबर पुलिस को रेडिकलाइजेशन लव जिहाद में शामिल लोगों के बारे में पता चला, जिनकी फंडिंग कनाडा और अमेरिका से हो रही थी। आगरा पुलिस ने इसकी जानकारी डीजीपी मुख्यालय और अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था को दी, जिसके बाद इस पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू हुई।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने बताया कि इस नेटवर्क में लव जिहाद का उपयोग कर तथा विदेश से प्राप्त धन से धन परिवर्तन व रेडिकलाइजेशन के सबूत मिले हैं। गिरफ्तार अभियुक्त पूरे नेटवर्क में अलग-अलग रोल निभाते थे। जैसे फंड प्राप्त करना, फंड को चैनेलाइज करना, सेफ हाउस बनाना, लीगल एडवाइस देना, नए फोन व सिम प्रदान करना, प्रेम जाल में फसना, धर्म परिवर्तन के लिए सब्जबाग दिखाकर प्रेरित करना, धर्म परिवर्तन के लिए कागज तैयार करना व रेडीकलाइजेशन करना आदि शामिल है। गौरतलब है कि पुलिस ने एक नया मिशन अस्मिता लॉन्च किया था। इसके तहत पूर्व में अवैध धर्म परिवर्तन के सिंडिकेट के दो लोगों गौतम और मुफ्ती जहांगीर आलम को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था।

अभी हाल ही में बलरामपुर के उतरौला में धर्म परिवर्तन करने वाले जमालुद्दीन उर्फ ठाकुर के सिंडिकेट को एटीएस और एसटीएफ ने पर्दाफाश किया था।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत 500 बच्चों को पौधे किए वितरित

**कैथल, 19 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत 500 बच्चों को पौधे वितरित किए। प्राचार्य हरपाल सिंह बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम का मतलब है कि यह पेड़ प्रकृति, पर्यावरण और पारिवारिक मूल्यों को जोड़ने वाला एक मजबूत सेतु है। जब बच्चा अपनी माँ के नाम पर एक पौधा लगाता है, तो उसमें दो चीजें पनपती हैं, एक हरियाली और दूसरी संवेदना। वह पौधा उस बच्चे के जीवन में प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक बनता है और माँ के प्रति उसके प्रेम का साक्ष्य। आज 500 बच्चों को पौधे देकर हमने न केवल 500 पेड़ लगाए हैं, बल्कि 500 दिलों में माँ और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का बीज बोया है। यह बीज बड़ा होकर पर्यावरण की छांव बनेगा— और वह भी माँ की ममता से सिंचित। आप सभी अपने द्वारा लगाए इस पौधे की देखभाल ऐसे करें जैसे आप अपनी माँ की करते हैं। प्रतिदिन उसका हाल पूछें, उसे पानी दें, और जब वह बढ़े, तो गर्व से कहे यह मेरी माँ के नाम का पेड़ है। इस मौके पर सरपंच गगनदीप ने कहा कि हमारे गांव में गो चरान की भूमि पर कोई भी बच्चा पेड़ लगा सकता है गांव में जल्द ही हर्बल पार्क भी बनाई जाएगी।ताकि लोगों को प्राकृति से जोड़कर पर्यावरण को शुद्ध किया जा सके। नर्सरी से पौधे लाने में इको क्लब इंचार्ज सुखवंत सिंह ओर संदीप की अहम भूमिका रही।



# रोड रूल्स, लाइफ टूल्स के तहत जागरूकता शिविर व चालान ड्राइव




**करनाल, 19 जुलाई ( सुनील कुमार ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज पुलिस विभाग के सौजन्य से राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुताना, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुण्डरक और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबरी में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि हालसा, पंचकूला के आदेशानुसार अभियान च्रोड रूल्स, लाइफ टूल्स के तहत जिला के विभिन्न स्थानों व स्कूलों में जागरूकता शिविर व चालान ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुण्डरक और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबरी में पीएलवी अज्ञा पाल ने निरीक्षक रोशन लाल व उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार के साथ जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इसके अलावा निरीक्षक राजेशलता ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुताना में जागरूकता शिविर का आयोजन किया और मौजूद स्टाफ व विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कुताना व जीटी रोड, करनाल पर जागरूकता शिविर व चालान ड्राइव का आयोजन कर लोगों को जन साधारण को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# बाइक पर फर्जी नंबर लगा कर चलाते हुए एक आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर, 19 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस चौकी अर्जुन नगर की टीम बाइक पर फर्जी नंबर लगा कर चलाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चौकी इंचार्ज जसपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक अपनी बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। इस सूचना पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए मौके पर जाकर एक युवक को बाइक सहित काबू किया। आरोपी ने अपनी बाइक पर ।।क्र-92-7 4449 नंबर लिखवा रखा था। जब कि चेक करने पर उसका असली नंबर ।।क्र-92-8350 मिला। टीम ने बाइक को कब्जे में लिया। पूछताछ पर आरोपी की पहचान गांव गुलाबगढ़ निवासी सौरभ पुत्र धर्मपाल के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



# किसानों को यूरिया के लिए घंटो लाईनों में लगना पड़ रहा

**असंध, 19 जुलाई ( दलसिह मान ) :** बल्ला में स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति पर यूरिया लेने के लिए किसानों की लंबी लाइन लगी है, किसानों में अपरा तफरी का माहौल बना हुआ है और हर एक किसान यूरिया लेने को बेताब है। जिसके लिए किसान घंटो लाइन में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहा है। किसान जगबीर संदीप, सोनू, जगदीश, रामकुमार, प्रवीन,पवन आदि का कहना है कि करीब 20 दिन बाद समिति पर यूरिया खाद आया है फिलहाल किसान को गन्ना एवं धान की फसल में यूरिया डालने की आवश्यकता है, लेकिन समिति पर किसानो की जरूरत अनुसार खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ।शनिवार सुबह किसानों को जानकारी मिली कि सहकारी समिति पर 500 बैग खाद आया है तो भारी संख्या में किसान समिति पर पहुंच गए और घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे। सहकारी समिति में कार्यरत सचिव दिलबाग सिंह ने बताया कि समिति से हजारों किसान जुड़े हुए हैं यूरिया खाद की सरकारी स्तर पर ही किल्लत है, जबकि उन्होंने एक हजार बैग का चेक एडवांस भेजा हुआ है ताकि किसानों की आवश्यकता अनुसार यूरिया खाद उपलब्ध करा सके। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सोसाइटी में 500 बैग यूरिया खाद के आए थे जो शनिवार को किसानों की सहमति से शांतिपूर्ण ढंग से वितरित कर दिए गए हैं।



# श्री विशुद्ध सागर महामुनिराज के समक्ष जिनालय निर्माण की रूपरेखा रख लिया आशीर्वाद

**इन्दौर, 19 जुलाई ( निस ) :** शुभ लाभ होम्स परिसर, कनाडिया रोड इंदौर पर नव निर्माणाधीन श्री 1008 भगवान मुनिसुब्रतनाथ जिनालय के लिए पथरिया में विराजित श्रमण संस्कृति के महामहिम आचार्य श्री विशुद्ध सागर महामुनि राज से मुनिसुब्रतनाथ दिगंबर जिनालय की नवनिर्माण प्रबंध कार्यकारिणी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर महाराज के समक्ष नवनिर्माण जिनालय की संपूर्ण रूपरेखा रखी और गुरुवर का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि आचार्य गुरुवर ने जिनालय निर्माण, मूर्ति स्थापना, शिखर निर्माण और बेदी प्रतिष्ठा के भावी मंगलमय कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अविनाश जैन,महामंत्री सुनील जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज कुमार सेठी, उपाध्यक्ष मनोज बड़जात्या एवं सूर्यकांत जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल थे।

## बिजली विभाग की सब डिविजन छछरौली कार्यालय के स्टोर रूम में कोबरा मिलने से मचा हड़कंप



**जगाधरी, 19 जुलाई ( रोहतास कुमार ) :** बिजली विभाग की सब डिविजन छछरौली कार्यालय के स्टोर रूम में कोबरा मिलने से हड़कंप मच गया। लगभग 7 फीट लंबे कोबरा को देख कर बिजली विभाग के अधिकारियों ने वन्य प्राणी विभाग को सूचित किया. सूचना मिलते ही वन्य प्राणी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कोबरा सांप का रेस्क्यू किया। छछरौली बिजली दफ्तर के जेई संतोष ने बताया कि लेबर ने उनको सूचना दी थी कि वो काम के लिए स्टोर रूम से समान निकाल रहे थे। सामान के नीचे एक कोबरा सांप फन फैलाए बैठा था जिसे देख मजदूर डर गए और अधिकारियों को सूचित किया। मौके पर जाकर अधिकारियों ने जब सांप को देखा, तो वो भी डर गए और उन्होंने तुरंत वन्य प्राणी विभाग को इसकी सूचना दी। वन्य प्राणी विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू किया। सूचना मिलने पर वन्य प्राणी विभाग ने सुरेश और संजीव को मौके पर भेजा। ऐसे खतरनाक सांपों को पकड़ने के माहिर सुरेश ने चंद सेकेंड में सांप का रेस्क्यू कर अपने काबू में कर लिया। वन्य प्राणी विभाग के रक्षक सुमित ने बताया कि यह कोबरा प्रजाति का सांप है और यह बहुत जहरीला होता है। छछरौली से पकड़े गए सांप को कलेसर जंगल में छोड़ दिया गया है।

# बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**करनाल, 19 जुलाई ( सुनील कुमार ) :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in/ पर आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीकी, पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 18 वर्ष तक की हो, को ही प्रदान किए जाते हैं। अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा चयनित बालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके बाद फाइनल नामों का चयन राष्ट्रीय समिति द्वारा किया जाएगा।

## बीड़ बबरान धाम में 20 जुलाई को होगा श्याम बाबा का संकीर्तन

**हिसार, 19 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** श्रद्धालुओं की आस्था का पर्याय बन चुके महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में 20 जुलाई को संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस संकीर्तन में बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा व हिसार के कई भजन गायक अपने मधुर कंठ से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। 20 जुलाई को सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक चलने वाले इस संकीर्तन के दौरान भक्तगण श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर अपनी अर्जी लगाएंगे। धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि भक्तों की बीड़ बबरान धाम के प्रति अगाध आस्था है। इसलिए अर्जी संकीर्तन में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि जो भक्त श्याम बाबा के दरबार में सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसके सभी कष्टों का सहज ही निवारण हो जाता है। उन्होंने बताया कि अर्जी संकीर्तन में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं को धाम में श्याम बाबा के दरबार, वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, अखंड जोत, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला, मढ़ी व महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष के भी दर्शन करने का अवसर मिलेगा।

## चावल मार्केट में चोरों ने तोड़े कई दुकानों के ताले, व्यापारियों में दहशत

**तरावड़ी, 19 जुलाई ( छाया शर्मा ) :** तरावड़ी जीटी रोड के पास चावल मार्किट में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए कई दुकानों के ताले तोड़ दिए। इस घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया है और व्यापारी दहशत में हैं। अज्ञात चोरों ने बड़ी सफाई से घटना को अंजाम देते हुए दुकानों के ताले तोड़े और अंदर घुसकर नकदी व कीमती सामान की तलाश की।



हालांकि शुरुआती जानकारी के अनुसार अभी तक बड़ी चोरी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में बड़ी वारदात हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। चावल व्यापारी ने बताया कि हम दिन-रात मेहनत कर कारोबार करते हैं, लेकिन जब सुरक्षा ही नहीं होगी तो कारोबार कैसे करेंगे? यह हमारे लिए चिंता का विषय है। इस घटना ने जीटी रोड पर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने मौके पर साक्ष्य जुटाए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में 22 व 23 जुलाई को सावन शिवरात्रि का भव्य मेला लगेगा : बजरंग गर्ग

**हिसार, 19 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर की मीटिंग मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई।



इस मीटिंग में मंदिर में दो दिवसीय 22 व 23 जुलाई को लगने वाला सावन शिवरात्रि मेला की तैयारी की समीक्षा की गई। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में 22 व 23 जुलाई को सावन शिवरात्रि का भव्य मेला लगेगा। जिसमें हजारों भक्त परिवार सहित भाग लेंगे। मेले में 22 तारीख को शिव भक्तों के लिए ठहरने व खाने की व्यवस्था की गई है और शिवालय मंदिर में 23 जुलाई को प्रात: से ही भगवान शिव भोले जी को शिव भक्तों द्वारा कावड़ व जल चढ़ाया जाऐगा।

सुबह से ही बाबा शिव पार्वती जी की सुंदर-सुंदर झांकियां की प्रस्तुति होगी। शिवालय मंदिर को भव्य रूप से लाईट व फूलों से सजाया गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि शिवरात्रि के दिन 23 जुलाई को सुबह चाय, पकौड़े, गुलाब जामुन, हलवा, जलेबी, पाव भाजी व फल-फ्रूट का अटूट प्रसाद प्रभु इच्छा तक चलेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि शिवालय मंदिर में अभी से भारी संख्या में भक्तों का मंदिर में आना-जाना लगा हुआ है। प्राचीन शिवालय मंदिर लगभग 200 साल पुराना है। शिवालय मंदिर के साथ जनता की आस्था जुडी हुई है। शिवालय मंदिर की बहुत बड़ी मानता है। मंदिर में जो भी भक्त पूजा-पाठ करने आता है उसकी हर मनोकामना भगवान शिव भोले पूरी करते हैं। इस अवसर पर संरक्षक नारायण दास बंसल, वरिष्ठ उप प्रधान कैलाश चौधरी, पीजीएसडी संस्था के प्रबंधक ओमप्रकाश असीजा, कार्यक्रम संयोजक जगत नारायण, पीजीएसडी संस्था के सचिव सुरेंद्र सिंगल, रमेश पटवारी, कृष्ण लाल बागड़ी, सत्यपाल असीजा, गुलशन महाजन, प्रिंसिपल सतेंद्र गोयल, जगदीश प्रधान आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

# डाइट शाहपुर में 12 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन, नवपदोन्नत प्राचार्यों को प्रमाण पत्र वितरित



**करनाल, 19 जुलाई ( संदीप रोहिला ) :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डाइट), शाहपुर करनाल द्वारा आयोजित 12 दिवसीय नवपदोन्नत प्राचार्य नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज गरिमामय समापन हुआ। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा एवं डाइट प्रभारी मुनीश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल नेतृत्व की कामना की। अंतिम दिवस पर विद्यालय प्रमुखों की भूमिका, सामाजिक जिम्मेदारियां एवं प्रशासनिक प्रबंधन जैसे विषयों पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा एवं डॉ. देवेंद्र शर्मा (सहायक प्राध्यापक, जीवविज्ञान) द्वारा पिछले सत्रों के फीडबैक से हुई। इसके पश्चात डाइट एवं आई एफ आई सी प्रभारी मुनीश कुमार ने प्राचार्यों को प्रेरणादायी संदेश दिया और नेतृत्व में मूल्य आधारित कार्यशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रथम सत्र में डॉ. ईश्वर सिंह (सहायक प्राध्यापक, भूगोल) ने नशा उन्मूलन में विद्यालय प्रमुखों की भूमिका पर चर्चा की। द्वितीय सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी, इन्द्री, धर्मपाल ने मिड डे मील योजना की निगरानी एवं संचालन संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। समापन समारोह के दौरान डी ई ई ओ रोहतास वर्मा ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे सभी नवपदोन्नत प्राचार्यों को प्रशिक्षण की उच्च गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसे नेतृत्व विकास की दिशा में सार्थक पहल बताया। प्रधानाचार्या अनीता ने आयोजन स्थल की सभी व्यवस्थाओं का सफल संचालन सुनिश्चित किया। डा. नरेंद्र कुमार (सहायक प्राध्यापक, गणित) ने प्रतिभागियों के चाय, नाश्ते व भोजन की व्यवस्थाएं संभालीं, वहीं राजकुमार (लिपिक) ने प्रतिभागियों की उपस्थिति दर्ज करने का उत्तरदायित्व निभाया। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा एवं भविष्य के नेतृत्व के प्रति प्रतिबद्धता के साथ हुआ, जिसने सभी प्रतिभागियों को नई ऊर्जा से भर दिया।

# कांवड़ियों ने सफीदों नगरी बनाई शिवमय

**सफीदों, 19 जुलाई ( एस. के. मित्तल ) :** दिनोंदिन बढ़ रही कांवड़ियों की संख्या ने ऐतिहासिक नगरी सफीदों को शिवमय बना दिया है। नगर की हर सड़क, चौंक-चौराहों व मंदिरों में शिवभक्त ही शिवभक्त दिखाई दे रहे हैं। आजकल शिवभक्तों में कांवड लाने का भी क्रेज बदला हुआ है। अधिकतर कांवड़िए शिव भगवाप के स्वरूप को कांधे पर उठाकर लाते दिखाई दे रही है। वहीं कांवड़ यात्रा में देशभक्ति की भावना भी प्रदर्शित की जा रही है। कांवड़ियों ने कांवड़ पर तिरंगे से सरोबार किया हुआ है। इस बार अधिक से अधिक मात्रा में गंगाजल लाने की होड़ भी दिखाई दे रही है। कांवड़ लाने वाली महिला शिवभक्तों की तादाद भी इस बार अधिक है। शिवभक्तों के स्वागत के लिए यहां के श्रद्धालुगण भी पलक पावड़े बिछाएं हुए है। शिवभक्तों की



सेवा, ठहरने व खाने की व्यवस्था के लिए नगर के शिव शक्ति कावड़ सेवा संघ द्वारा पानीपत रोड़ पर हांसी ब्रांच नहर के पास, सांझा कावड़ सेवा समिति द्वारा खानसर चौंक, गांव खेड़ा खेमावती, महादेव कांवड़ सेवा समिति जींद रोड़, दा रिवर हट हांसी ब्रांच नहर सफीदों में शिविर लगाए गए हैं। कावंड शिविरों के संचालक दिन रात एक करके कांवड़ियों की सेवा कर रहे हैं। इस बात का विशेष ख्याल रखा जा रहा है कि शिवभक्तों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े। शिविरों में कांवड़ियों को उपचार देने के लिए ख्चिकित्सकों की सुविधा दी गई है। फिलहाल सफीदों से दुरस्थ क्षेत्रों के कांवडिए गुजर रहे हैं। वहीं पुलिस ने भी शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए खास प्रबंध किए हुए है। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस लगातार गश्त की जा रही है। वहीं कांवड शिविरों के आसपास बैरिकेट लगाकर सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता किया जा रहा है। सिटी थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद है। शिवभक्तों की सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध किए हुए है। इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि मुख्य मार्गों पर कांवड़ियों के साथ-साथ आने-जाने वाले वाहन चालकों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस टीम का जागरूकता अभियान जारी किया बाबैन थाना के कई गांवों का दौरा



**बाबैन, 19 जुलाई ( राजेश कुमार ) :** पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में जिला को नशा मुक्त बनाने को लेकर पुलिस टीम के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। शनिवार को ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार ने गांव कलाल माजरा, जलाखेडी, सुजरा व हरिपुरा आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों के साथ नशा मुक्ति अभियान को लेकर विचार-विमर्श किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार ने गांव कलाल माजरा, जलाखेडी, सुजरा व हरिपुरा आदि गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशामुक्त करने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। आमजन से बात करते हुए ने उप निरीक्षक ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने बैठक में मौजूद व्यक्तियों को कहा कि यदि आपके गांव में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना में दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उप निरीक्षक ने गांव के नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वो नशे से दूर रहकर पढाई और खेलों में अपने परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। पुलिस टीम ने आमजन से नशामुक्त गांव बनाने को लेकर ग्रामीणों से अपील की।

निरीक्षक ने मौजूद ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत डायल 112 पर इसकी सूचना दें। बैठक में जिला पुलिस के ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार, गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य एंव मौजिज व्यक्तियों ने भाग लिया।

## प्रथम सप्ताह में दो दिन वेद प्रचार का लिया संकल्प

**सफीदों, 19 जुलाई ( एस. के. मित्तल ) :** आर्य समाज सफीदों की बैठकें उपमंडल के गांव सिंघाना व पाजू खुर्द में संपन्न हुई। बैठक में साहब सिंह राणा, मा. सतीश आर्य, पवन आर्य, देवा सिंह आर्य व वासदेव आर्य विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में महर्षि दयानंद मिशन और वेद के विचारों को समाज में जन-जन व घर-घर तक पहुंचाने और आर्य समाज संगठन को मजबूत करने को लेकर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। वहीं एक वेद प्रचार रथ यात्रा निकालने की आवश्यकता महसूस की गई। बैठक में फैसला लिया गया कि ग्राम सिंघाना में हर माह के प्रथम सप्ताह के सोमवार को और माह के अंतिम सप्ताह शनिवार को यज्ञ व वेद प्रचार के कार्यक्रम आयोजित करवाएं जाएंगे। इसके अलावा बच्चों के लिए निःशुल्क वैदिक संस्कारशाला संचालित कर जाएगी। वहीं साप्ताहिक वैदिक यज्ञ व आर्य समाज संगठनात्मक स्वरूप पर गोष्ठियों का भी आयोजन किया जाएगा।



## दो दिवसीय स. बलवंत सिंह रनिंग ट्रॉफी में प्रतिभागियों ने मारी बाजी




**करनाल, 19 जुलाई ( संदीप रोहिला ) :** एस.बी.एस. सीनियर सैंकेडरी स्कूल रेलवे रोड़ करनाल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरदार बलवंत सिंह रनिंग ट्रॉफी का आयोजन किया गया। 15 जुलाई एवं 17 जुलाई को दो दिवसीय अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं के अंतर्गत पहले दिन अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 21 विद्यालयों से लगभग 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में रनिंग ट्रॉफी प्रताप पब्लिक स्कूल जरनैली कॉलोनी ने जीती। दूसरे दिन 17 जुलाई को अंतरविद्यालयी शब्दगायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें गुरूतेग बहादुर पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त करके रनिंग ट्रॉफी जीती। बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल असंध ने प्रथम स्थान प्राप्त करके रनिंग ट्रॉफी जीती। प्रतियोगिता के अंत में प्रधानाचार्या हरजीत कौर ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 19 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की हुई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राष्ट्र पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन किए जा सकते है। यह पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के लिए दिए जाते है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है और 18 व से अधिक आयु का नहीं है। आवेदन यानी नामांकन की अंतिम तिथि तक पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है। कोई अन्य व्यक्ति भी योग्य बच्चे को पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आवेदन केवल इसी उद्देश्य के लिए डिजाइन किए गए पोर्टल अवार्ड डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से किए जांएगे।

## 31 जुलाई तक चलेगा स्टॉप डायरिया अभियान

**कुरुक्षेत्र, 19 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** जिला सिविल सर्जन डा.सुखबीर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया (दस्त) से बचाने के लिए स्टॉप डायरिया अभियान चला हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अभियान 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस कार्यक्रम में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया ( दस्त) से बचाव के बारे मे बच्चो व उनके अभिभावकों को जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा वर्कर, एएनएम, सीएचओ, आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर के द्वारा घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चो को दो-दो ओआरएस के पैकेट तथा 14-14 जिंक टेबलेट वितरित किए जा रहे हैं तथा ओआरएस घोल बनाने तथा जिंक टैबलेट के प्रयोग के बारे मे जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को अपने बच्चो को डायरिया ( दस्त) से बचाने के लिए स्वच्छता हाथ धोने का सही तरीका, पीने के लिए साफ पानी का प्रयोग या पानी को उबालकर पीना, पूर्ण आहार व पर्याप्त पोषण आदि के बारे में सजग रहने की आवश्यकता है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूनक में अनीमिया शिवर का आयोजन



**मूनक, 19 जुलाई ( जय भगवान ) :** मूनक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। यह शिवर डॉक्टर राहुल की देखरेख में लगाया गया। जिसमें 70 लोगों ने बीपी, शुगर व खून की जांच कराई। डॉक्टर राहुल ने बताया कि सरकार के द्वारा चलाए गए अनीमिया के टी फोर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें व्यक्ति के जांच ,इलाज, बात व निगरानी चार पहलू पर बात की जाती है। जिसमें खून की जांच कर उनके इलाज के लिए कहा जाता है, उनकी निगरानी के लिए उनसे अपने संपर्क में रहकर बातचीत कर उसका सही तरीके से इलाज किया जाता है। इसके दौरान उन्हें बताया जाता है कि हमारे शरीर में खून कैसे बनता है और इसके लिए हमें क्या-क्या अपने भोजन में शामिल करना है। समय-समय पर डॉक्टर पर जांच करवाना यह भी एक इलाज का हिस्सा है। जिससे उन्हें अपने शरीर के अंदर खून का बढना घटना पता लगता रहता है। खून की कमी होने के कारण शरीर में कमजोरी व अनेक बीमारियों से व्यक्ति ग्रस्त हो जाता है। इससे बचने के लिए हमें अपने खान-पान व शरीर पर विशेष ध्यान रखना होगा। कैंप के दौरान डॉक्टर भारती वत्स, डॉक्टर अनिल, सुरेश, अंग्रेज सिंह, सरिता व स्टाप ने सहयोग किया।

# जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक 23 जुलाई को

**कुरुक्षेत्र, 19 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** जिला सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित वाहन स्कूल पॉलिसी तथा ब्लैक स्पॉट को लेकर मासिक बैठक का आयोजन 23 जुलाई को सुबह 11:30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगा। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त करेंगी। आरटीए इंस्पेक्टर जोगिन्द्र सिंह ढुल ने कहा कि जिला सडक़ सुरक्षा समिति की मासिक बैठक 23 जुलाई को होने जा रही है। इस बैठक का एजेंडा सभी अधिकारियों को भेज दिया गया है और पिछली बैठक के एजेंडा बिंदुओं पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आरटीए विभाग में भिजवाई जाए ताकि सडक़ सुरक्षा की बैठक की पीपीटी समय पर तैयार की जा सके।

# स्कूल में बच्चों को स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधि करवाई



रतिया, 19 जुलाई ( अमन सेठी ) : मढ़ कॉलोनी स्थित अपैक्स स्मार्ट स्कूल में शनिवार को स्वास्थ्य जागरूकता पर गतिविधि करवाई गई। जिसमें बड़े बच्चों ने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचने के विषय पर नाटक और छोटे बच्चों द्वारा योगा किया गया। मैनेजमेंट प्रबंधक अशोक मदान ने बच्चों को बताया कि अत्यधिक मोबाइल उपयोग से आंखों पर तनाव, नींद में खलल, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। विद्यालय प्रबंधक शैलेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि बच्चों द्वारा मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग कई समस्याओं को जन्म दे सकता है,मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बच्चे सामाजिक गतिविधियों और पढ़ाई से दूर हो सकते हैं, जिससे उनके सामाजिक और शैक्षणिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधी इन समस्याओं से बचने के लिए योग करें व स्वस्थ भोजन खाएं। प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने बताया कि हमें बच्चों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचाने के लिए, हमें एक साथ मिलकर काम करना होगा। माता-पिता, शिक्षक और बच्चे, सभी को इस समस्या के बारे में जागरूक होना चाहिए। इस अवसर पर सोनिया मदान, ज्योति कम्बोज, कुलवीर, पारुल, अंजलि, सोनिया कटारिया, बबीता, कमल आदि मौजूद रहे।

# अवैध माइनिंग में पकड़े गए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर, पुलिस की त्वरित कार्रवाई जारी



रायपुररानी, 19 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ) : रायपुररानी के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के समीप स्थित क्रेशर जोन के पीछे नदी क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर जब्त किए हैं। सूचना के अनुसार, 19 जुलाई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से नदी से अवैध माइनिंग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने अपनी टीम को घटनास्थल पर भेजा। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध खनन में लगे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। इसके बाद थाना रायपुररानी में इन वाहनों को खड़ा कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि पुलिस अवैध खनन की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे हुए है और संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# छांगुर के दो करीबी बलरामपुर से इमरान और शहाबुद्दीन से गिरफ्तार

लखनऊ, 19 जुलाई ( निस ) : उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के दो करीबियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस ने छागुर गैंग के दो सदस्यों सबरोज उर्फ इमरान (42) और शहाबुद्दीन (36) को बलरामपुर जिले से गिरफ्तार किया। दोनों छांगुर के करीबी बताये जाते है जो गरीब मजबूर लोगों को आर्थिक मदद का आश्वासन देकर उन्हे धर्म परिवर्तन के लिये उकसाते थे। गौरतलब है कि धर्मांतरण के आरोपी छांगुर और उसकी करीबी नसरीन से पूछताछ के बाद यूपी एटीएस 100 से अधिक लोगों को रडार पर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच में छांगुर के 40 बैंक खातों में 106 करोड रुपए की लेनदेन का पता चला है। इनमें ज्यादातर राशि पश्चिम देशों से मिली है। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि जांच का उद्देश्य ठाकुर से जुड़े व्यक्तियों और संगठनों की ओर से प्राप्त विदेशी चंदे के स्त्रोत और उसके अंतिम उपयोग का पता लगाना है। संदेह है कि इन पैसों का इस्तेमाल या धर्मान्तरण के साथ ही साथ आतंकी फंडिंग के लिए भी कर रहा था। ईडी ने मुंबई में शहजाद शेख उर्फ इलियास शेख के महिमा और बांद्रा इलाके में स्थित ठिकानों को भी खंगाला था। जिसके खाते में एक करोड रुपए छांगुर ने भेजे थे। वहीं लखनऊ के चिनहट इलाके में छांगुर के मददगार एक विभाग के बाबू के आवास को भी खंगाला गया है।

# यूपी में मक्का-आलू को मिलेगा सीधा बाजार, 'निन्जाकार्ट' से हुआ करार

लखनऊ, 19 जुलाई ( निस ) : यूपी सरकार ने मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रमुख एग्री-टेक कंपनी 'निन्जाकार्ट' से समझौता किया है। कंपनी प्रदेश के 5 जिलों में 10 हजार से ज्यादा किसानों से हर साल 25 हजार टन मक्का खरीदेगी।

यह मक्का एथेनॉल बनाने वाली फैक्ट्रियों को भेजा जाएगा, जिससे भारत के हरित ऊर्जा लक्ष्य को भी मदद मिलेगी।

किसानों की आय बढ़ाने और प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार की यह नई पहल है। सरकार ने मक्का और आलू की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी परियोजना की शुरुआत की है, जिसे 'सार्वजनिक-निजी भागीदारी कृषि मूल्य श्रृंखला विकास परियोजना' कहा गया है। इस योजना के तहत सरकार और निजी कंपनियां मिलकर काम करेंगी, जिससे खेती के बाद की प्रक्रिया जैसे भंडारण, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण और बिक्री को आसान और बेहतर बनाया जाएगा। इससे किसानों को फसल का अच्छा दाम मिलेगा और बर्बादी भी कम होगी। आलू की खेती और उसके प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए विदेशी कंपनी एग्रिस्टो मासा से समझौता किया गया है। यह कंपनी किसानों को बेहतर किस्म के आलू उगाने, उसकी प्रोसेसिंग और विदेश भेजने की सुविधा देगी। इससे खासकर आलू उत्पादक जिलों में किसानों को नया बाजार और आमदनी का मौका मिलेगा।

# हाईकोर्ट ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लगाई फटकार, कहा- पर्यावरण क्षतिपूर्ति वसूलने का अधिकार एनजीटी के पास

लखनऊ, 19 जुलाई ( निस ) : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने का कोई अधिकार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि ऐसी क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने की शक्ति सिर्फ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को है। यह निर्णय न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने 177 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया।याचिकाएं अलग-अलग औद्योगिक इकाइयों की ओर से दाखिल की गई थीं। याचिकाओं में पर्यावरण को हानि पहुंचाने के आरोप में उक्त औद्योगिक इकाइयों पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लगाई गई क्षतिपूर्ति के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने अपने विस्तृत फैसले में कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल अधिनियम के तहत सिर्फ ट्रिब्यूनल को ही पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने की शक्ति है। न्यायालय ने यह भी कहा कि जल प्रदूषण के संबंध में राज्य सरकार भी कानून बना सकती है, लेकिन प्रदेश में ऐसा कोई विधान लागू नहीं किया गया है। असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान त्रिपुरा व पश्चिम बंगाल राज्यों में जल प्रदूषण को लेकर कानून बने हुए हैं। न्यायालय ने आगे कहा कि हमें आशा और विश्वास है कि प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कानूनों को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाया जाएगा तथा यदि विधायी या कार्यपालिका स्तर पर कोई त्रुटियां हैं, तो उन्हें दूर किया जाएगा।

# 19 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने आदमपुर तहसील में धरना दिया



हिसार, 19 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) : जल भराव का स्थाई समाधान, बर्बाद हुई फसलों का 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा, नहरों में महीने में 2 सप्ताह पानी, डीएपी यूरिया व अन्य खाद प्राथमिकता के आधार पर सहकारी समितियों के माध्यम से बिक्री करने, खरीफ 2022 का मंजूरशुदा मुआवजा किसानों के खाते में डालने, आदमपुर व सीसवाल कस्बा की पिछले दो साल से टूटी सड़क व गलियों का नवनिर्माण करने सहित 19 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान सभा ने तहसील प्रधान अनिल बैंदा व कृष्ण सांवत की संयुक्त अध्यक्षता में आदमपुर के तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार, जिला उपायुक्त हिसार, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई व विधायक चन्द्रप्रकाश को ज्ञापन दिया। प्रेस के नाम जारी बयान में तहसील सचिव कपूर सिंह बगला ने बताया कि आज के धरना प्रदर्शन में मुख्य वक्ता के रुप में जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार व जिला महासचिव सतबीर सिंह धायल ने कहा कि सरकार हिसार, सिरसा व फतेहाबाद के साथ राजनीतिक भेदभाव करना बंद करे व पूर्व की तरह नहरों में दो सप्ताह पानी देना शुरु करे, आज हालात ये है कि विभाग अपनी मर्जी से पानी नहरों मे छोड़ता है और अपनी मर्जी से पानी बन्द कर देता है जो कि सरासर गलत है। वक्ताओं ने आगे कहा कि किसान बिजली का निजिकरण कभी नहीं होने देंगे, इसलिए सरकार स्मार्ट मीटर योजना रद्द करे, नई कृषि बाजार नीति वापिस करने व किसानों को कर्ज मुक्त करने व फसल बिक्री के लिए एमएसपी गारंटी कानून बनाए और अमेरिका के लिए भारत का कृषि बाजार न खोले, अमेरिका के साथ कृषि व्यापार समझौता वार्ता बंद करे ताकि देश के किसानों को तबाह होने से बचाया जा सके। वक्ताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की स्थानीय मांगों को जल्दी पूरा नहीं किया गया तो 31 जुलाई को किसान सभा तहसील कमेटी पर बड़ा और उग्र आंदोलन चलाने पर मजबूर होगी, जिसकी सारी जिम्मेवारी शासन और प्रशासन की होगी। आज के धरना प्रदर्शन में मुख्य रुप से मांगेराम गोदारा, हनुमान जौहर, पूर्व प्रधान भूप सिंह बिजारणिया, धर्म सिंह बैनीवाल, युवा प्रधान जगदीश पूनिया, सेवा सिंह चाहर, गुलाब सिंह पूनिया, शीशराम कुलरिया, वेदप्रकाश बिश्नोई, राजेन्द्र सहारण, नरेन्द्र वासन, महेन्द्र बैंदा, सुभाष जागु, राजेन्द्र गोदारा, बृजलाल किरोलिया, रमेश बिड़ासर, आत्मा राम गिल, रामचन्द्र गोदारा, प्रदीप बिजारणिया, रामस्वरुप सारंगपुर, राजा, राजबीर पूर्व संरपच, लक्ष्मण सैनी, रतन माज़श्याम, सतपाल शर्मा, राजीव बैनीवाल, मान सिंह सहारण, विजेन्द्र, रामरिछपाल, रामस्वरुप ज्याणी, सन्तोष कुमार, छोटू राम फगेडिया, जयप्रकाश बसवाना, राममूर्ति पूनिया, सूरत सिंह अहलावत व सुनील पूनिया आदि किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी

यमुनानगर, 19 जुलाई ( दिनेश कुमार ) : जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने बताया कि नदी, नहर व तालाबों में नहाते समय डूबने से प्रतिवर्ष कई व्यक्तियों विशेषतौर पर युवाओं व बच्चों की मृत्यु हो जाती है। विशेष तौर पर गर्मी व बरसात के मौसम में नदी, नहर व तालाबों में नहाने वालों की संख्या अधिक बढ़ जाती है जिससे प्रशासन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में आपात स्थिति में कानून एवं व्यवस्था तथा शांति बनाए रखने, कोई भी अप्रिय घटना घटित होने से रोकने के लिए जिला यमुनानगर की सीमा में नदी, नहर व तालाबों में नहाने पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने बताया कि नहरों में गर्मी के मौसम में युवा और अन्य लोग नहाने के लिए जाते हैं, लेकिन अक्सर तेज बहाव और गहराई अधिक होने के कारण डूबने से मौत का खतरा बना रहता है। ऐसे में आमजन की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए यह आदेश जारी किए गए हैं जिनके तहत नदी, नहरों व तालाबों में नहाने व तैराकी करने को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। जिलाधीश ने जिला में नदी, नहर व तालाबों के साथ स्थित शहरी क्षेत्र में आयुक्त, नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों, संबंधित थाना प्रबंधकों, सरपंचों, नम्बरदारों व चौकीदारों को निर्देश दिए है कि वह भी अपने कार्य क्षेत्र गांवों में इस संबंध में जारी किए जाने वाले आदेशों के बारे में आम जनता को सूचित करें और इसकी पालना करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ आयुक्त, नगर निगम, यमुनानगर-जगाधरी, सिंचाई विभाग के अधिकारियों, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों तथा सचिव, नगर पालिकाओं को भी निर्देश दिए है कि वह नदी, नहर व तालाबों के पास इन आदेशों बारे सूचना पट लगवाकर आम जनता को जागरूक करें। इसके अतिरिक्त संबंधित अधिकारी भी विशेष रूप से सतर्क रह कर जारी किए गए आदेशों की पालना करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट 27 जुलाई को आंखों व कान का लगाएगा निःशुल्क मेगा कैंप

हिसार, 19 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) : सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 27 जुलाई को आंखों व कान का निशुल्क मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा। मंगाली के दादी गौरी मंदिर में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलने वाले इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे। इसके साथ ही शुगर व बीपी की जांच भी फ्री होगी। इतना ही नहीं कानों की मशीन एवं नजर के चश्मे भी लोगों को निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। 27 जुलाई के फ्री मेगा कैंप की तैयारियों के लिए लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आयोजन स्थल का दौरा किया।

लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अनिल सिंगला मंगालीवाला, प्रधान अनिल मीरका, उपप्रधान वेदप्रकाश सिंगला, सचिव निर्मल गर्ग व कोषाध्यक्ष पवन जालंधरा ने मंगाली के दादी गौरी मंदिर पहुंचकर विशाल शिविर की तैयारियां शुरू करवाई। अनिल सिंगला मंगालीवाला ने बताया कि विशाल मेगा कैंप में मेयाश अस्पताल के डॉ. यशपाल सिंगला व टीम एवं ईएनटी डॉ. दिशांत छाबड़ा अपनी सेवाएं देंगे। इनके साथ ही श्री रानी दादी मंगालीवाला चैरिटेबल हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका मित्तल आंखों की निशुल्क जांच करके उचित परामर्श देंगी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कैमरी आश्रम के स्वामी राजदास जी महाराज का सान्निध्य रहेगा। लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने गांव मंगाली व अन्य क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि इस मेगा कैंप में अधिक से अधिक भागीदारी करके लाभ उठाएं। अनिल सिंगला मंगालीवाला ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार दिसंबर माह में जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस विवाह समारोह के लिए कोई भी जरूरतमंद परिवार ट्रस्ट के पदाधिकारियों के पास निशुल्क पंजीकरण करवा सकता है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा असमर्थ परिवारों की कन्याओं का विवाह करवाना, निशुल्क नेत्र जांच व चिकित्सा शिविर आयोजित करना, गरीब बच्चों के लिए शिक्षा व्यवस्था करना, दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाना, जरूरतमंद बुजुर्गों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन करवाना, प्राकृतिक आपदा में नागरिकों की सहायता करना एवं जीव-जंतुओं की मदद करना आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है।

# बैंक गांवों में शिविर लगाकर पुराने खातों की करें रि-केवाईसी : नेहा सिंह

कुरुक्षेत्र, 19 जुलाई ( सुदेश कुमार ) : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिले के सभी गांवों में बैंक द्वारा शिविर लगाकर पुराने जनधन योजना के तहत खोले गए खातों की रि-केवाईसी की जा रही है। इस अभियान के तहत 30 सितंबर तक सभी गांवों को कवर किया जाएगा। शिविर में नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन से नागरिकों को जोड़ा जा रहा है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पीएम सुरक्षा बीमा योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक दुर्घटना बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सस्ती दरों पर दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करना है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जाता है। नामांकन की प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक है, जिससे नागरिक आसानी से इसमें शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रीमियम का भुगतान ऑटो डेबिट सुविधा के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे प्रीमियम के भुगतान में सुविधा होती है। बीमाधारक की दुर्घटना में मृत्यु या स्थाई विकलांगता की स्थिति में परिवार की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक जीवन बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य देश के नागरिकों को सस्ती दरों पर जीवन बीमा कवर प्रदान करना है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है। योजना बीमाधारक की अनुपस्थिति में परिवार की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है।

उन्होंने कहा कि अटल पेंशन योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पेंशन लाभ प्रदान करना है। यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और जिनके पास नियमित पेंशन योजना की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि योजना में शामिल होने वाले लाभार्थी अपनी आयु और उनके द्वारा चुनी गई पेंशन राशि के आधार पर मासिक योगदान करते हैं। योजना के तहत लाभार्थी को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पेंशन का लाभ मिलना शुरू होता है। पेंशन की राशि लाभार्थी द्वारा चुनी गई राशि पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि अटल पेंशन योजना में शामिल होने वाले लाभार्थियों को सह-योगदान प्रदान किया जाता है, जो योजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। लाभार्थी अपने परिवार के सदस्यों को योजना में नामांकित कर सकते हैं और नामिति के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं।

# सीएम योगी के 'लातों के भूत वाले' वाले बयान पर बोले अखिलेश यादव, कहा-'कुछ का भूत उतारेगा बूथ'

लखनऊ, 19 जुलाई ( निस ) : उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर हो रहे विवाद के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातीय विद्वेष फैलाने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कुछ लोगों को 'लातों का भूत' बताया था। जिस पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि कुछ लोगों का भूत तो बूथ उतारेगा। सपा अध्यक्ष ने सीएम योगी के लातों के भूत वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और आगामी विधानसभा चुनावों की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'अगली बार कुछ लोगों का भूत 'बूथ' उतारेगा..और कुछ नहीं कहना है।' सपा अध्यक्ष ने इससे पहले एक और पोस्ट के जरिए भी सीएम योगी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 'लोकतंत्र में पक्षपात सरकार का सबसे बड़ा दुर्गुण होता है।'दरअसल ये पूरा विवाद कांवड़ यात्रा को लेकर हो रही बयानबाजी को लेकर शुरू हुआ, जिसे लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जौनपुर में मुहर्रम के दौरान ऊंचे ताजिये की वजह से दुर्घटना हो गई जबकि उनको तय ऊंचाई का ही ताजिया रखने के निर्देश दिए। इस हादसे के बाद लोगों ने विरोध करके रोड जाम कर दिया। पुलिस ने मुझसे पूछा तो मैंने कहा कि लाठी मारो इनको। ये लातों के भूत हैं बातों से नहीं मानेंगे। जब हमने कहा कि आप हाईटेंशन की चपेट में आ सकते हो इससे ऊंचा नहीं करना तो भी कर दिया। सीएम योगी के इस बयान को लेकर विरोधी दलों ने बीजेपी को घेरने को कोशिश की और उनके बयान को पक्षपात पूर्ण बताया और अब सपा अध्यक्ष ने भी बिना किसी का जिक्र किए ये बात कही है।

### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

इंदौर, 19 जुलाई ( निस ) : अन्नपूर्णा कलश यात्रा के साथ श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर नवरतन बाग में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के आयोजन की शुरुआत हुई। जिसमें बग्गी में महामंडलेश्वर योगेश्वरनाथ महाराज, महंत मंगलदास सवार थे। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। यात्रा गीता भवन से शुरू होकर मनोरमागंज, कैलाश पार्क, सेवा सरदार नगर होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक गांव बटेश्वर का होगा विकास, खर्च होंगे 27 करोड़

लखनऊ, 19 जुलाई ( निस ) : पर्यटन विभाग देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक गांव बटेश्वर को प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग ने 27 करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, परियोजनाएं 101 वीं जयंती पर शुरू की जाएंगी। यह जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बटेश्वर में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ कर क्षेत्रीय विकास का निर्णय लिया गया है। यह स्थल न केवल अटल की विरासत से जुड़ा है, बल्कि यहां के प्राचीन शिव मंदिर भी धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार बटेश्वर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बटेश्वर में पर्यटन विकास योजनाओं को अमली जामा पहनाएगा। इसके लिए दो करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। बटेश्वर धाम स्थित गोपालेश्वर मंदिर से सांस्कृतिक संकुल तक घाट विकास कार्य के लिए 19 करोड़ रुपए की परियोजना स्वीकृत की गई है।

इसी प्रकार, बटेश्वर धाम में दो प्रवेश द्वारों के निर्माण (फिरोजाबाद रोड एवं एक्सप्रेस वे रोड पर) कार्य पर पांच करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए रपड़ी क्षेत्र में साइनेज के विकास कार्य के लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। मान्यता है कि यहां भगवान शिव ने एक बरगद पेड़ के नीचे विश्राम किया था, जिस कारण इस जगह का नाम बटेश्वर पड़ा। कहते हैं, यहां यमुना की धारा उल्टी दिशा में बहती है। ये सभी कहानियां सतयुग, द्वापर, त्रेता और कलयुग कालखंड की हैं। नागर शैली में निर्मित बटेश्वर का यह धाम 101 शिव मंदिरों की श्रृंखला के लिए देश-दुनिया में जाना जाता है।

# चुमकी किरदार को मिले प्यार से सारा अली खान प्रसन्न



हाल ही में अभिनेत्री सारा अली खान ने अपनी नई फिल्म मेट्रोज्इन दिनों में निभाए गए किरदार चुमकी को दर्शकों से मिले प्यार के लिए दिल से आभार जताया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि वह बेहद आभारी, धन्य और खुश हैं। उन्होंने दर्शकों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने न सिर्फ फिल्म को पसंद किया बल्कि उनके किरदार चुमकी को भी खुलकर स्वीकार किया और प्यार दिया। सारा ने यह भी कहा कि दर्शकों का यह स्नेह उनके लिए बहुत मायने रखता है और उन्हें आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है। इससे पहले एक इंटरव्यू में सारा ने निर्देशक अनुराग बसु के फिल्म बनाने के अनोखे तरीके के बारे में भी खुलकर बात की थी।

उन्होंने बताया कि अनुराग बसु का स्टाइल चौंकाने वाला और बेहद अनोखा है। वह अपने कलाकारों को पूरी छूट और स्पेस देते हैं, जिससे सेट पर एक जीवंत और सकारात्मक माहौल बन जाता है। सारा के मुताबिक अनुराग बसु का मानना है कि जब कलाकार खुद को पूरी तरह आजाद कर देते हैं तो कुछ जादुई पल अपने आप पैदा हो जाते हैं। सारा ने कहा कि शूटिंग के दौरान पूरी टीम इस माहौल में डूब गई थी और हर कोई अपने अभिनय में पूरी तरह तल्लीन था। इससे शूटिंग का अनुभव बहुत ऊर्जावान और यादगार रहा। मेट्रोज्इन दिनों साल 2007 में आई हिट फिल्म लाइफ इन एज् मेट्रो का सीक्वल मानी जा रही है। पहली फिल्म में इरफान खान, धर्मेंद्र, शिल्पा शेट्टी, कोंकणा सेन शर्मा और के.के. मेनन जैसे कलाकारों ने शानदार भूमिकाएं निभाई थीं। वहीं नई फिल्म में सारा अली खान के साथ आदित्य रॉय कपूर रोमांस करते नजर आएंगे। फिल्म में अली फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और इसके प्रति दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सारा अली खान अपने करियर में लगातार व्यस्त हैं और इसके बाद वह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म 'मर्डर मुबारक' में भी नजर आएंगी।

**कृति और कबीर की ट्विनिंग लुक ने खींचा सबका ध्यान**

अभिनेत्री कृति सेनन एक बार फिर अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। कृति का दिल अब किसी खास के लिए धड़कता नजर आ रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ रिलेशनशिप को इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल कर चुकी हैं। हालांकि अब तक दोनों ने अपने रिश्ते को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया था, लेकिन हाल ही में लंदन से सामने आई एक तस्वीर ने इन चर्चाओं को और हवा दे दी है। कृति की प्रोफेशनल लाइफ और अब पर्सनल लाइफ दोनों ही कारणों से वह लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं और उनके फैंस इस नए रिश्ते की खबरों को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। दरअसल कबीर बहिया इन दिनों लंदन में हैं और उन्होंने लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम से एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की, जिसमें वह कृति सेनन के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच के दौरान लॉर्ड्स में साथ मौजूद थे और भारतीय टीम का हौसला बढ़ाते हुए एक-दूसरे का साथ भी खूब एंजॉय किया। इस फोटो में दोनों बेहद खुश और करीब नजर आ रहे थे। कृति और कबीर की ट्विनिंग लुक ने भी सबका ध्यान खींच लिया। कृति ने बेज रंग की स्लीवलेस जैकेट पहनी हुई थी जबकि कबीर ने सफेद टीशर्ट के ऊपर बेज ज़िपर जैकेट कैरी की थी। दोनों के चेहरे पर खिली मुस्कान इस बात का इशारा कर रही थी कि वे एक-दूसरे की कंपनी में काफी कंफर्टेबल हैं और उनके बीच खास बॉन्डिंग है।

खास बात यह रही कि इस फोटो में कोई कैप्शन नहीं लिखा था, लेकिन इसके बावजूद यह सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। तस्वीर में उनकी नजदीकियां और मैचिंग आउटफिट्स देखकर फैंस कयास लगा रहे हैं कि क्या अब दोनों ने अपने रिश्ते को दुनिया के सामने कबूल कर लिया है। सोशल मीडिया यूजर्स ने फोटो पर तरह-तरह के कमेंट करते हुए कहा है कि यह कपल गोल्स हैं और इनकी कैमिस्ट्री बेहद क्यूट है। कुछ लोगों ने इसे रिलेशनशिप कंफर्मेशन मान लिया है। दूसरी ओर कृति सेनन अपने करियर को लेकर भी खासा बिजी चल रही हैं। उन्होंने हाल ही में आनंद एल राय की फिल्म 'तेरे इश्क में' की शूटिंग पूरी की है जिसमें वह साउथ के सुपरस्टार धनुष के साथ नजर आएंगी।


**विक्रांत के 'डॉन 3' से बाहर होने को लेकर अटकलें जारी**

बालीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी के 'डॉन 3' से बाहर होने को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। यह वही प्रोजेक्ट है जो रणवीर सिंह के 'डॉन' बनने की वजह से पहले से हाईलाइट में है। खबरों के मुताबिक विक्रांत फिल्म के अहम विलेन रोल से अचानक बाहर हो गए हैं। इस रोल में वह एक शातिर स्कैमस्टर का किरदार निभाने वाले थे, जिसका रणवीर सिंह के 'डॉन' से सीधा टकराव होता। इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक विक्रांत को स्क्रिप्ट में अपने किरदार की गहराई कम लगी। उन्हें लगा कि यह रोल उनके एक्टिंग स्टैंडर्ड के हिसाब से 'लेयर्ड' या चुनौतीपूर्ण नहीं है। इसके अलावा रोल के लिए एक बड़ा फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन भी जरूरी था, जिसे लेकर वह असमंजस में थे। इस वजह से उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ने का फैसला किया।

अब विक्रांत की एग्जिट ने मेकर्स के लिए कास्टिंग और जटिल कर दी है। फिलहाल खबर है कि इस दमदार विलेन रोल के लिए विजय देवरकोंडा और आदित्य रॉय कपूर से बात चल रही है। दोनों में वह चार्म और इंटेंसिटी है जो रणवीर सिंह के 'डॉन' के मुकाबले एक करिश्माई विलेन के लिए जरूरी मानी जा रही है।

# दिनचर्या में से कुछ पल अपने लिए भी निकालें-दीपिका पादुकोण

सेल्फ केयर माह के अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने प्रशंसकों से अपील की कि वे अपनी दिनचर्या में से कुछ पल सिर्फ अपने लिए निकालें और खुद का ध्यान रखें। दीपिका पादुकोण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक मिरर सेल्फी साझा की है, जिसमें वह फेस मास्क लगाए नजर आ रही हैं और हल्की मुस्कान के साथ दर्पण के सामने पोज दे रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए एक खास उपहार का इंतजार है। दीपिका पादुकोण अक्सर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पहचानी जाती हैं और उन्होंने कई बार खुलकर मेंटल हेल्थ पर बात की है। इसी बीच उनके करियर से जुड़ी एक बड़ी खबर यह है कि दीपिका ने अल्लू अर्जुन और निर्देशक एटली की आने वाली फिल्म एए22एक्सए6 साइन कर ली है। फिल्म प्रोडक्शन कंपनी सन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, विजय पथ पर अग्रसर रानी। स्वागत है दीपिका पादुकोण। इस घोषणा के साथ मेकर्स ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें निर्देशक एटली और दीपिका पादुकोण एक सोफे पर बैठे बातचीत करते दिख रहे हैं। वीडियो में दीपिका के कुछ मोशन कैप्चर शॉट्स की भी झलक दी गई है, जिसमें वह घोड़े पर सवार योद्धा के अवतार में तलवार चलाती नजर आती हैं। माना जा रहा है कि फिल्म में दीपिका एक शक्तिशाली योद्धा की भूमिका निभाएंगी, जो एक नई और भव्य शैली में भारतीय सिनेमा में पेश की जाएगी। वहीं निजी जीवन में भी दीपिका बेहद खास दौर से गुजर रही हैं। वह और उनके पति रणवीर सिंह सितंबर 2024 में अपनी पहली संतान के माता-पिता बने। दोनों ने अपनी बेटी का नाम दुआ रखा है। दीपिका इन दिनों अपनी बेटी की देखभाल में भी व्यस्त हैं और इस नई जिम्मेदारी को बेहद प्यार और लगन से निभा रही हैं। दीपिका और रणवीर की प्रेम कहानी 2012 में शुरू हुई थी जब दोनों ने संजय लीला भंसाली की फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला के दौरान एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था।



कई साल तक रिश्ते में रहने के बाद दोनों ने 2018 में इटली में शादी की।

**पीछे से तस्वीर लेने से जरीन खान नाराज**-बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फोटोग्राफर्स को अपनी पीछे की तस्वीरें लेने से मना करती नजर आ रही हैं।

वीडियो में जरीन एक फैन की कलाबाजी देखकर उससे हाथ मिलाती हैं और फिर जैसे ही जाने लगती हैं, पैप्स उन्हें आवाज देते हैं। इस पर जरीन पीछे मुड़कर कहती हैं, मुझे देखो, मुझे, ये नहीं (अपने पीछे की ओर इशारा करते हुए)। इस दौरान वह पीली कुर्ती और जीन्स में बेहद सिंपल लुक में नजर आईं।

# हॉट डॉग्स मेरी कमजोरी हैं-प्रियंका चोपड़ा

ग्लोबल आईकॉन प्रियंका चोपड़ा एक फूड चॉइस गेम के वीडियो में भारतीय स्नैक्स के मुकाबले विदेशी स्नैक्स चुनती नजर आईं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कुछ यूजर्स ने प्रियंका को जमकर ट्रोल करना शुरू कर दिया। इसके बाद प्रियंका ने भी ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया। हुआ यूं कि एक इंटरैक्टिव वीडियो में प्रियंका के सामने भारतीय और अमेरिकी स्नैक्स के ऑप्शन रखे गए थे। इनमें से एक सवाल था - वड़ा पाव या हॉट डॉग? इस पर प्रियंका ने कहा, हॉट डॉग्स मेरी कमजोरी हैं। बस फिर क्या था, इस क्लिप को पॉपुलर इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर पुष्पक सिद्धू ने शेयर किया और मजाकिया अंदाज में प्रियंका को ट्रोल किया।



पुष्पक वीडियो में कहते हैं, क्या आपने अभी कहा कि आपको गर्म कुत्ता पसंद है दीदी? इस पर कई सोशल मीडिया यूजर्स ने भी चुटकी ली और प्रियंका को देसी गर्ल के टैग से छेड़ते हुए कहा कि अब वह देसी नहीं रहीं। ट्रोलिंग यहीं नहीं रुकी। वीडियो पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई। किसी ने लिखा, हमारी देसी गर्ल अब परदेसी हो गई हैं। तो किसी ने कहा, वड़ा पाव छोड़कर हॉट डॉग कौन चुनता है। एक यूजर ने तंज कसा, प्रियंका व्हाइट बनने की बहुत कोशिश कर रही हैं। सोशल मीडिया पर ये चर्चाएं इतनी बढ़ गईं कि प्रियंका को खुद सफाई देनी पड़ी। प्रियंका ने पुष्पक के इस वीडियो को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर करते हुए जवाब दिया - वाह ब्रो! मुझे नहीं पता था कि देसी बनने का भी सिलेबस होता है। इतना गंभीर नहीं है ये। इस जवाब में उनका हल्का-फुल्का लेकिन तीखा अंदाज साफ झलक रहा था। उन्होंने यह भी जताया कि खाने की पसंद को लेकर इतनी कठोर ट्रोलिंग बेकार है। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा का ये वीडियो उनके कैजुअल और मजेदार मूड में शूट किया गया था, जहां उनसे बस उनकी पसंद पूछी गई थी।

# धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह खासे उत्साहित

अपकमिंग फिल्म धुरंधर का फर्स्ट लुक जारी हो गया है। इसके बाद अभिनेता अर्जुन रामपाल दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है, जिसे देखकर उन्होंने निर्देशक आदित्य धर को गले लगाकर अपनी खुशी जाहिर की। अर्जुन ने कहा कि यह फिल्म उनकी अब तक की फिल्मों से बिल्कुल अलग है और ऐसा अनुभव उन्होंने पहले कभी नहीं किया। अर्जुन रामपाल ने बताया कि फिल्म को बनाने से पहले निर्देशक और पूरी टीम ने काफी रिसर्च की है। उन्होंने कहा, फिल्म को बेहद अनोखे अंदाज में पेश किया गया है। हर एक सदस्य ने अपने काम में दिल से मेहनत की है। अर्जुन इस फिल्म में एक ग्रे किरदार निभा रहे हैं, जिसमें अच्छे और बुरे दोनों रंग नजर आएंगे। फर्स्ट लुक में अर्जुन रॉ लुक, घनी दाढ़ी और विंटेज मेटैलिक शेड्स में दिखाई दे रहे हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरे किरदार में गुस्सा है, साथ ही सही और गलत का टकराव भी। यह दर्शकों के लिए नया अनुभव होगा। आदित्य धर ने इस कहानी को शानदार अंदाज में पर्दे पर उतारा है और हर किरदार को अलग और दमदार रूप में दिखाया है।फिल्म धुरंधर में अर्जुन रामपाल के साथ रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त और अक्षय खन्ना भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें एक खुफिया मिशन के तहत पाकिस्तान के एक खतरनाक आतंकी को खत्म करने की कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म का निर्देशन आदित्य धर ने किया है, जिन्होंने इसकी कहानी भी लिखी है। इसके निर्माता आदित्य धर, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर हैं। 'धुरंधर' को जियो स्टूडियोज पेश कर रहा है।



**सन ऑफ़ सरदार 2' में नए रूप में नजर आएंगे रवि किशन**

अभिनेता रवि किशन फिल्म 'सन ऑफ़ सरदार 2' में अब एक नए रूप में नजर आएंगे। पहली बार वे पगड़ी बांधकर एक सरदार की भूमिका निभा रहे हैं, जो उत्तर भारत में गहरी सांस्कृतिक और भावनात्मक पहचान रखता है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में रवि किशन ने इस नए किरदार को लेकर अपने उत्साह और व्यक्तिगत जुड़ाव को साझा किया। उन्होंने कहा कि यह रोल उनके लिए बेहद खास है क्योंकि उनकी लोकसभा सीट गोरखपुर सहित पूरे बिहार और यूपी में बड़ी संख्या में सरदार समुदाय रहता है। उन्होंने बताया, गोरखपुर में 20-25 हजार से ज्यादा की आबादी है और दर्जनों गुरुद्वारे हैं। वहां की पूरी कम्युनिटी बहुत खुश है और अब पूरा उत्तर भारत मुझे एक सरदार के रूप में देखेगा। रवि किशन का यह किरदार उनके बहुआयामी करियर में एक नया अध्याय जोड़ता है। भोजपुरी, हिंदी, तेलुगु और दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपनी मजबूत उपस्थिति और अलग-अलग भूमिकाओं में गहराई से उतरने के लिए वे जाने जाते हैं। गंभीर ड्रामा हो या एक्शन या फिर कॉमेडी हर शैली में उन्होंने अपनी पहचान बनाई है। दिलचस्प बात यह भी है कि 'सन ऑफ़ सरदार 2' में उनका यह किरदार शुरुआत में अभिनेता संजय दत्त के लिए लिखा गया था। इस बारे में रवि किशन ने कहा, संजू बाबा को पहले ये रोल करना था, लेकिन वो नहीं हो पाया। जब अजय सर ने मुझे ऑफर किया तो मैं वाकई बहुत टेंशन में आ गया। डर लगा कि ये कैसे होगा। लेकिन अजय सर ने मुझ पर भरोसा जताया और कहा 'रवि, तू कर लेगा'। उसी भरोसे ने मुझे ये रोल करने की ताकत दी। फिल्म को लेकर उन्होंने कहा कि इसमें कॉमेडी का एक अलग अंदाज होगा, जिसमें सिर्फ हंसी नहीं बल्कि एक दिल छू लेने वाली कहानी भी है। उन्होंने कहा, कॉमेडी तो बहुत देखी है, लेकिन इस फिल्म में एक अलग तरह की कॉमेडी है जहां कहानी आपके दिल को छू जाती है। ये फिल्म सिर्फ हंसाएगी नहीं, बल्कि भीतर तक असर करेगी।

**नए अंदाज में नजर आएंगी सान्या मल्होत्रा**

प्रतिभाशाली अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अब बड़े पर्दे पर बिल्कुल नए अंदाज में नजर आएंगी। सान्या मल्होत्रा इस बार मसालेदार एक्शन-कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगी, जिसकी आधिकारिक घोषणा आज कर दी गई। इसके एलान के मौके पर सान्या अपनी कोर टीम के साथ नजर आईं। इस प्रोजेक्ट को उनके करियर में एक अहम कदम माना जा रहा है, जहां वह हाई-कॉन्सेप्ट और कमर्शियल एंटरटेनर सिनेमा की ओर मजबूती से बढ़ रही हैं।

# रजनीकांत का स्वभाव बेहद विनम्र एवं मिलनसार-श्रुति हसन

हाल ही में एक इंटरव्यू में फिल्म 'कुली' के सेट पर बिताए अपने अनुभव को लेकर एक्ट्रेस श्रुति हासन ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि सुपरस्टार रजनीकांत को लेकर उनकी समझ पहले केवल अपने पिता कमल हासन के नजरिए से बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि हालांकि लोग मानते थे कि वह रजनीकांत के करीब रही होंगी, लेकिन असल में वह उन्हें अपने पिता की कहानियों और उनके दृष्टिकोण से ही जानती थीं। फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें रजनीकांत का बिल्कुल अलग रूप देखने को मिला। श्रुति ने बताया कि रजनीकांत न सिर्फ बेहद शार्प और चतुर व्यक्ति हैं, बल्कि उनमें गजब की गर्मजोशी भी है। उन्होंने कहा कि शूटिंग के वक्त उन्होंने रजनीकांत से यह भी कहा कि उनसे बात करना बेहद सुखद और आसान है। श्रुति के मुताबिक रजनीकांत का स्वभाव बेहद विनम्र और मिलनसार है, और वह सेट पर हमेशा पॉजिटिव एनर्जी लेकर आते हैं, जिससे हर कोई सहज और खुश महसूस करता है। उनके साथ काम करने का अनुभव श्रुति के लिए बेहद खास और सीख से भरा रहा। श्रुति ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि रजनीकांत की मौजूदगी ही सेट का माहौल बदल देती थी। उनकी बातें, उनका ह्यूमर और उनका सहज व्यवहार सबको प्रभावित करता था। उन्होंने यह भी माना कि तमिल सिनेमा में रजनीकांत और कमल हासन दो मजबूत स्तंभ हैं और उनके बीच का आपसी सम्मान और प्यार वाकई प्रेरणादायक है। फिल्म 'कुली' का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं और यह 14 अगस्त 2025 को रिलीज होगी। फिल्म में रजनीकांत और श्रुति हासन के अलावा दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार नागार्जुन, उपेंद्र, सौबिन शाहीर और सथ्याराज जैसे सितारे भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। इतना ही नहीं, बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्सुकता है।




**मेरी और सोहा की दोस्ती काफी पुरानी- नेहा धूपिया**

हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया और सोहा अली खान ने एक इंटरव्यू में अपनी दोस्ती और एक-दूसरे से मिले जीवन के अहम सबक साझा किए। एक्ट्रेस नेहा धूपिया ने बताया कि जब वह एक्टर अंगद बेदी से शादी करने जा रही थीं, तब सोहा ने उन्हें एक बेहद खास और काम की सलाह दी थी। नेहा के मुताबिक, सोहा ने उनसे कहा था कि आदमियों की ईगो बहुत नाजुक होती है, इसलिए यह ध्यान रखना चाहिए कि उनसे बात करते वक्त शब्दों का चयन कैसा हो। नेहा ने यह भी खुलासा किया कि उनकी और सोहा की यह दोस्ती काफी पुरानी और गहरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे दोस्त बहुत जरूरी होते हैं जो मुश्किल समय में आपके साथ खड़े रहें और दिल से सलाह दें। नेहा के मुताबिक, सोहा ने जो सलाह दी, वह दरअसल सोहा को उनकी अपनी मां शर्मिला टैगोर से मिली थी। इंटरव्यू में मौजूद सोहा अली खान ने भी इस पर विस्तार से बात की। सोहा ने कहा कि उनकी मां ने उन्हें समझाया था कि एक औरत को आदमियों की ईगो का ध्यान रखना चाहिए और एक आदमी को महिलाओं की भावनाओं का। यह संतुलन रिश्तों को मजबूत और लंबा बनाता है। सोहा ने माना कि आज के समय में यह भी सच है कि महिलाओं में भी ईगो होती है और आदमियों में भी भावनाएं होती हैं, लेकिन उनकी मां की सलाह एक नेक इरादे से दी गई थी।

नेहा ने बातचीत के दौरान यह भी हंसते हुए बताया कि शुरुआत में उन्होंने अंगद संग अपनी शादी की बात सोहा को नहीं बताई थी। दिलचस्प बात यह थी कि अंगद के माता-पिता की दोस्त खुद सोहा की मां थीं और उन्हें शादी का कार्ड मिला। सोहा ने जब शादी के बारे में सुना तो वह भी चौंक गई थीं। उन्होंने यह भी कहा कि शादीशुदा जीवन में चुनौतियां आना तय है, लेकिन ऐसे दोस्तों का होना बहुत जरूरी है जिनपर आप आंख बंद करके भरोसा कर सकें और जो आपको सच्ची और नेक सलाह दें।

**शब्बीर अहलूवालिया को है 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का इंतजार**-लोकप्रिय अभिनेता शब्बीर अहलूवालिया ने अपने चर्चित शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और उसके दूसरे सीजन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। शब्बीर ने पहले सीजन में अनिकेत का किरदार निभाया था और उन्होंने कहा कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की कहानी आधुनिक दौर के हिसाब से ढाली जाएगी। उन्होंने बताया कि वह खुद भी इस नए सीजन का इंतजार कर रहे हैं और दर्शकों में भी इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। एक बातचीत में शब्बीर ने कहा, ''यह एक ऐतिहासिक शो रहा है और जब यह दोबारा आएगा तो इसकी कहानी आज के समय के हिसाब से होगी। मैं वाकई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और मुझे लगता है कि दर्शक भी इसे देखने के लिए काफी उत्साहित होंगे क्योंकि उस वक्त यह शो बेहद लोकप्रिय था। मुझे पूरी उम्मीद है कि यह नया सीजन भी शानदार होगा।''गौरतलब है कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले सीरियलों में गिना जाता है। इसका प्रसारण 2000 में शुरू हुआ था और 2008 में खत्म हुआ। इस शो की कहानी तुलसी नाम की एक आदर्श बहू के इर्द-गिर्द घूमती थी, जो एक पंडित की बेटी होती है और बिजनेस टाइकून गोवर्धन विरानी के पोते मिहिर विरानी से शादी करती है।

दूसरे सीजन में भी पुरानी यादों को ताजा किया जाएगा। एक बार फिर अभिनेत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी तुलसी विरानी के रूप में नजर आएंगी, जबकि अमर उपाध्याय फिर से मिहिर विरानी का किरदार निभाएंगे। इसके अलावा हितेन तेजवानी, गौरी प्रधान, शक्ति आनंद, कमलिका गुहा ठाकुरता, शगुन शर्मा, रोहित सुचांति, अमन गांधी, अंकित भाटिया और तनिष मेहता जैसे कलाकार भी शो में नजर आएंगे।

जब शब्बीर अहलूवालिया से पूछा गया कि क्या उनके पुराने किरदार अनिकेत की वापसी भी होगी, तो उन्होंने साफ किया कि फिलहाल वे सोनी सब के रोमांटिक-कॉमेडी शो 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में व्यस्त हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि आगे चलकर वह शो से जुड़ेंगे या नहीं, लेकिन उनके बयान से साफ है कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के जरिए पुराने दर्शकों को एक बार फिर वही अनुभव नए अंदाज में मिलने वाला है।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने गुरु हरिकृष्ण साहिब जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया



नई दिल्ली, 19 जुलाई (अमृतपाल) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरु हरिकृष्ण साहिब जी का प्रकाश पर्व पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर कमेटी के अधीन विभिन्न गुरुद्वारों में गुरमत समागम आयोजित किए गए, जिनमें रागी सिंहों ने गुरु की इलाही बाणी का कीर्तन कर संगत को आनंदित किया।मुख्य कार्यक्रम गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर स्थित भाई लक्खी शाह वंजारा हॉल में हुआ, जहाँ पंथ के प्रमुख रागी सिंहों ने कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया।इस कार्यक्रम के दौरान दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा भाई गुरमीत सिंह शांत को शिरोमणि कीर्तनिए पुरस्कार से सम्मानित करते हुए ग्यारह लाख की राशि भेंट की इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि गुरु हरिकृष्ण साहिब जी ने अपने समय में फैली भयावह चेचक की बीमारी से मानवता को मुक्ति दिलाई। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने छोटी उम्र में ही कौम को बहुत बड़ी सीख दी। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने शिरोमणि कीर्तनिए पुरस्कार शुरू करने का निर्णय इसलिए लिया क्योंकि आज की बदलती जीवनशैली में कई रागी सिंह गुरु द्वारा बताई शैली से हटकर कीर्तन करने लगे हैं।

# पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नियमों का उल्लंघन करने पर गुरु गोबिंद सिंह सुपर थर्मल पावर प्लांट पर लगाया जुर्माना

रुपनगर 19 जुलाई (निस) पंजाब के थर्मल प्लांट पर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। रूपनगर में स्थित गुरु गोबिंद सिंह सुपर थर्मल पावर प्लांट पर पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कड़ी कार्रवाई की है। बोर्ड ने प्लांट पर पर्यावरण नियमों के उल्लंघन का दोषी पाते हुए 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही %कंसेंट टू ऑपरेट% यानी संचालन की अनुमति भी रद्द कर दी गई है। यह आदेश 7 जुलाई को बोर्ड चेयरमैन की अध्यक्षता में हुई सुनवाई के बाद जारी किया गया। प्रदूषण बोर्ड ने प्लांट प्रबंधन को निर्देश दिया है कि वह 15 दिनों के भीतर जुर्माना राशि जमा करे। जब तक यह आदेश अदालत द्वारा स्थगित नहीं किया जाता, तब तक प्लांट को कोयले की नई आपूर्ति नहीं मिलेगी, जिससे उसकी संचालन प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।किसानों की शिकायत बनी कार्रवाई की वजह-यह मामला थल्ली गांव के किसान जगदीप सिंह की शिकायत के बाद सामने आया। जनवरी 2024 में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया था कि थर्मल प्लांट से उड़ने वाली राख पास के घरों, खेतों और फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। इसके आधार पर मार्च 2025 में बोर्ड की निरीक्षण टीम ने प्लांट का दौरा किया और कई खामियां पाई गईं। जांच में सामने आईं गंभीर लापरवाहियां-प्लांट की राख बांध की दीवारें पक्की नहीं थीं, जिससे राख का पानी सतलुज नदी में बहने की आशंका थी। अपशिष्ट को बिना ट्रीटमेंट सीधे नालों में बहाया जा रहा था। तेल और पानी को अलग करने तथा खतरनाक कचरे के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं थी। केवल 36% राख का ही पुन: उपयोग किया जा रहा था, बाकी का सही प्रबंधन नहीं था। जानकारी के मुताबिक, इस दौरान रिकॉर्ड में भी गड़बड़ियां पाई गईं थी। प्लांट के चीफ इंजीनियर हरीश कुमार शर्मा ने इस संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि वे इस आदेश के खिलाफ ऊपरी अधिकारियों के पास अपील करेंगे। उनका कहना है कि अधिकांश प्रक्रियाएं नियमों के अनुसार पूरी की गईं, लेकिन कुछ शर्तें व्यावहारिक नहीं थीं। इस मामले की अगली सुनवाई अगस्त के दूसरे सप्ताह में होगी। तब तक कोयले की नई आपूर्ति नहीं मिलेगी।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए करें आवेदन अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

अंबाला, 19 जुलाई ( रवि पाहुजा ) : जिला बाल सरंक्षण अधिकारी मनीषा गागट ने एक जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए अब नामांकन/ आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक एवं पात्र नामांकनकर्ता/ आवेदक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम http://awards.gov.in से कर सकते हैं। यह पुरस्कार बहादुरी, खेलकूद, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रों में केवल पिछले 2 वर्षों के मध्य प्राप्त राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों/ असाधारण उपलब्धियों के लिए 05 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को दिए जाते हैं। कोई भी बच्चा जो भारतीय नागरिक हैं वह भारत में रहता हैं और उसकी आयु 05 वर्ष या उससे अधिक एवं 18 वर्ष या उससे कम हैं वह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकता हैं। यह बाल पुरस्कार प्रति वर्ष जनवरी माह में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में माननीय राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है और अवार्ड की घोषणा 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाती हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी http://awards.gov.in पर क्लिक करके भी प्राप्त की जा सकती हैं, या जिला स्तर पर जिला बाल सरंक्षण अधिकारी, अम्बाला के कार्यालय, पुनिया ब्रदर बिल्डिंग, कोर्ट रोड अम्बाला शहर में विजिट करके भी प्राप्त की जा सकती हैं।

# शिमला में आयोजित बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में रितिक जांगड़ा ने जीते गोल्ड और सिल्वर मेडल, बतौड़ गांव में खुशी की लहर



रायपुरानी, 19 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ) : गांव बतौड़ के युवा बॉडी बिल्डर रितिक जांगड़ा पुत्र राजपाल ने शिमला में आयोजित अखिल भारतीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रितिक ने प्रतियोगिता में देशभर से पहुंचे अनुभवी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए सीनियर व जूनियर वर्ग में हिस्सा लिया और गोल्ड व सिल्वर मेडल अपने नाम किए। प्रतियोगिता के बाद रितिक ने बताया कि वह इस लक्ष्य को पाने के लिए बीते कई महीनों से कठोर मेहनत और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण ले रहे थे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कोच गौरव जांगड़ा निवासी रिहोड़ को देते हुए कहा कि कोच के मार्गदर्शन और प्रेरणा ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने रितिक को मंच पर सम्मानित किया। तरुण भंडारी ने कहा कि युवाओं की ऐसी उपलब्धियां हरियाणा को गर्व से भर देती हैं। रितिक ने यह साबित किया है कि लगन और मेहनत से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। रितिक की इस उपलब्धि पर गांव बतौड़ और आसपास के क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल है। इस मौके परपूर्व सरपंच लक्ष्मण बतौड़, हेम सिंह राणा, गोपाल राणा खटौली, पवन राणा बरवाला और एडवोकेट मनीष सहित कई गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उन्होंने गांव और पूरे इलाके का मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है।

# ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर फिर बढ़ी चिंता, लगातार परेशान हो रहे लोग

जालंधर 19 जुलाई (निस) ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए ट्रैक पर हो रहे कामकाज में तकनीकी खराबी का सिलसिला लगातार जारी है। गत रोज तकनीकी समस्या के चलते ड्राइविंग टेस्ट नहीं हो पाए और स्थिति जस की तस बनी रही, इसके चलते ट्रैक पूरा दिन खाली नजर आया। खराबी के चलते दूर-दराज से आए आवेदकों को निराशा हाथ लगी और लोग बिना टेस्ट दिए ही वापस लौटने को मजबूर हुए। ट्रैक पर पहुंचे लोगों में गुस्सा साफ नजर आ रहा था। उन्होंने अधिकारियों से जल्दी से जल्दी समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बार-बार तकनीकी खराबी और सर्वर डाउन होने के कारण उनका समय और मेहनत दोनों बेकार हो रहे हैं। कई आवेदकों ने बताया कि उन्हें दोबारा अप्वाइंटमेंट लेकर आना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक और व्यक्तिगत परेशानियां बढ़ रही हैं। इस बीच आर.टी.ए. अमनपाल सिंह ट्रैक पर पहुंचे और तकनीकी दिक्कतों का जायजा लिया। अधिकारियों ने कहा कि जनता को हो रही परेशानी का पक्का हल करने पर पूरा फोकस किया जा रहा है। वहीं ए.टी.ओ. विशाल गोयल भी मौजूद थे, जो चालान जैसे अन्य काम निपटाते रहे। वहीं लाइसेंस संबंधी फार्म इत्यादि जमा करवाने आए लोगों का काम भी होता नजर आया। गत रोज अधिकारियों द्वारा दरवाजे पर चिपकाए गए नोटिस में तकनीकी खराबी की बात कही गई है, लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है और आज भी समस्या बरकरार रही। आम जनता अब इंतजार के बजाय सख्त कदम उठाने की मांग कर रही है ताकि आने वाले समय में ऐसी परेशानियां दोबारा न हों। यह समस्या खासकर उन आवेदकों के लिए ज्यादा बड़ी चुनौती बन गई है जो कामकाजी हैं और अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर लाइसेंस बनवाने हेतु टैस्ट देने आते हैं। अब देखना होगा कि इस समस्या का पक्का समाधान कब होगा और जनता को राहत कब मिल पाएगी।

# कस्टम विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो यात्रियों से 1 करोड़ का सोना जब्त

अमृतसर 19 जुलाई (निस) श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अमृतसर पर कस्टम विभाग को बड़ी सफलता मिली है। विभाग ने एयरपोर्ट पर कोलकाता से आए दो यात्रियों को काबू कर उनके पास से लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने दोनों यात्रियों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया और आगे की पूछताछ शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, दोनों आरोपी इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट से कोलकाता से अमृतसर पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियां पर शक होने के बाद कस्टम अधिकारियों ने उन्हें रोका और पूछताछ शुरू की। तलाशी के दौरान कुल 968.47 ग्राम सोना बरामद किया गया, जिसे उन्होंने बेहद चालाकी से छुपाकर रखने की कोशिश की थी। अधिकारियों के अनुसार, जब्त सोने की कुल मात्रा 968.47 ग्राम है जिसकी बाजार कीमत करीब 1 करोड़ रुपए आंकी गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रतिबंधित दवाई सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार, मामला दर्ज

जलालाबाद 19 जुलाई (निस) थाना सदर जलालाबाद की पुलिस ने एक व्यक्ति को 90 प्रीगैबलिन कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक थानेदार बलकार सिंह ने बताया कि पुलिस पार्टी गश्त करते हुए गांव घुबाया जा रही थी कि तभी सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया, जिसके हाथ में एक लिफाफा था। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर इस व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 90 प्रीगैबलिन कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान अमनजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र रतन सिंह निवासी भंबा वट्टू उत्तर के रूप में हुई है। पुलिस ने काबू किए गए अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू के खिलाफ थाना सदर में धारा 233 बीएनएस के तहत मुकदमा संख्या 92 दिनांक 13-07-2025 दर्ज किया गया है।

## बाबा बकाला साहिब को लेकर उठी बड़ी मांग, पंजाब सरकार से की अपील

बाबा बकाला साहिब 19 जुलाई (निस) नौवें पातशाह हिंद दी चादर साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की पवित्र नगरी बाबा बकाला साहिब जहां गुरु साहिब जी ने करीब पौने 27 साल कठिन तपस्या की थी और यहीं उनका तप स्थान गुरुद्वारा भोग साहिब सुशोभित है। इस नगर की महानता देश-विदेश में प्रसिद्धी हासिल कर चुकी है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते हैं, जिनकी मनोकामनाएं और इच्छाएं इस स्थान पर पूरी होती हैं। पिछले समय दौरान जब पंजाब में शिरोमणि अकाली दल की सरकार थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने इस कस्बे को बाबा बकाला साहिब को साहिब की उपाधि प्रदान की थी। इस क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक व धार्मिक संगठनों के अलावा, समाजसेवियों और गुरु घर से प्रेम करने वाले श्रद्धालुओं ने पंजाब सरकार से मांग की है कि अब जब मुख्यमंत्री साचा गुरु लाधो रे दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करने आ रहे हैं, तो उस समय इस पवित्र कस्बे की महानता को ध्यान में रखते हुए, इस कस्बे के बाबा बकाला साहिब को श्री की उपाधि प्रदान की जाए और इसी दिन नियमानुसार इसकी घोषणा की जाए।

## घर के बाहर इस हाल में मिला युवक, परिवार का रो-रोकर बुरा हाल

हाजीपुर 19 जुलाई (निस) पुलिस स्टेशन तलवाड़ा के अंतर्गत एक गांव के एक व्यक्ति द्वारा परेशानी की हालत में पेड़ से फंदा लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर की खबर सामने आई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एस.एच.ओ. तलवाड़ा सतपाल सिंह ने बताया कि उन्हें देर रात सूचना मिली कि अजय कुमार पुत्र बख्शीश सिंह निवासी रेरू पत्ती ने अपने घर के बाहर लगे अमरूद के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजनों के अनुसार अजय कुमार पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। इसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर तलवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से अजय कुमार के लटके हुए शव को नीचे उतारा और शव को अपने कब्जे में लेकर बी.बी.एम.बी. तलवाड़ा अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखवा कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कांग्रेस बेअदबी के दोषियों को बचाने वालों के नाम उजागर करे-सुखबीर बादल



चंडीगढ़ 19 जुलाई (निस) शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने वरिष्ठ नेताओं द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद कि पार्टी ने राजनीतिक लाभ के लिए इस मुद्दे पर राजनीति की है, आज कांग्रेस पार्टी से मांग की है कि वह अपने उन सभी नेताओं के नाम का खुलासा करे , जिन्होंने 2015 में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की जघन्य बेअदबी के दोषियों को बचाया था। सरदार सुखबीर सिंह ने यहां एक बयान में कहा कि वरिष्ठ नेता परगट सिंह विधानसभा में पूर्व गृहमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा हाल ही में दिए गए इंटरव्यू में यह स्वीकार किए जाने के बाद यह कांग्रेस पार्टी के यह स्पष्ट करना आवश्यक हो गया है कि उन्होंने सिख समुदाय के जीवित गुरु की बेअदबी के मुद्दे पर राजनीति क्यों की?इस मुद्दे पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सरकार की एकमत राय पर जोर देते हुए सरदार सुखबीर बादल ने कहा ,'' रंधावा ने अपने इंटरव्यू में जोर देकर कहा कि कोई भी बेअदबी के मामलों में तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए तैयार नही है।बेअदबी मामलों की जांच के लिए गठित अलग-अलग विशेष जांच टीमों (एसआईटी) की भूमिका के बारे में बोलते हुए वरिष्ठ अकाली नेता ने कहा,'' रंधावा ने साफ तौर पर कहा है कि उन सिटों का गठन लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए किया गया था।'' यह भी कहा है कि वह अगर गृहमंत्री होते , तो पूर्व आई.जी ऑफ पुलिस कुंवर सिंह का इस्तीफा स्वीकार करने के बजाय उनसे स्पष्टीकरण मांगते।

# पुलिस ने शहर में अतिक्रमण व हटाई नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियां, सड़क को किया फ्री

*- नो पार्किंग में खड़े वाहनो के किए चालान*



हांसी, 19 जुलाई ( मनमोहन शर्मा ) : पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के कुशल नेतृत्व मे कार्य करते हुए ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बस स्टैंड से विश्वकर्मा चौक तक रोड पर अतिक्रमण व नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को हटाकर सड़क को फ्री करवाया है और नो पार्किंग में खड़े वाहनो के चालान किए गए है। ट्रैफिक पुलिस हांसी ने बस स्टैंड हांसी से विश्वकर्मा चौक तक अतिक्रमण व नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पूरा क्षेत्र खाली करवाया। यह अभियान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और सड़क जाम की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से चलाया गया। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि इस रूट पर नो पार्किंग क्षेत्र होने के बावजूद लगातार दोपहिया व चारपहिया वाहन सड़कों के किनारे खड़े किए जा रहे थे, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी होती है। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ वाहनो के चालान भी किए। ट्रैफिक एसएचओ ने कहा कि नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करना यातायात नियमों का उल्लंघन है और आगे भी इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित पार्किंग स्थानों का ही उपयोग करें ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। अभियान को लेकर स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों ने ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इससे सड़क पर जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी।

# पंजाब सरकार का अब तक का बेहद सख्त फैसला, सभी जिलों में बड़े आदेश जारी

चंडीगढ़ 19 जुलाई (निस) पंजाब सरकार ने राज्य की सड़कों पर भीख मांगने वाले बच्चों को तस्करी और शोषण से बचाने के लिए एक सख्त फैसला लिया गया है। इसके तहत राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नरों को पत्र लिखकर आदेश दिए गए हैं कि भीख मांगने वाले बच्चों को रेस्क्यू करने के बाद जाए। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब जैसे राज्य में भी बच्चों से भीख मांगवाने जैसा काम हो तो हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम आगे आएं और इन मासूमों की जिंदगियां बचाएं। इसलिए यह फैसला लिया गया है कि अगर कोई बच्चा किसी बालिग व्यक्ति के साथ भीख मांगता हुआ दिखा जाता है, तो उनके रिश्ते की पुष्टि के लिए डीएनए टेस्ट होगा। यह टेस्ट जिले के डी.सी. और सिविल सर्जन की निगरानी में होगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्चे को कहीं से तस्करी करके तो नहीं लाया गया। अगर टेस्ट सफल रहता है तो बच्चा उसके माता-पिता को सौंप दिया जाएगा। अगर टेस्ट फेल हो जाता है, तो माता-पिता के खिलाफ मानव तस्करी का मामला दर्ज किया जाएगा। जब तक डीएनए नहीं हो जाता तब तक कोई भी बच्चे की कस्टडी नहीं ले सकेगा। इसके तहत छोटी बच्चियों के मामलों को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। डीएनए टेस्ट के बाद बच्चों को बाल गृहों में रखा जाएगा। कैसे होगा टेस्ट?-सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग ने शहरों में सड़कों और बाजारों में भीख मांगने वाले बच्चों की पहचान के लिए विशेष टीमें तैयार की हैं। ये टीमें बच्चों को रेस्क्यू करके उनका उचित इलाज करवाएंगी। इसके बाद उनके घर का पता लगाया जाएगा। अगर ऐसा संभव नहीं हो पाता है, तो बच्चों का फिर डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा। यह टेस्ट जिले के डिप्टी कमिश्नर, जिला प्रोग्राम अधिकारी, सिविल सर्जन की निगरानी में होगा।

# केवल कागजों में हो रहा सीएम सिटी का विकास : जसबीर



लाडवा, 19 जुलाई ( रामगोपाल ) : जसबीर पंजेटा ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ घोषणाओं की सरकार बनकर रह गई है। विकास के नाम पर भाजपा केवल कागजों व झूठा बखान करने में व्यस्त है। लाडवा सीएम सिटी में खाद के लिए प्रदेश का अन्नदाता परेशान हो रहा है, लेकिन सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। हरियाणा पुलिस कमजोर नहीं है लेकिन सरकार ने पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करने की बजाए कार्यक्रमों में नहीं उलझा रखा है। सरकार को चाहिए कि इवेंट्स से बाहर निकलकर प्रदेश की जनता की समस्याओं को जानें व प्रदेश में कानून व्यवस्था बनवाएं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य वार्ड नम्बर 7 से जसबीर पंजेटा ने बिजली के बढ़े रेट और बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले सरसों के तेल के दामों में बढ़ोतरी पर भाजपा सरकार को घेरा। जसबीर पंजेटा ने आरोप लगाया कि पहले भाजपा ने गरीबों को बहका कर उनके वोट हथियाने का काम किया, अब बिजली के रेट बढ़ाकर बड़ा झटका दिया है। जसबीर अपने निजी ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे. हरियाणा सरकार द्वारा जो लाडवा में बाईपास बनाने का दावा किया गया था वह अभी तक भी ठंडे बस्ते में पड़ा है, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शपथ लेते ही सबसे पहले बाईपास निकलवाने व पिहोवा से सहारनपुर तक फोरलेन बनवाने का वादा किया था। परंतु 9 महीने बीत जाने के बाद भी आज तक उसपर कोई कार्य नहीं हुआ। लाडवा में मुख्यमंत्री ने बाईपास का मुद्दा लेकर वोट मांगे थे व साथ ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी लाडवा में फोरलेन के बारे में कहा था। जसबीर पंजेटा ने जिला परिषद की चेयरमैन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो अपने जिला परिषद वार्ड 7 के गांवों के विकास कार्यों के लिए कंवलजीत कौर को कई बार प्रस्ताव दे चुका हूँ लेकिन मुख्यमंत्री का हल्का होने के बावजूद भी कोई काम नहीं हो रहा है।

# सेवा केंद्र में बड़ा बलदाव, लोगों को मिलेगा खूब लाभ

जालंधर 19 जुलाई (निस) पंजाब सरकार के निर्देशों पर सेवा केंद्रों के समय में बदलाव हुआ है। पंजाब सरकार के निर्देश पर मॉडल टाउन का सेवा केंद्र अब 14 जुलाई से सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लगातार 12 घंटे खुला रहेगा। यह सेवा केंद्र सोमवार से शनिवार तक खुला रहेगा। डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसका लाभ जहां आम जनता को मिलेगा, वहीं नौकरी करने वाले या अन्य काम करने वाले लोग भी इसका लाभ उठा सकेंगे। ऐसे लोग शाम 5 बजे तक अपने काम से फ्री होते थे, तो सेवा केंद्र बंद रहता था। अब वे रात 8 बजे तक इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जिन लोगों को अपने काम या किसी अन्य कारण से दिन में सेवा केंद्र आने में दिक्कत होती थी, वे अब सुबह और शाम को अपना काम करवा सकेंगे। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे अतिरिक्त समय का पूरा लाभ उठाएं और किसी भी जानकारी के लिए सीधे सेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार सेवा केंद्रों के माध्यम से आधार कार्ड, जन्म एवं मृत्यु सर्टिफिकेट, जाति, आय, निवास सर्टिफिकेट, विवाह सर्टिफिकेट, पेंशन आदि सहित 400 से अधिक सुविधाएं सुचारू और पारदर्शी ढंग प्रदान कर रही है।

# गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल में श्री गुरु हरकृष्ण साहिब जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया

## बच्चों ने अपनी मधुर वाणी से किया गुरु की महिमा का गुणगान, गुरु के सुझाए मार्ग पर चलने की दी प्रेरणा







**करनाल, 19 जुलाई ( सोनी दुआ ):** गुरू हरकृष्ण पब्लिक स्कूल करनाल में 8वीं पातशाही श्री गुरु हरकृष्ण साहिब जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। बच्चों ने सबसे पहले जपजी साहिब जी के पाठ से पर्व का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी मधुर वाणी द्वारा सुरों की छटा बिखेरते हुए वातावरण को गुरूमय कर दिया। विद्यार्थियों ने गुरू महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरू जी का जन्म सन 1656 ईस्वी में किरतपुर में हुआ। गुरू जी के पिता का नाम श्री गुरू हरराय जी और माता का नाम कृष्ण था। मात्र 5 साल की आयु में गुरू जी ने सिक्खों के आठवें गुरु के रूप में पद ग्रहण किया। विद्यालय के निदेशक स. जसबीर सिंह गुलाटी और उप निदेशक सुप्रीत कौर ने बच्चों व स्कूल के स्टाफ को बधाई देते हुए गुरु के सुझाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस शुभ अवसर पर कक्षा 12वीं व 10वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बोर्ड की परीक्षा में 95 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5100 के चेक दिए गए तथा कक्षा में प्रथम आए विद्यार्थियों को स्मार्ट वॉच दी गई। इसके अतिरिक्त कक्षा में 90 प्रतिशत से ऊपर अंक वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों तथा स्टाफ को कड़ा प्रसाद और लड्डूओं का प्रसाद बांटा गया।

# रायपुररानी में आज 5 घंटे की बिजली कटौती, उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

**रायपुर रानी, 19 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुर रानी कस्बे के निवासियों को आज पांच घंटे की बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम रायपुर रानी द्वारा जारी सूचना के अनुसार आवश्यक मुरम्मत कार्यों के चलते 20 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए बिजली निगम के उपमंडल अधिकारी ने बताया कि निर्धारित अवधि में कस्बे के सभी क्षेत्रों में बिजली पूरी तरह से बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि मुरम्मत कार्यों को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए यह कटौती आवश्यक है। उन्होंने उपभोक्ताओं से संयम बरतने और विभाग का सहयोग करने की अपील की है, ताकि कार्य समय पर और सुरक्षित ढंग से पूरा किया जा सके। विभाग ने यह भी कहा है कि कोशिश की जाएगी कि निर्धारित समय से पहले ही आपूर्ति बहाल कर दी जाए।

# शहर में एक करोड़ लागत के विकास कार्यों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ:विनोद भयाणा



**हांसी, 19 जुलाई ( मनमोहन शर्मा ) :** विधायक विनोद भयाणा ने शनिवार को शहर में लगभग एक करोड रुपए लागत की छह गलियों के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। भयाना ने इस दौरान कहा कि हल्का में अधिकाधिक विकास कार्य करवा कर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना मेरी पहली प्राथमिकता है। शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र विकास कार्यों की कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। विकास की गति को और तेज करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की जिन विकास परियोजनाओं के टेंडर हो गए हैं उनका निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य पाइप लाइन में है, उनके टेंडर अलॉट करने के कार्य में भी तेजी लाई जाए।

**मुल्तान कॉलोनी में जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने का कार्य लगभग पूर्ण**

विधायक ने मुल्तान कॉलोनी की 9 गलियां में बिछाई जा रही जल आपूर्ति पाइपलाइन के संबंध में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि आठ गलियों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है बाकी एक गली में भी दो-तीन दिन के अंदर यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इन सभी गलियों में प्लास्टिक की जगह लोहे की पाइपलाइन बिछाई गई है ताकि पाइपलाइन टूटे नहीं और उनकी सेवाएं लंबे समय तक लोगों को मिलती रहे।

**इन वार्डो में गालियों का निर्माण कार्य शुरू –** विधायक ने शनिवार को वार्ड नंबर 21 में चार तथा वार्ड नंबर 11 तथा 14 में एक-एक गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी 6 गलियों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करवाया जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने यह भी कहा कि शहर में कई और गलियों का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवाया जाएगा। इस अवसर पर जे. ई.मोहित, जे. ई. आदर्श, जन स्वास्थ्य विभाग के जे. ई. विक्रम, जे. ई. योगेश धमीजा, राजकुमार सुपरवाइजर, नगर पार्षद रमेश मदान,नगर पार्षद धर्मवीर मजोका, नगर पार्षद दीपक मुंजाल, नगर पार्षद सुनील सैनी, भाजपा अटल मंडल प्रधान श्याम खांडा, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि विनोद सैनी, पार्षद प्रतिनिधि ईश्वर सिंगला, पूर्व नगर पार्षद तिलक, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश मुंढ़ालिया, पंडित नरेंद्र शर्मा, रतिराम सैनी, सुरेंद्र बंगा व टोनी बहल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# श्रीराम मंदिर में भोले बाबा का करवाया पंचामृत स्नान

**करनाल, 19 जुलाई ( रविन्द्र मलिक ) :** शहर के सेक्टर-आठ स्थित श्री राम मंदिर में शनिवार सुबह बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने भोलेनाथ को पंचामृत स्नान दूध, दही, घी, शहद व शक्कर से करवाया। हर हर



महादेव के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। बता दें कि सावन माह मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। मुख्य यजमान के रूप में विजय कौशल, मंजू, संगीत कौशल, निधि, डा. गगन व डा. आरती ने शिरकत की। भोलेनाथ का श्रृंगार फूलों से किया गया। पंडित अनिल द्विवेदी व पंडित हरीश आचार्य ने विविध रूप से भोलेनाथ की पूजा अर्चना करवाई। इस मौके पर मुरारी बत्रा ने कहा किसी को कुछ नहीं आता सब का वक्त आता है देखो जिसका वक्त आता है फिर उसे सब कुछ आता है। सावन की शिवरात्रि के दिन 23 जुलाई को मंदिर में शाम छह से रात्रि आठ बजे तक एक शाम भोले बाबा के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर वीना सेठ ने भोले बाबा पकड़ो मेरा हाथ रे मैं भी हूं तेरे चरणों की दास भजन गाया। रेनू तनेजा ने बम बोल बम बोल बम बोलो तो सही एक बार मेरी और देखो तो सही भजन गाया। सुशील मदान ने भोले तेरा है ऊंचा धाम सबसे बड़ा है तेरा नाम ऐ कैलाश के वासी करते हैं तुझे प्रणाम भजन गाया। इस अवसर पर प्रधान रविंद्र तनेजा, वेद दुआ, अशोक मदान, सरोज दुआ, कीर्ति कुमार, चंद्रकांता, महेंद्र, आशा, राजेश, सिम्मी, प्रमोद, चंद्र बत्रा, श्यामलाल, सिमरन व अनिल छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी के लिए गांव कैमरी में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित

**हिसार, 19 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा देशभर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के खाताधारकों की री केवाईसी प्रक्रिया को सुदृढ़ करने हेतु तीन माह का शत-प्रतिशत नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक पात्र नागरिक तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित हो। इसी लक्ष्य के अंतर्गत ग्राम पंचायत



कैमरी में शिविर का आयोजन किया गया, जो कि जिला अग्रणी बैंक अधिकारी (एलडीएम) विनोद कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि 26 ग्राम पंचायतों में विभिन्न बैंकों द्वारा अभी तक विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है। कैमरी में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख नरेश कुमार गर्ग, विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ से आलोक कुमार रंजन, ग्राम पंचायत सरपंच ओम प्रकाश और पीएनबी कैमरी शाखा प्रबंधक संदीप उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों ने भाग लिया और योजनाओं में रुचि दिखाई। एलडीएम विनोद कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। सभी पात्र ग्रामीणों से इन योजनाओं में पंजीकरण करवाने का आग्रह किया गया ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंक से संबंधित कोई भी जानकारी साझा न करें। मंडल प्रमुख नरेश कुमार गर्ग द्वारा पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ग्रामीण के लिए उपलब्ध बैंकिंग सेवाओं व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। यह शिविर वित्तीय साक्षरता बढ़ाने एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक महत्वपूर्ण कदम था, जो कि केंद्र सरकार के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत पर आधारित है।

# हरियाणवी साहित्यिक पुरस्कार सम्मेलन 31 अगस्त को



**लाडवा, 19 जुलाई ( रामगोपाल ) :** देशभक्त साहित्य संस्था लाडवा के संस्थापक एवं समाजसेवी श्यामलाल चूड़ामणि ने कहा कि आगामी 31 अगस्त को संस्था हरियाणवी साहित्यिक लेखकों को उनकी योग्यता के अनुसार एक समारोह में नगद पुरस्कारों से सम्मानित करने का काम करेगी। संस्था के संस्थापक श्यामलाल चूड़ामणि अपने नई कॉलोनी स्थित निवास कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गत दिवस संस्था की एक बैठक हुई थी। जिसमें देशभक्ति की हरियाणवी पुस्तकों के पुरस्कारों को देने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने बताया कि पुस्तक चाहे गद्य में हो या पद्य में हो। उन्होंने कहा कि कोई भी लेखक जो इस सम्मेलन में भाग लेना चाहता है वह अपनी गद्य या पद्य में हरियाणवी में लिखी देशभक्ति पर पुस्तक को संस्था के लाडवा स्थित मुख्यालय पर भेजने का कष्ट करें। उन्होंने बताया कि गद्य में लिखी पांच पुस्तकों को चुन्नीलाल चूड़ामणि देशभक्ति गद्य पुरस्कार तथा पद्य में लिखी पांच पुस्तकों को राम रखी चूड़ामणि देशभक्ति पद्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरस्कार 5100 रुपए द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपए तृतीय पुरस्कार 2100 रुपए तथा 1100 - 1100 रुपए के दो अन्य सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। लेखक अपनी पुस्तक 15 अगस्त तक भेजने के लिए 81689 57 858 नंबर पर संपर्क कर सकता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि इस सम्मान सम्मेलन करने का क्या उद्देश्य है तो उन्होंने बताया कि हरियाणवी भाषा में लोगों में देशभक्ति को जागना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। जब तक प्रदेश वीडियो में हरियाणवी साहित्य के माध्यम से लोगों में राष्ट्र के प्रति प्रेम नहीं होगा तो देश कैसे तरक्की करेगा। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष राखी चूड़ामणि भी उपस्थित रही।

# सातरोड के समीप रेलवे लाइन संख्या एलसी 88 पर बन रहे ओवरब्रिज का कार्य अंतिम चरण में

## – 21 जुलाई को स्थाई रूप से बंद हो जाएगा एलसी 88 का रास्ता

**हिसार, 19 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** दक्षिणी बायपास मार्ग पर सातरोड के समीप रेलवे लाइन संख्या एलसी 88 (किमी 135/4-5) के रास्ते को 21 जुलाई से स्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे लाइन पर बन रहे ओवरब्रिज का कार्य अंतिम चरण में है। लोकनिर्माण विभाग को रेलवे सीमा में गार्डरों को रखने के कार्यों के लिए रेलवे विभाग से यातायात कार्य संबंधी आदेश प्राप्त हो गया है। इसके लिए रेलवे विभाग द्वारा एक पावर ब्लॉक भी प्रदान किया गया है। आरओबी के पूरा होने पर मौजूदा एलसी 88 का रास्ता अनावश्यक हो जाएगा। इसलिए गार्डरों को रखने के कार्यों के लिए 21 जुलाई से इसे स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है।

# कष्ट निवारण समिति के सदस्य कर्मसिंह जाम्बा का सीतामाई गांव में हुआ सम्मान

**तरावड़ी, 19 जुलाई ( छाया शर्मा ) :** बाबा हरिदास श्रीकृष्ण गोपाल गऊशाला के चेयरमैन व कष्ट निवारण समिति सदस्य चौधरी कर्मसिंह




जाम्बा का सीतामाई में बाबूराम स्वामी के निवास स्थान पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बाबूराम स्वामी ने कहा कि चौधरी कर्म सिंह जाम्बा की कार्यशैली का बच्चा बच्चा कायल है। ये बहुत ही मिलनसार एवं मधुरभाषी है। गरीब लोगों के मसीहा है। दिनरात लोगों की सेवा में लगे रहते है। चाहे सामाजिक क्षेत्र हो,धार्मिक क्षेत्र हो या राजनीतिक क्षेत्र सब में अपनी मजबूत भूमिका रखते है। प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सम्मान पाने के बाद चौधरी कर्म सिंह जाम्बा ने कहा कि सीतामाई बाबू राम स्वामी ने अपने निवास स्थान पर जो सम्मान दिया है वह आप सब का सम्मान है। जो मान सम्मान आप ने दिया है इसका कर्ज मैं आपकी लगातार सेवा करके उतरूंगा। सीतामाईवासियों में बाबू राम स्वामी सहित सभी साथियों का लगातार प्यार मिल रहा है। इसी प्यार व आशीर्वाद की बदौलत सभी क्षेत्र में सम्मान मिल रहा है। इस अवसर पर सुरेन्द्र मान, यशपाल शास्त्री, राजबीर, राकेश कश्यप, रविंदर भारद्वाज, जयमल बैरागी, राजबीर जैन, प्रेम नाई, कर्मबीर कौशिक, राम कुमार पाल व रोशन बैरागी मौजूद रहे।

# आत्मा को शुद्ध करने वाली अमृत वर्षा है श्रीमद्भागवत कथा : आचार्य कृष्ण महाराज

*श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, भक्ति में सराबोर हुए श्रद्धालु*



**तरावड़ी, 19 जुलाई ( छाया शर्मा ) :** नगर की अग्रवाल धर्मशाला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के पांचवे दिन भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उमड़े। कथावाचक आचार्य कृष्ण जी महाराज (वृंदावन) ने भावपूर्ण शैली में श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए उपस्थित जनसमूह को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथाव्यास आचार्य कृष्ण जी महाराज ने कहा कि जब मनुष्य प्रभु की शरण में जाता है, तभी उसका जीवन सार्थक होता है। उन्होंने उदाहरणों और प्रसंगों के माध्यम से भक्त प्रहलाद, ध्रुव, गजेन्द्र मोक्ष आदि कथाओं का सुंदर वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी अनिल गर्ग विशेष रूप से उपस्थित हुए और उन्होंने कथावाचक आचार्य श्री कृष्ण जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर उद्योगपत्ति अनिल गर्ग ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा आत्मा को शुद्ध करने वाली अमृत वर्षा है। आचार्य श्री के श्रीमुख से यह दिव्य ज्ञान सुनना सौभाग्य की बात है। इस आयोजन से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ेगी और नई पीढ़ी को अपने सनातन मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं व्यवस्था समिति द्वारा सुचारु प्रबंध किए गए थे। इस मौके पर जयप्रकाश भारद्वाज, कमलेश गुप्ता, रणजीत भारद्वाज, सुरिंदर छाबड़ा, बलदेव गिरधर, रमेश गुप्ता, भुषण मित्तल, अर्जुन भारद्वाज, राममूर्ति देवी, नीलम रानी, कुसुम गोयल, पूर्णा रानी, ज्योति, भावना, उषा रानी, आशा गिरधर, मुन्नी बाला, शीला, बाला मगंला समेत कई श्रद्धालू मौजूद रहे।

CHARDIKLA TIME TV
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO. 1945
DD Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h Digital DTH Service CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dishtv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
in USA sling TELEVISION
dish CH. NO. 748-008
amazon fireTV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba Ent
SMART STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI FREE TV
EKOM FLIX
CHARDIKLA MEDIA NETWORK
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com